चैत्र कृष्ण पक्ष अमावस्या
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 8 अप्रैल 2024
वर्ष-2, अंक-227, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

हमले में छह सुरक्षाकर्मी समेत 12 आतंकवादी ढेर 16

कंगना ने फिल्म इमरजेंसी बनाने की वजह बतायी 2

एक नजर

जम्मू-कश्मीर में तीन आतंकियों की संपत्ति कुर्क

श्रीनगर। जम्मू- कश्मीर पुलिस ने बारामुला जिले में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में घुसपैठ करने वाले तीन आतंकियों की संपत्तियां कुर्क की। आतंकियों की पहचान सुल्तानदाकी निवासी मोहम्मद लतीफ, मदियान के सदर दीन और सिंगटुंग गौहालन के अजीज दीन के रूप में हुई है, जो पुलिस द्वारा घुसपैठ के आरोप में भगोड़ा घोषित हुए हैं। पुलिस ने रविवार को कहा, उप न्यायाधीश उरी से आदेश के बाद क्रमशः 18 कनाल और 6 मरला, 9 मरला और 12 कनाल संपत्ति कुर्क की गई है।

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में भूकंप के झटके

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार को भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) ने कहा कि सुबह करीब 2.47 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.5 आंकी गई। इससे पहले शनिवार को भी जिले में 3.8 तीव्रता का भूकंप आया था।

चुनाव और त्योहारों के मद्देनजर ड्राई डे घोषित

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने अप्रैल से जून के दौरान लोकसभा चुनाव और त्योहारों के मद्देनजर शुष्क दिवस (ड्राई डे) घोषित कर दिए हैं। आबकारी विभाग द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया है कि दिल्ली में शराब की दुकानें ईद-उल-फितर (11 अप्रैल), राम नवमी (17 अप्रैल), महावीर जयंती (21 अप्रैल), बुद्ध पूर्णिमा (23 मई) और ईद-उल-जुला (17 जून) को बंद रहेंगी। उत्तर प्रदेश के बागपत, गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर में लोकसभा चुनाव के कारण 24 अप्रैल शाम 6 बजे से 26 अप्रैल शाम 6 बजे तक शुष्क दिवस रहेगा।

पिता-भाई ने युवती की हत्या कर जलाया शव

एटा, अमृत विचार : नयागांव थाना क्षेत्र में ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। पिता और भाई ने 20 वर्षीय युवती की गोली मारकर हत्या कर दी, जिसके बाद शव को जला दिया। पुलिस ने चिता से अधजले शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आरोपी पिता और भाई को तलाश रही है। जानकारी के मुताबिक गांव का महेन्द्र सिंह अपनी बेटी सपना (20) के चाल चलन से खुश नहीं था। शनिवार को बेटी से झगड़ा होने पर महेंद्र ने बेटे रिन्कू के साथ बेटी को गोली मार दी और शव को खेत में ले जाकर जला रहे थे। एसएसपी राजेश कुमार सिंह, एएसपीधनंजय सिंह कुशवाह, डीएपसी सुधांशू शेखर ने मौके पर पहुंचकर जांच की। एएसपी ने बताया कि बेटी के चरित्र पर शक के चलते हत्या की गई।

बंगाल में हमले के बाद एनआईए टीम पर ही हो गई एफआईआर

गिरफ्तार टीएमसी नेता की पत्नी ने लगाया मारपीट-बदतमीजी का आरोप

कोलकाता, एजेंसी

- भूपतिनगर में हुए हमले में एनआईए का एक अधिकारी हुआ था घायल

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के गिरफ्तार नेता मनोब्रत जना की पत्नी मोनी जना ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के अधिकारियों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि अधिकारियों ने जांच के बहाने भूपतिनगर स्थित उनके आवास में जबरन घुसकर उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाने की कोशिश की। एनआईए ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के पुरबा मेदिनीपुर जिले में 2022 में हुए विस्फोट के मामले में दो प्रमुख साजिशकर्ता मनोब्रत जना और बलाई चरण मेइती को गिरफ्तार किया था। विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई थी।

टीएमसी नेता की पत्नी ने भूपतिनगर पुलिस थाने में दायर कराई अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि एनआईए के अधिकारियों ने शनिवार सुबह छापेमारी के दौरान उनके आवास पर तोड़फोड़ भी की। पुलिस के अनुसार महिला की शिकायत पर प्राथमिकी में आईपीसी की धारा 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला करना) जोड़ी गई है। मेदिनीपुर जिले में 2022 में हुए एक विस्फोट के मामले में दो प्रमुख साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार करने गई एनआईए की एक टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया था, जिसके बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी ने एजेंसी के अधिकारियों पर ग्रामीणों पर हमला करने का आरोप लगाया। हमले में एनआईए का एक अधिकारी घायल हो गया और एक वाहन भी क्षतिग्रस्त हुआ था।

एनआईए ने कहा- हमला बिना उकसावे के हुआ

नई दिल्ली। एनआईए ने विस्फोट मामले में गिरफ्तारी करते समय दुर्भावनापूर्ण इरादा होने संबंधी आरोप का रविवार को खंडन किया। एनआईए के प्रवक्ता ने पूरे विवाद को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और स्पष्ट किया कि उनकी टीम पर हमला बिना किसी उकसावे के किया गया था। ये एनआईए को रोकने का प्रयास था।

जांच एजेंसियां भाजपा में शामिल होने को कह रहीं : ममता

पुरुलिया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को आरोप लगाया कि केंद्रीय जांच एजेंसियां तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेताओं से या तो भाजपा में शामिल होने या कार्रवाई का सामना करने के लिए कह रही हैं। पुरुलिया जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने आरोप लगाया कि ईडी, सीबीआई, एनआईए और आयकर विभाग जैसी एजेंसियां भाजपा के हथियार के रूप में काम कर रही हैं। टीएमसी नेताओं को परेशान करने के लिए एजेंसियां बिना किसी पूर्व सूचना के छापेमारी कर रही हैं।

एनआईए-भाजपा के बीच अपवित्र गठजोड़ : टीएमसी

पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने रविवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच अपवित्र गठजोड़ है। पार्टी ने यह भी कहा कि निर्वाचन आयोग ने इस मुद्दे पर स्पष्ट रूप से चुप्पी साध ली है। टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि एनआईए और भाजपा के बीच बनता गठजोड़ महसूस हो रहा है। तृणमूल नेताओं और आदर्श आचार संहिता के खिलाफ साजिशें रची जा रही हैं। बनर्जी ने कहा कि कहा कि यह मिलीभगत जारी है। निर्वाचन आयोग चुप्पी साधकर निष्पक्षता सुनिश्चित करने के अपने दायित्वों की अनदेखी कर रहा है।

गुंडों का बंगाल में काफी इलाकों पर नियंत्रण : राज्यपाल

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा कि कानून-व्यवस्था पूरे राज्य में खराब नहीं है और राज्य के कुछ हिस्सों में हिंसा के लिए वर्तमान तृणमूल कांग्रेस सरकार को पूरी तरह से जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि इसका कारण अतीत की विरासत हो सकता है। बोस ने कहा कि उनकी और बनर्जी की धारणाएं अलग-अलग हो सकती हैं, लेकिन वे एक उचित शिष्टाचार बनाए रखते हैं। उन्होंने कहा कि संदेशखालि में महिलाओं का सम्मान खंडित किया गया था, यह चिंताजनक स्थिति थी।

बंगाल में भ्रष्टाचार और खुली हिंसा की छूट चाहती है टीएमसी

जलपाईगुड़ी (बंगाल), एजेंसी

- चुनावी रैली में बोले मोदी संविधान की अवहेलना कर रही तृणमूल कांग्रेस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल में भ्रष्टाचार और हिंसा की खुली छूट चाहती है, यही वजह है कि मामलों की जांच कर रही केंद्रीय एजेंसियों को राज्य में हमलों का सामना करना पड़ता है। मोदी की टिप्पणी एक दिन पहले एनआईए की टीम पर शनिवार को भीड़ द्वारा कथित तौर पर हमले के बाद आई है। मोदी ने यहां चुनावी रैली में कहा कि तृणमूल कांग्रेस सरकार बंगाल में लूटपाट और आतंक के लिए खुली छूट चाहती है। वसूली करने वाले और भ्रष्ट नेताओं को बचाने के लिए टीएमसी केंद्रीय जांच एजेंसियों पर हमले करवाती है, जब वे यहां काम करते हैं।

उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस कानून और संविधान की अवहेलना कर रही है। तृणमूल कांग्रेस का सिंडिकेट राज होने का आरोप लगाते हुए मोदी ने कहा कि राज्य में स्थिति ऐसी है कि अदालत को विभिन्न मामलों में हस्तक्षेप करना पड़ रहा है। मोदी ने लोगों को आश्वासन दिया कि इस जघन्य अपराध के दोषियों को अपना शेष जीवन जेल में बिताना होगा। संदेशखालि में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ यौन शोषण के आरोप सामने आए हैं। संदेशखालि में जो हुआ, उसे देश ने देखा है। प्रधानमंत्री ने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर गरीबों के लिए केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में बाधा डालने का आरोप लगाया। पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर में मनोब्रत जना और बलाई चरण मैती को गिरफ्तार करने गई एनआईए पर भीड़ ने हमला किया था। भूपतिनगर में दिसंबर 2022 में हुए विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई थी। शहर की सत्र अदालत ने दोनों आरोपियों को जमानत देने से इनकार करते हुए उन्हें 10 अप्रैल तक एनआईए की हिरासत में भेज दिया।

बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस में बम की सूचना से हड़कंप

बाराबंकी। बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर रविवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब गाड़ी संख्या 11124 बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस में बम होने की सूचना मिली। स्टेशन अधीक्षक पीयूष कुमार वर्मा ने बताया कि यात्रियों के शोर मचाने पर स्टेशन पर ट्रेन रोकी गई। कई थानों की पुलिस, फायर ब्रिगेड, सेना का बम डिस्पोजल दस्ता, जीआरपी, आरपीएफ और डॉग स्क्वायड की टीम ने ट्रेन की सभी बोगियों की तलाशी ली। टीम को कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

कानपुर देहात में आग से दो बच्चियां जिंदा जलीं, मां-बेटा गंभीर

संवाददाता, मंगलपुर (कानपुर देहात)

- भूठादेव गांव में हादसा, आग से बच्चों को निकालने में झुलसी मां

अमृत विचार : मंगलपुर क्षेत्र के भूठादेव गांव में रविवार दोपहर एक घर में आग लग गई, जिससे कमरे में सो रही महिला और उसके तीन बच्चे झुलस गए। ग्रामीण सभी को निकालकर झींझक सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने दो बच्चियों को मृत घोषित कर दिया। वहीं मां-बेटे को कानपुर के हैलट रेफर किया गया है।

सिकहला ग्राम पंचायत के मजरे भूठादेव गांव के सोनू नायक के रविवार सुबह काम पर जाने के बाद उसकी पत्नी रीना, पुत्र गौरव, पुत्री गौरी (5) और अदिती (3) दोपहर में खाना खाने के बाद सो रहे थे। इसी दौरान घर में आग लग गई, जिससे महिला और तीनों बच्चे फंस गए। रीना ने बेटे गौरव को आग से निकाला और शोर मचाया। बेटियों को निकालने के लिए रीना घर में घुसी। ग्रामीण चारों को झींझक सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने गौरी को मृत घोषित कर दिया। अदिती की मौत जिला अस्पताल में हो गई।

बिजली विभाग पर 40 लाख हर्जाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कानपुर देहात में महिला की करंट से मौत पर मुकरा था विभाग

अमृत विचार : कानपुर देहात में करंट की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। लापरवाही बिजली विभाग की रही लेकिन, पल्ला झाड़ लिया। मामले की सुनवाई राज्य उपभोक्ता आयोग ने दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड पर 40 लाख रुपये हर्जाना लगाया है।

भीकादेव बाजार, कहिन्जखरी, रसूलाबाद कानपुर देहात निवासी नरेंद्र कुमार के मुताबिक 27 जून 2012 को आंधी से यूकेलिप्टस की डाल गिरने से एचटी लाइन टूट गई और एलटी लाइन पर जा गिरी। इससे घर पर करंट फैल गया और इंटवर्टर बंद करने के दौरान पत्नी की चपेट में आने से मौत हो गई। शिकायत पर बिजली विभाग ने हवाला दिया कि कनेक्शन मेन गेट के अंदर था। इससे गेट में करंट उतर आया और छूने से मौत हो गई। दूसरा तर्क दिया कि पेड़ की डाल टूटकर लाइन पर गिरी और वोल्टेल बढ़ गया। इसमें विभाग की जिम्मेदारी नहीं है।

इस पर नरेंद्र ने राज्य उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। इसकी सुनवाई प्रिसाइडिंग जज राजेंद्र सिंह व सदस्य विकास सक्सेना ने की। कहा, बिजली विभाग के दोनों तथ्यों से यह स्पष्ट है कि महिला की मौत आखिर करंट से हुई है और पेड़ की डाल से लाइन टूटी है। जो वन विभाग द्वारा समय पर क्यों नहीं छटवाई गई। आयोग ने लापरवाही मानते हुए दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, डिवीजन कानपुर देहात पर 40 लाख रुपये हर्जाना लगाया है। जो घटना के दिन से 12 प्रतिशत अलग से ब्याज से साथ 30 दिन में देय होगा। नहीं तो 15 प्रतिशत ब्याज लगाया जाएगा।

हिन्दू विवाह के लिए कन्यादान अनिवार्य परंपरा नहीं

लखनऊ, विधि संवाददाता

- हिन्दू विवाह अधिनियम के हवाले से हाईकोर्ट ने किया स्पष्ट

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक वैवाहिक विवाद के मामले में कहा है कि हिंदू विवाह अधिनियम के तहत हिंदू विवाह को संपन्न करने के लिए कन्यादान की रस्म अनिवार्य परंपरा नहीं है। न्यायालय ने कहा कि प्रावधानों के मुताबिक सिर्फ सप्तपदी ही ऐसी परंपरा है को हिन्दू विवाह को सम्पन्न करने के लिए आवश्यक है।

यह टिप्पणी न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने आशुतोष यादव की ओर से दाखिल एक आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर दिया है। याची की ओर से वैवाहिक विवाद के सम्बंध में चल रहे आपराधिक मामले में एक गवाह को पुनः समन की जाने की प्रार्थना की गई थी। विचारण अदालत ने याची की प्रार्थना को अस्वीकार कर दिया, इस पर उसने हाईकोर्ट की शरण ली। याची की ओर से दलील दी गई कि उसकी पत्नी का कन्यादान हुआ था अथवा नहीं, यह स्थापित करने के लिए अभियोजन के गवाहों जिसमें वादी भी शामिल है, पुनः समन किया जाना आवश्यक है। इस पर न्यायालय ने हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 7 का उल्लेख किया जिसके तहत हिन्दू विवाह के लिए सप्तपदी को ही अनिवार्य परंपरा माना गया है। न्यायालय ने कहा कि उक्त प्रावधान को देखते हुए, कन्यादान हुआ था अथवा नहीं, यह प्रश्न प्रासंगिक ही नहीं है, लिहाजा गवाहों को पुनः समन की जाने की कोई आवश्यकता नहीं है।

ललित नारायण मिश्र हत्याकांड

हाईकोर्ट ने सुनवाई को याचिका की सूचीबद्ध

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने 48 साल पहले बिहार के समस्तीपुर रेलवे स्टेशन पर पूर्व रेल मंत्री ललित नारायण मिश्र की हत्या की निष्पक्ष जांच कराने की उनके पोते की याचिका 16 मई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत ने वैभव की अर्जी दोषियों की अपील के साथ सूचीबद्ध की। अपील में दोषसिद्धि व आजीवन कारावास की सजा को चुनौती दी गई है।

निपुण भारत मिशन बेसिक शिक्षा परिषद का प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों में लक्ष्य को पूरा करने पर जोर

लक्ष्य के लिए अग्रिम आदेश तक काम करते रहेंगे एआरपी

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

- शिक्षा महानिदेशक की ओर से शासन को भेजा गया प्रस्ताव
- 31 मार्च को प्रदेश के सभी एआरपी का समाप्त हो गया था कार्यकाल

अमृत विचार: बेसिक शिक्षा परिषद के प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों में निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को 2025-26 में हर हाल में पूरा करना है। शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने लक्ष्य पर जोर देते हुए प्रदेश में तैनात एआरपी (एकेडमिक रिसोर्स पर्सन) को अग्रिम आदेश तक काम करने की अनुमति दी है। दरअसल 31 मार्च को सभी एआरपी का कार्यकाल समाप्त हो गया था। इसलिए वह इसे लेकर असमंजस में थे। दरअसल शासन ने पिछले वर्ष 5 जनवरी को एआरपी के सेवा अवधि का विस्तार करते कार्यकाल 31 मार्च 2024 कर दिया था। इस बार फिर अग्रिम आदेश तक मौका दिया गया है। इस स्थिति में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत संचालित गतिविधियों, क्रियाकलापों को जारी रखना होगा। साथ ही बेहतर समन्वय, गैप एनालिसिस, सतत अनुश्रवण व अकादमिक पहलुओं के संचालन के संबंध में प्रत्येक माह राज्य परियोजना कार्यालय की ओर से केपीआई (की परफार्मेंस इंडीकेटर्स) अप्रैल माह 2024 के लिए भेजे गए हैं। सभी कार्यों को समय पर पूरा करना होगा। जिम्मेदार अधिकारी को भी निर्देश दिए गए हैं कि वह प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित केपीआई को समय पर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इसकी प्रगति की समीक्षा मासिक बैठकों में की जाएगी।

निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है। अभी एआरपी अपने पदों पर रहते हुए कार्य करते रहेंगे। उनके लिए नये शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए जो दिशा निर्देश जारी किए गये हैं उनके अनुसार सभी कार्यों को समय से पूरा करना होगा।

-कंचन वर्मा, स्कूल शिक्षा महानिदेशक

आचार संहिता के बाद की जाएगी छंटनी

विभागीय जानकारों ने बताया कि आचार संहिता के बाद जिन एआरपी ने बेहतर कार्य किया है उनका कार्यकाल जारी रहेगा। जिनका कार्य अच्छा नहीं रहा है उनकी जगह दूसरों को मौका दिया जायेगा। दरअसल कई एआरपी की कार्यशैली पर भी सवाल उठते रहे हैं।

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	05	316
साई सुदर्शन (जीटी)	05	187
रियान पराग (आरआर)	04	185

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
युजवेंद्र चहल (आरआर)	04	08
मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके)	03	07
गेराल्ड कोएत्जे (एमआई)	04	07

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	टाई	अंक	रन रेट
राजस्थान रॉयल्स	04	04	00	00	08	+1.120
कोलकाता नाइट राइडर्स	03	03	00	00	06	+2.518
चेन्नई सुपरकिंग्स	04	02	02	00	04	+0.517
लखनऊ सुपर जायंट्स	03	02	01	00	04	+0.483
सनराइजर्स हैदराबाद	04	02	02	00	04	+0.409
पंजाब किंग्स	04	02	02	00	04	-0.220
गुजरात टाइटंस	04	02	02	00	04	-0.580
मुंबई इंडियंस	04	01	03	00	02	-0.704
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	05	01	04	00	02	-0.843
दिल्ली कैपिटल्स	05	01	04	00	02	-1.370

केकेआर के खिलाफ घरेलू हालात का फायदा उठाना चाहेंगे सुपरकिंग्स

चेन्नई, एजेंसी

गत चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम लगातार दो शिकस्त के बाद सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में जीत के साथ वापसी करने के इरादे से उतरेगी तो उसे अपने शीर्ष क्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। लगातार दो हार के बावजूद सुपरकिंग्स की टीम पर दबाव नहीं होगा लेकिन प्रबंधन टीम की कमजोरियों का हल निकालने की कोशिश करेगा।

कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और प्रतिभावान रचिन रविंद्र को अपने खेल में सुधार करते हुए सुपरकिंग्स को पावर प्ले में अच्छी शुरुआत दिलानी होगी। गायकवाड़ 118.91 के स्ट्राइक रेट से ही रन बना पाए हैं जबकि रविंद्र पिछले दो मैचों में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे हैं। मौजूदा टूर्नामेंट में सुपरकिंग्स के सबसे सफल बल्लेबाज शिवम दुबे हैं जिन्होंने 160.86 के स्ट्राइक रेट से 148 रन बनाए हैं। यह देखना होगा कि युवा समीर रिज्वी की टीम में वापसी होती है या नहीं। बीस साल के इस युवा बल्लेबाज ने अपने पहले मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ छह गेंद में 14 रन बनाए थे लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खाता खोलने में नाकाम रहने के बाद उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले से बाहर कर दिया गया। तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान और मथीसा पथिराना विभिन्न कारणों से टीम के पिछले मैच में नहीं खेल पाए, जिससे सुपरकिंग्स के गेंदबाजी विभाग की कमजोरियां उजागर हुईं। अगर ये नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच से भी बाहर रहते हैं तो सुपरकिंग्स को उनकी भरपाई करने के लिए कुछ अलग सोचना होगा। अगर ये दोनों बाहर रहते हैं तो तेज गेंदबाजी विभाग में दीपक चाहर, तुषार देशपांडे और मुकेश चौधरी जबकि स्पिन विभाग में मोईन अली, रविंद्र जडेजा और महेश तीक्षणा के कंधों पर जिम्मेदारी होगी। नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स अब तक टूर्नामेंट में अजेय रहे हैं और दोनों टीमों को बल्ले से निडर प्रदर्शन का फायदा मिला है। सुनील नारायण से पारी का आगाज कराना केकेआर के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रहा है। मौजूदा सत्र में केकेआर के सबसे सफल बल्लेबाज नारायण को जल्दी पवेलियन भेजना सुपरकिंग्स के गेंदबाजों के लिए बड़ी चुनौती होगी। फिल सॉल्ट ने भी पारी का आगाज करते हुए नारायण का अच्छा साथ दिया है। मध्य क्रम में कप्तान श्रेयस अय्यर और रमनदीप सिंह को अधिक निरंतरता दिखानी होगी।

चेन्नई सुपरकिंग्स : महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी। **कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकि हुसैन और मुजीब उर रहमान। **समय :** मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

लखनऊ ने गुजरात टाइटंस को दिया 164 रनों का लक्ष्य

मार्कस स्टोइनिस ने 58 रन और निकोलस पूरन ने बनाए 32 रन

लखनऊ, एजेंसी

मार्कस स्टोइनिस (58) और केएल राहुल (33) के बीच 73 रनों की भागीदारी के बाद निकोलस पूरन (32 नाबाद) की तेज पारी की मदद से लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मुकाबले में शनिवार को मेहमान गुजरात टाइटंस (जीटी) के सामने जीत के लिये का 164 रन का लक्ष्य रखा।

अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम की धीमी दिख रही पिच पर पहले बल्लेबाजी करते हुये एलएसजी ने पांच विकेट खोकर 163 रन बनाये। गुजरात के तेज गेंदबाज उमेश यादव ने अपने पहले ही ओवर में इन फार्म बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (6) को आउट कर दिया। उमेश ने अपने लगातार दूसरे ओवर में नये बल्लेबाज देवदत्त पड्डिक्कल (7) को चलता कर दिया। इस बीच केएल राहुल की 33 रनों की पारी का अंत 13वें ओवर में दर्शन नालकंडे ने किया। मार्कस स्टोइनिस ने भी अपने हाथ खोले मगर वे भी नालकंडे का दूसरा शिकार बने। उन्होंने अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान चार चौके और दो छक्के लगाये। उधर नये बल्लेबाज निकोलस पूरन ने अपने स्वभाव के अनुरूप तेज गति से रन बटोरने का क्रम जारी रखा। मगर गुजरात के गेंदबाजों ने उन्हे ज्यादा छूट नहीं दी। पूरन ने आयुष बडोनी (20) के साथ मात्र 20 गेंदों में 31 रन जोड़कर लक्ष्य को चुनौतीपूर्ण बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। बडोनी राशिद खान का शिकार बने।

लखनऊ सुपर जायंट्स :

क्विंटन डिकॉक का नूर अहमद बो यादव	06
केएल राहुल का तेवतिया बो नालकंडे	33
देवदत्त पडीक्कल का वी शंकर बो यादव	07
मार्कस स्टोइनिस का शरथ बो नालकंडे	58
निकोलस पूरन नाबाद	32
आयुष बदोनी का यादव बो राशिद	20
कृणाल पंड्या नाबाद	02

अतिरिक्त : 05

कुल : 20 ओवर में पांच विकेट पर 163 रन

गेंदबाजी : उमेश यादव 3-0-22-2, स्पेंसर जॉनसन 4-0-32-0, राशिद खान 4-0-28-1, मोहित शर्मा 3-0-34-0, नूर अहमद 4-0-22-0, दर्शन नालकंडे 2-0-21-2

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में आखिरकार नहीं हुई हार्दिक पंड्या की हूटिंग

मुंबई, एजेंसी। हार्दिक पंड्या ने आखिरकार कुछ राहत की सांस ली क्योंकि मुंबई इंडियंस के कप्तान की रविवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान वानखेडे स्टेडियम के दर्शकों ने किसी तरह की हूटिंग नहीं की। यह मुकाबला रिलायंस फाउंडेशन के लिए ईएसए दिवस पर खेला जा रहा है, जिससे स्टैंड पर कई गैर सरकारी संगठनों के लगभग 18,000 बच्चे मौजूद थे और स्टैंड पर सिर्फ घरेलू टीम को 'चीयर' करने के लिए शोर सुनाई दे रहा था। पंड्या को पिछले तीन मैच में दर्शकों की हूटिंग का सामना करना पड़ा था। भारत के पूर्व कप्तान और पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने रविवार के मैच से एक दिन पहले कहा था कि दर्शकों को पंड्या की हूटिंग नहीं करनी चाहिए क्योंकि अगर उन्हें कप्तान के तौर पर टीम में शामिल किया गया है तो यह उनकी गलती नहीं है। गांगुली ने शनिवार को वानखेड़े स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के ट्रेनिंग सत्र के दौरान कहा, ''मुझे नहीं लगता कि उन्हें हार्दिक पंड्या की हूटिंग करनी चाहिए। यह सही नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''यह सही नहीं है क्योंकि फ्रेंचाइजी ने उन्हें कप्तान नियुक्त किया है।''

खेल डायरी

कैंडिडेट्स शतरंज: प्रज्ञानानंदा ने विदित को हराया

टोरंटो। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर में हमवतन विदित गुजराती को हराया। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही भाई-बहन की पहली जोड़ी के लिए यह अच्छा दिन रहा जब प्रज्ञानानंदा की बड़ी बहन आर वैशाली ने भी बुल्गारिया की नुर्गयुल सेलिमोवा को हराकर पहली जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग में डी गुकेश रूस के इयान नेपोमनियाची के मजबूत डिफेंस को भेदने में नाकाम रहे जबकि फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने शीर्ष वरीय अमेरिका के फाबियानो करूआना से ड्रॉ खेला।

भारतीय टीम दूसरे हॉकी टेस्ट में 2-4 से हारी

पर्थ। भारतीय पुरुष हॉकी टीम पिछले मैच की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करने के बावजूद रविवार को यहां पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट में आस्ट्रेलिया से 2-4 से पराजित हो गयी। भारत को शनिवार को पहले टेस्ट में 1-5 से हार का सामना करना पड़ा था। मेहमान टीम ने मैच के पहले और दूसरे क्वार्टर में मजबूत प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ बराबरी का खेल दिखाया। बल्कि पहले हाफ तक भारतीय टीम 2-1 से आगे चल रही थी, लेकिन तीसरे क्वार्टर में मेजबान टीम ने तीन गोल कर लगातार दूसरी जीत हासिल की।

त्वेसा संयुक्त 16वें, रिद्धिमा संयुक्त 30वें स्थान पर

केम्पटन पार्क (दक्षिण अफ्रीका)। प्रतिभावान भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक यहां सनशाइन लेडीज टूर पर एब्सा लेडीज आमंत्रण टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 16वें स्थान पर रहीं जबकि उनकी हमवतन रिद्धिमा दिलावरी ने संयुक्त रूप से 30वां स्थान हासिल किया। पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका में खिताब जीतने वाली त्वेसा ने 72, 72 और 74 के स्कोर से कुल दो ओवर 218 का स्कोर बनाया। उन्होंने अंतिम दौर में तीन बर्डी की लेकिन तीन बोगी और एक डबल बोगी भी कर गईं। रिद्धिमा ने 74, 73 और 75 से छह ओवर का कुल स्कोर बनाया। कसांद्रा एलेक्जेंडर ने शनिवार को छह अंडर 66 के शानदार प्रदर्शन से कुल 12 अंडर के स्कोर से चार शॉट के अंतर से खिताब जीता। स्पेन की हेरेंग ली भी अंतिम दौर में 66 के स्कोर से कुल आठ अंडर के स्कोर से दूसरे स्थान पर रहीं।

पाक की टी20 टीम के कोच होंगे यूसुफ और रज्जाक

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस महीने के अंत में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टी20 श्रृंखला के लिए चयन समिति के सदस्यों मोहम्मद यूसुफ और अब्दुल रज्जाक को क्रमश: अंतरिम मुख्य कोच और सहायक कोच नियुक्त करने का फैसला किया है। यह फैसला तब किया गया जब लंबी अवधि की भूमिका के लिए विदेशी कोच गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी के साथ बातचीत जारी है। बोर्ड के एक विश्वसनीय सूत्र ने कहा कि गिलेस्पी के साथ बातचीत लगभग पूरी हो चुकी है क्योंकि वह लाल गेंद के प्रारूप के मुख्य कोच के रूप में कार्यभार संभालने के लिए सहमत हो गए हैं। कर्स्टन के साथ चर्चा को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है क्योंकि वह इंडियन प्रीमियर लीग में व्यस्त हैं।

एथलेटिक बिलबाओ ने कोपा डेल रे खिताब जीता

सेविले। एथलेटिक बिलबाओ ने पेनल्टी शूट आउट में मालोर्का को 4-2 से हराकर चार दशक बाद कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। बिलबाओ को मालोर्का के खिलाफ जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन टीम को खिताब जीतने के लिए काफी पसीना बहाना पड़ा। बिलबाओ की ओर से पेनल्टी शूट आउट में राउल गार्सिया, इकेर मूनियन, माइकल वेस्गा और एलेजांद्रो बेरेनगुएर ने गोल किए। एथलेटिक बिलबाओ के गोलकीपर जुलेन अगिरेजाबला ने मैनुएल मोर्लानेस के शॉट को रोका जबकि मालोर्का के नेमांजा रादोनजिक ने शॉट बाहर मारा। इससे पहले नियमित और अतिरिक्त समय के बाद फाइनल मुकाबला 1-1 से बराबर रहा। डेनी रोड्रिग्ज ने मालोर्का को 21वें मिनट में आगे किया लेकिन ओइहान सांचे ने 50वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। एथलेटिक बिलबाओ का यह 23वां कोपा डेल रे खिताब है।



मुंबई इंडियंस की पहली जीत

मुम्बई, एजेंसी

- **दिल्ली कैपिटल्स को 29 रनों से हराया, रोहित शर्मा ने 49 और ईशान किशन ने बनाए 42 रन**

सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा 49 रन, ईशान किशन 42 रन तथा आखिरी ओवरों में टिम डेविड के नाबाद 45 रन और रोमारियो शेफर्ड की नाबाद 39 रनों की तूफानी परियों के बाद गेराल्ड कोएत्जी के चार विकेटों की बदौलत मुंबई इंडियंस ने रविवार इंडियन प्रीमियर लीग के 20वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 29 रनों से हराते हुए अपनी पहली जीत दर्ज की।

235 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स ने चौथे ओवर में सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर 10 रन का विकेट गवां दिया। उसके बाद पृथ्वी शॉ ने अभिषेक पोरेल के साथ दूसरे विकेट लिये 88 रन जोड़ते हुए टीम को मुकाबले में बनाये रखा। पृथ्वी ने 40 गेंदों में आठ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 66 रनों की पारी खेली। अभिषेक पोरेल 31 गेंदों में 41 रन बनाकर आउट हुये। ट्रिस्टन स्टब्स 25 गेंदों में तीन चौके और सात छक्के लगाते हुए 71 रनों की पारी खेली। दिल्ली की टीम निर्धारत 20 ओवर में आठ विकेट पर 205 रन ही बना सकी।

वानखेड़े स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। रोहित शर्मा ने 27 गेंदों में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से 49 रनों की पारी खेली। चोट के बाद ठीक होकर टीम में आये सूर्यकुमार यादव अपना खाता भी नहीं खोल सके और पवेलियन लौट गये। कप्तान हार्दिक पांड्या ने 33 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 39 रन बनाये। इशान किशन ने 23 गेंदों में चार चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 42 रन बनाये। तिलक वर्मा छह रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद टिम डेविड नाबाद ने 21 गेंदों में दो चौक और चार छक्कों की मदद से नाबाद 45 रन बना डाले। रोमारियो शेफर्ड आखरी ने 10 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के लगाते हुए तूफानी अंदाज में 39 रन ठोके हुए टीम का स्कोर निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 234 रन पहुंचा दिया है।

मुंबई 234/5 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 14

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
रोहित शर्मा बो पटेल	49	27	6/3
ईशान किशन का एवं बो पटेल	42	23	4/2
सूर्यकुमार का सब (फ्रेजर) बो नोर्किया	00	02	0/0
हार्दिक का सब (फ्रेजर) बो नोर्किया	39	33	3/1
तिलक वर्मा का पटेल बो अहमद	06	05	1/0
टिम डेविड नाबाद	45	21	2/4
रोमारियो शेफर्ड नाबाद	39	10	3/4

गेंदबाजी : खलील अहमद 4-0-39-1, ईशांत शर्मा 3-0-40-0, झाय रिचर्डसन 4-0-40-0, अक्षर पटेल 4-0-35-2, ललित यादव 1-0-15-0, एनरिच नोर्किया 4-0-65-2

दिल्ली 205/8 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 03

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
पृथ्वी शॉ बो बुमराह	66	40	8/3
डेविड वॉर्नर का पंड्या बो शेफर्ड	10	08	1/1
अभिषेक पोरेल का डेविड बो बुमराह	41	31	5/0
ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद	71	25	3/7
ऋषभ पंत का पंड्या बो कोएत्जी	01	03	0/0
अक्षर पटेल रन आउट	08	07	1/0
ललित यादव का ईशान बो कोएत्जी	03	04	0/0
कुमार कुशाग्र का तिलक वर्मा बो कोएत्जी	00	01	0/0
झाय रिचर्डसन का शर्मा बो कोएत्जी	02	02	0/0

गेंदबाजी : कोएत्जे 4-0-34-4, जसप्रीत बुमराह 4-0-22-2, आकाश मधवाल 4-0-45-0, रोमारियो शेफर्ड 4-0-54-1, मोहम्मद नबी 2-0-17-0, पीयूष चावला 2-0-32-0

वेबसीरीज हीरामंडी: द डायमंड बाजार से फरदीन खान का पहला लुक रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता फरदीन खान की आने वाली वेब सीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार से उनका पहला लुक रिलीज हो गया है। संजय लीला भंसाली की हीरामंडी : द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडी : द डायमंड बाजार में फरदीन खान भी अहम भूमिका में नजर आयेंगे। फरदीन खान लंबे अरसे के बाद बतौर अभिनेता वापसी कर रहे हैं। फरदीन खान, हीरामंडी द डायमंड बाजार में वली मोहम्मद के रोल में नजर आएंगे। फरदीन खान के पोस्टर को शेयर करते हुए कैप्शन में नेटफ्लिक्स इंडिया ने लिखा, प्यार और कर्तव्य के बवंडर संघर्ष में फंसे वली मोहम्मद अपनी शाही जिम्मेदारियों के साथ अपने दिल की इच्छा को समेटने का प्रयास कर रहे हैं। शेखर सुमन भी हीरामंडी : द डायमंड बाजार में नजर आयेंगे। उनके पहले लुक को शेयर करते हुए लिखा गया, मल्लिकाजान के चरणों में अपनी निष्ठा रखते हुए जुल्फिकार और उसकी चमकदार महत्वाकांक्षा के बीच केवल एक चीज खड़ी है - हीरामंडी। हीरामंडी : द डायमंड बाज़ार वेश्याओं और उनकी जिंदगी को लेकर बुनी गई है। वर्ष 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित, 'हीरामंडी' 'कोठों' में प्यार, विश्वासघात, उत्तराधिकार और राजनीति की कहानी को बयां करती है।

कंगना ने फिल्म इमरजेंसी बनाने की वजह बतायी

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जीवन से प्रेरित फिल्म इमरजेंसी बनाने की वजह बतायी है। इस फिल्म में कंगना, इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आयेंगी। कंगना रनौत ने कहा, जैसा कि मैंने हमेशा कहा है, चाहे वह इंदिरा गांधी हों या कोई अन्य महिला, मेरे मन में महिलाओं के लिए बहुत सहानुभूति है। मैं इस बात का दिखावा नहीं कर सकती और मेरे दिल में महिलाओं के लिए सम्मान भी है, इसलिए मैंने उनके लिए बहुत काम किया है। मैंने इंदिरा गांधी के पूरे जीवन पर आधारित एक फिल्म बनाई है और जब आप एक कलाकार होते हैं तो हर चीज प्रेरणा का काम करती है। उन्हीं भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मैंने वह फिल्म बनाई।'' इसलिए, जब यह सामने आएगा तो मुझे लगता है कि हर किसी को यह पसंद आएगा। उन्हें इसे एक मनोरंजक फिल्म के रूप में देखना चाहिए।'' कंगना ने कहा, हमारे संविधान के साथ जो घटनाएं घटीं, उन घटनाओं के पीछे क्या कारण हैं, उन कारणों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जिससे भविष्य में हमारे संविधान के साथ कोई छेड़छाड़ न हो। एक नेता की विश्वसनीयता, गहरी छिपी सुरक्षा, असुरक्षा, ताकत या कमजोरी, सभी कारकों पर विचार किया जाना चाहिए। कंगना रनौत द्वारा लिखित और निर्देशित, ''इमरजेंसी'' में अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, विशाख नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। जी स्टूडियोज़ और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा निर्मित इस फिल्म का संगीत संचित बल्हारा द्वारा दिया गया है। पटकथा और संवाद रितेश शाह द्वारा दिए गए हैं। ''इमरजेंसी'' 14 जून 2024 को सिल्वर स्क्रीन पर रिलीज होने वाली है।

संजय लीला भंसाली की फिल्म में काम करना चाहती हैं नोरा फतेही

मुंबई, मुंबई। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री नोरा फतेही, फिल्मकार संजय लीला भंसाली की फिल्म में काम करना चाहती हैं। मोरक्को की रहने वाली नोरा फतेही हिंदी फिल्मों की काफी शौकीन थी। नोरा फतेही ने कहा, भारत में काम करने का ख्याल संजय लीला भंसाली की फिल्म देवदास को देखकर ही आया था। यदि मैं किसी दिन संजय लीला भंसाली की फिल्म की अभिनेत्री बनी तो वह मेरे करियर का टर्निंग प्वाइंट होगा। मैं चाहती हूं कि वह मुझमें यकीन करें कि मैं उनकी फिल्म की अभिनेत्री बन सकती हूं। कलाकार को बस एक मौका और वह इंसान चाहिए होता है, जो आप पर भरोसा करे। नोरा फतेही ने कहा, मैंने काफी डांस किया है, लेकिन भारतीय क्लासिकल डांस को इसलिए अभी तक नहीं छुआ, क्योंकि मैं चाहती थी कि जब मैं वह नृत्य करूं तो सबसे बेस्ट लगूं और भव्य तरीके से उसे शूट किया जाए। ऐसा केवल संजय लीला भंसाली ही कर सकते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

नवरात्र कल से, मंदिरों में माता रानी की होगी जय-जयकार

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। चैत्र नवरात्र की शुरुआत इस बार मंगलवार से हो रही है। पहले दिन आदिशक्ति मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री का धूमधाम के साथ पूजन होगा। जिसको लेकर मंदिरों में भव्य सजावट के साथ ही घरों में कलश स्थापना की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

अकबरपुर कस्बा के रूरा रोड पर स्थित मां कालिका देवी मंदिर परिसर में नवरात्र को लेकर पूजन सामग्री की दुकानें सज गई। वहीं यमुना तटवर्ती गांव कथरी स्थित मां कात्यायनी देवी मंदिर, ज्योती गांव स्थित मां बगलामुखी मंदिर, लमहरा रूरा के ऐतिहासिक परहुल देवी मंदिर, रसूलाबाद के लाला भगत स्थित मां कौमारी देवी मंदिर, मूसानगर के मां मुक्तेश्वरी देवी मंदिर, रूरा के पाथामाई मंदिर सहित जिले के प्रमुख पौराणिक देवी मंदिरों में सजावट का कार्य रविवार की देर शाम तक जारी रहा। पुखरायां के मौहर देवी मंदिर, रूरा के दुर्गा मंदिर, राजपुर के शीतला देवी मंदिर, मूसानगर के काली देवी मंदिर, मां शीतला माता मंदिर, शिवली के पंथामाई मंदिर आदि देवी मंदिरों में भव्य सजावट व श्रंगार का करने में भक्त पूरे दिन व्यस्त रहे। पूजन सामग्री की खरीद के साथ कलश स्थापना की तैयारी भी की गई। नवरात्र को लेकर मिट्टी के घटों की मांग रही। मिट्टी के घट 50 से सौ रुपये की दर से बिके।

मंदिर में विराजमान मां मुक्तेश्वरी देवी।

● चैत्र नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री का होगा पूजन

मां मुक्तेश्वरी मंदिर परिसर में लगने वाले मेले में सजी खिलौने आदि की दुकानें।

इस बार नौ दिन के होंगे नवरात्र

इस साल चैत्र नवरात्र नौ मार्च से शुरू होकर 17 मार्च तक रहेंगे। नवरात्र के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाएगी। शास्त्रों के अनुसार इन नौ दिनों के नवरात्र को शुभ माना जा रहा है। माता सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। भक्तों को चाहिए कि विधिवत तरीके से माता की पूजा अर्चना आदि करें। फल की प्राप्ति अवश्य होगी।

मां की चौकी लगाकर करें कलश स्थापित

नवरात्र के पहले दिन कलश स्थापना की जाती है। जिसको घट स्थापना भी कहा जाता है। अकबरपुर के पतारी निवासी आचार्य प्रियंक दीक्षित बताते हैं कि कलश की स्थापना मंदिर में बने उत्तर-पूर्व दिशा में स्थान को गंगाजल छिड़क कर पवित्र कर लें। फिर लकड़ी की चौकी पर लाल रंग से स्वास्तिक बनाकर कलश को स्थापित करें। जिसमें आम का पत्ता रखकर गंगाजल भर दें। साथ में एक सुपारी, कुछ सिक्के, दूर्वा, हल्दी की एक गांठ डालें। चावल यानी अक्षत से अष्ट दल बनाकर मां दुर्गा की प्रतिमा रखें और लाल या गुलाबी चुनरी ओढ़ाएं। अखंड दीपक का प्रकाश करें और कलश स्थापना के बाद मां शैलपुत्री की पूजा करें। मंत्र का जाप कर फूल व चावल मां के चरणों में अर्पित करें। मां शैलपुत्री को गाय के घी से बना भोग लगाए। माना जाता है कि गाय का घी चढ़ाने से बीमारी व अन्य प्रकार के दुख संकट आदि से छुटकारा मिलता है

चैत्र नवरात्र से शुरू होता है हिंदू नव संवत्सर

ज्योतिषीय दृष्टि से चैत्र नवरात्र का विशेष महत्व है। आचार्य प्रियंक दीक्षित ने बताया कि चैत्र नवरात्र में सूर्य का राशि परिवर्तन होता है। सूर्य 12 राशियों का चक्र पूरा कर दोबारा मेष राशि में प्रवेश करते हैं और एक नए सत्र की शुरुआत करते हैं। ऐसे में चैत्र नवरात्र से ही हिंदू नववर्ष की शुरुआत होती है। हिंदू कैलेंडर के पहले महीने चैत्र में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से होता है। ब्रह्मा पुराण के अनुसार चैत्र प्रतिपदा से ही ब्रह्माजी ने सृष्टि की रचना प्रारंभ की थी। चैत्र नवरात्रि से हिंदू नव वर्ष के पंचांग की गणना प्रारंभ होती है। कुछ लोगों का मानना है कि चैत्र नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा अवतरित हुई थीं और मां दुर्गा के कहने पर ही ब्रह्माजी ने सृष्टि निर्माण का कार्य प्रारंभ किया था। यही कारण है कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से हिंदू नव वर्ष शुरू होता है।

सिद्धपीठ मां मुक्तेश्वरी मंदिर की हुई सजावट, सजीं दुकानें

मूसानगर। चैत्र नवरात्र पर माता आदि शक्ति के पूजन के लिए देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने रंगाई-पुताई व साफ-सफाई समेत भव्य सजावट की तैयारियां की हैं।

जिसको देखते हुए मूसानगर स्थिति पौराणिक सिद्धपीठ मां मुक्तेश्वरी मंदिर जो उत्तर वाहिनी यमुना तट पर विराजमान है। मंदिर परिसर में साफ-सफाई और सजावट कर नवरात्र की तैयारियां की जा रही हैं। मंदिर के आसपास पूजन सामग्री, प्रसाद व फूल-मालाओं की दुकानें सजने लगी हैं। पंडित अशोक द्विवेदी बताते हैं कि हिंदू संवत्सर का प्रथम दिवस व सृष्टि रचना की जयंती चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि इस बार 09 अप्रैल मंगलवार को पड़ रही है। इसमें देवी पूजन में प्रयोग होने वाली सामग्री जैसे नारियल, चुनरी, हवन सामग्री, पान सुपारी, कपूर, रोली, कलावा, कलश, आदि सामग्री की दुकानें सजने लगी है।

हिंदू नव वर्ष पर शोभा यात्रा की तैयारियां शुरू

मंगलपुर। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी संदलपुर में हिंदू नव वर्ष का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किए जाने की तैयारियां अंतिम चरण पर है। मंगलवार को श्रीराम सप्ताह में आरती के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। रविवार को कार्यक्रम आयोजक देव प्रकाश अवस्थी ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में नववर्ष शोभा यात्रा नवरात्र के प्रथम दिन चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को निकाली जाएगी, जो संदलपुर ब्लॉक के ग्राम कौरू फरहदपुर स्थित भैरव बाबा मंदिर प्रांगण से शुरू होकर संदलपुर ब्लॉक परिसर तक जाएगी और वापस आयेगी।

एक नजर

40 लीटर कच्ची शराब समेत गिरफ्तार

पुखरायां। भोगनीपुर कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान 40 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। अमरौधा चौकी इंचार्ज शोभित कटियार ने बताया कि वह पुलिस बल के साथ गश्त पर थे। तभी पिपरी गांव के समीप सामने से एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में आता दिखाई दिया। शक होने पर रोककर उसके पास मौजूद पिपिया की तलाशी ली तो उसमें कच्ची शराब थी। जब वजन किया गया तो वह 40 लीटर निकली। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम रहीश बताया है।

प्रोजेक्ट नई किरण में दो मामलों में कराया समझौता

कानपुर देहात। माती पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में प्रोजेक्ट नई किरण की शुरुआत एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति की अध्यक्षता में की गई। इस दौरान सुनवाई के लिए कुल 20 मामले रखे गए। जिनमें नई किरण के सभी सदस्यों के समझाने के बाद दो परिवारों में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता करा दिया गया। जिसपर पति-पत्नी खुशी-खुशी साथ रहने को तैयार हो गए। शेष प्रार्थना पत्रों में सुनवाई के लिए आगे की तिथि दी गई। इस मौके पर महिला थानाध्यक्ष महिला सुमन दीक्षित, कांस्टेबल, रामा देवी, इन्दू, रामरोशनी, मीनाक्षी, रागिनी मुतैना, नई किरण सदस्य पूनम गुप्ता, रामप्रकाश सिंह, जिआउल हक व कंचन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

मानसिक बीमार युवक की हुई मौत

शिवली। कस्बे के स्टेट बैंक के सामने एक मानसिक बीमार अवस्था में रोड के किनारे पड़ा था। सीएचसी में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। कई दिनों से करीब चालीस वर्षीय व्यक्ति कस्बा शिवली में कहीं से आ गया था। वह बैठे-बैठे ही चलता था। रविवार को राहगीरों की सूचना पर एसबीआई बैंक के समीप से बीमार व्यक्ति को इलाज के लिए शिवली सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। कोतवाल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

कोई तो बचा लो, जल्दी आओ पत्नी और बच्चे जल रहे हैं...

आग में झुलसने से दो बच्चियों की मौत से गांव में मातम

संवाददाता मंगलपुर, कानपुर देहात

अमृत विचार। मंगलपुर थाना क्षेत्र के भूठा देव गांव में आग की लपटें देख ग्रामीण घबरा गए और बुझाने की कोशिशों में जुट गए। वे लगातार पुलिस को सूचना देते रहे। वहीं सोनू चिल्ला-चिल्ला कर कह रहा था कि मेरे बच्चे व पत्नी जल रहे हैं। कोई तो बचा लो। जल्दी आओ... सोनू पागलों की तरह बदहवास होकर इधर-उधर चिल्ला-चिल्ला कर दौड़ता रहा, वहीं ग्रामीण आग बुझाने का लगातार प्रयास करते, लेकिन आग ने इतना विकराल रूप ले लिया था कि लोग भीषण आग के आगे बेबस नजर आ रहे थे।

वहीं सूचना के करीब चालीस मिनट बाद दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और उन्होंने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। ग्रामीणों की माने तो अगर दमकल समय से आ जाती तो शायद दो दोनों मासूमों की जान बच जाती।सोनू की बहन प्रीती की शादी इसी महीने की 23 अप्रैल को होनी है। घर में शादी को लेकर खुशी का माहौल था और तैयारियां भी जोरों पर चल रही थीं। लेकिन अग्निकांड में दो बच्चियों की मौत के साथ ही शादी के लिए रखा पूरा सामान भी जलकर स्वाहा को गया।

घर में लगी आग से राख हुई सोनू की गृहस्थी। अमृत विचार

गौरी।

अदिति।

घटना से आक्रोशित लोगों को समझाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

अग्निकांड से दो बच्चियों की मौत पर रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

पुलिस की तेजी से लोगों में भड़का आक्रोश

आग से झुलसकर दोनों बच्चियों की मौत के बाद पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में ले लिया। इसकी जानकारी होने पर आक्रोश बढ़ गया। लोग शवों को गांव लाने की मांग कर हंगामा करने लगे। हालांकि मौके पर मौजूद एसडीएम भूमिका यादव व सीओ ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग बच्चों के शव गांव लाने की मांग पर देर शाम तक अड़े रहे।

बच्चियों की ममता में दांव पर लगाई जिंदगी

मां रीना ने अपने तीनों बच्चों को बचाने का भरसक प्रयास किया। जिसमे वह केवल अपने बेटे गौरव की ही जान बचा पाई। उसने आग की परवाह न करते हुए दोनों बेटियों को बाहर निकाला। लेकिन दोनों गंभीर रूप से झुलसी हुई थीं। दोनों बच्चियों ने दम तोड़ दिया।

अवैध बालू खनन कर ले जा रहे तीन ट्रैक्टर ट्राली सीज

राजपुर। थाना पुलिस ने दमनपुर छोलापुर यमुना पट्टी से अवैध बालू खनन करते हुए तीन ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा है। जिन्हें सीज कर दिया गया है।

राजपुर थाना क्षेत्र के छोलापुर गांव के पास यमुना नदी में अवैध रूप से बालू खनन होता है। खनन माफिया नदी से बालू निकालकर गांव किनारे डंप कर रहे हैं। रात के अंधेरे में बालू को ट्रक व ट्रैक्टर ट्राली से ले जाया जाता है। कस्बा इंचार्ज पंकज कुमार ने पुलिस बल के साथ शनिवार रात यमुना किनारे पहुंकर तीन ट्रैक्टर ट्राली को लोड बालू के साथ पकड़ा है। राजपुर थानाध्यक्ष प्रभात सिंह ने बताया कि शनिवार रात दमनपुर गांव के पास से पकड़े गए बालू लदे तीन टैक्टर ट्राली को सीज कर दिया गया है।

धूप तल्ख होते ही बढ़े त्वचा रोग के मरीज

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। जिले के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में मरीजों का उपचार कर उन्हें निःशुल्क दवा वितरित की गई। गर्मी की शुरुआत में ही धूप तल्ख होने पर त्वचा मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। रविवार को आरोग्य मेले में 154 त्वचा रोग मरीजों का उपचार किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण कर जायजा लेते रहे।

मौसम में हो रहे बदलाव के चलते अस्पतालों में मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है। ऐसे में बुखार व उल्टी-दस्त के साथ ही त्वचा रोग के मरीजों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। चिकित्सकों का कहना है कि दोपहर के समय तेज धूप निकल रही है। जिससे बचाव की जरूरत है। लोग धूप से बचाव के लिए शरीर को पूरी तरह से ढककर निकलें और छाता का प्रयोग करें। सिर पर टोपी या अंगौछा लगाएं। अकबरपुर सीएचसी के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. शिवम तिवारी ने बताया कि दिन व रात के समय अभी हल्की ठंड हो रही है। जबकि दोपहर के समय तापमान 37 डिग्री सेल्सियस तक चला जाता है। ऐसे में लोग घर से निकलते समय आधे बांह के कपड़े पहनते हैं। जिससे सूर्य की सीधी किरणों त्वचा पर पड़ती है और झुलसने लगती है। इससे बचाव करें। किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर तुरंत अपने नजदीकी सरकारी अस्पताल में संपर्क कर जांच के बाद दवा का सेवन करें।

वहीं आरोग्य मेले में व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए अधिकारी भ्रमण करते रहे। डिप्टी सीएमओ डॉ. डीके सिंह ने पीएचसी देवीपुर व बरौर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची और चिकित्सकों को निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि रविवार को सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर बुखार के 80, उल्टी-दस्त के 113 मरीज समेत कुल 1005 मरीजों का उपचार किया गया है। साथ ही 37 मरीजों की मलेरिया जांच की गई। हांलाकि कोई भी पॉजिटिव नहीं आया।

पीएचसी में अभिलेख जांचते डिप्टी सीएमओ डॉ. डीके सिंह। अमृत विचार

● डेढ़ सैकड़ा मरीजों का किया गया उपचार

राशन कम मिलने से भड़के कोटेदार

संवाददाता राजपुर

अमृत विचार। ई-वेइंग मशीन से खाद्यान्न वितरण में आ रही समस्याओं, लंबित कमीशन व ठेकेदार द्वारा घटतौली को लेकर सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद एसोसिएशन के बैनर तले कोटेदारों ने जिला पूर्ति अधिकारी को संबोधित दस सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

उत्तर प्रदेश सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद संगठन के नेतृत्व में सिकंदरा तहसील क्षेत्र के कोटेदारों ने शनिवार को बैठक कर राशन वितरण में समस्याओं को लेकर चर्चा की। उसके बाद संगठन के जिलाध्यक्ष रामदास सिंह के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि शासन ने ई-वेइंग मशीन से राशन वितरण के निर्देश दिए है। नई मशीन से एक कार्ड पर दस मिनट का समय लग रहा है। इसे देखते हुए वितरण की तिथि माह के एक से 30 तारीख तक की जाए। बॉयोमीट्रिक मशीन से वितरण के बाद स्टॉक, वितरण रजिस्टर, प्रमाण पत्र आदि की व्यवस्था खत्म की जाए। कोटेदारों ने कहा कि कोटेदार जहां राशन वितरित करता है। वहां तक राशन पहुंचाने की जिम्मेदारी ठेकेदार की है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्र की अधिकांश दुकानों में खाद्यान्न लदा ट्रक नहीं पहुंचाया जाता है। बल्कि निर्धारित स्थान पर राशन उठान का दबाव बनाया जाता है।

नारेबाजी कर प्रदर्शन करते कोटेदार। अमृत विचार

● समस्या निराकरण न होने पर सामूहिक इस्तीफे का अल्टीमेटम

माहे रमजान | तरावीह में कुरान मुकम्मल करने पर हाफिज का माला पहनाकर किया इस्तकबाल

रोजा सिर्फ भूखे रहने का नाम नहीं बल्कि गुनाह से बचना जरूरी

संवाददाता राजपुर

अमृत विचार। रमजान के 26वें रोजे को कस्बे के नई जामा मस्जिद में तरावीह में कुरान मुकम्मल कर लिया गया। जिसको लेकर तरावीह पढ़ा रहे हाफिज व कारी का फूल माला पहनाकर इस्तकबाल किया गया। इसी तरह से जल्लापुर सिकंदरा में हाफ़िज़ ने कुरान सुनाया। वहीं रविवार को रोजेदारों ने गर्मी की शिद्दत को नजर अंदाज करते हुए 27 वां रोजा मुकम्मल कर लिया है।

बीते शनिवार को 26वें रोजे को कस्बे के नई जामा मस्जिद में इंशा की नमाज के बाद तरावीह में कुरान मुकम्मल कर लिया गया। जिसको लेकर तरावीह सुना रहे हाफिज व कारी रिजवान चिश्ती व जल्लापुर सिकंदरा में हाफ़िज़ मुजम्मिल का फूल मालाओं के साथ इस्तकबाल किया गया। हाफिज साहब को नजराना पेशकर सभी लोगों के लिए मगफिरत की दुआ की गई। साथ ही तवर्रुक तकसीम किया गया। तरावीह में कुरान मुकम्मल होने पर तकरीर पेश करते हुए मौलाना अनीसुर्रहमान साहब ने फरमाया कि वह लोग खुशनसीब हैं। जिनको तरावीह में अल्लाह का कलाम सुनने के लिए मिला। यह सदका हमारे नबी का है। इसकी वजह से अल्लाह का कलाम हमको नसीब होता है। उन्होंने कहा कि तरावीह अभी खत्म नहीं हुई है। तरावीह में कलाम ए पाक सुनना अलग सुन्नत है और पूरे माह तरावीह सुनना अलग सुन्नत है। हर मुसलमान को रोजा रखना चाहिए और अल्लाह की इबादत करनी चाहिए। वहीं हाफिज व कारी रिजवान चिश्ती ने दीनी बातों पर रोश्नी डालते हुए कहा कि रमजान अल्लाह का मुसलमानों के लिए तोहफा है। रोजा सिर्फ भूखे रहने का नाम नहीं है। बल्कि हर तरह की बुराइयों गुनाह से बचना भी जरूरी है। इस मौके पर हाजी अबरार खाँ, सेवानिवृत शिक्षक सुलेमान खाँ, शिक्षक असलम खाँ, सरताज खाँ, रऊफ खाँ, शादाब खाँ, कामरान खाँ, राजा राईन, फरहान खाँ, फैज खाँ, आरिफ, शमी उल्ला, परवेज खाँ, तौफीक राईन चचा, कल्लू खाँ, नेहाल खाँ, हसनैन खाँ, हासिम खाँ, कोनैन खाँ, सेवानिवृत शिक्षक अशरफ खाँ, अनवार राईन, अजरान खाँ, जल्लापुर सिकंदरा पेश इमाम जमीरुद्दीन कादरी, मोहम्मद शादाब मंसूरी, उवैश मंसूरी, आरिफ, नईम राजा मंसूरी आदि मौजूद रहे।


हाफिज का माला पहनाकर स्वागत करते लोग। अमृत विचार

स्कूलों में बच्चों की अब केवल ऑनलाइन उपस्थिति ही मान्य

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। परिषदीय स्कूलों में अब बच्चों की केवल ऑनलाइन हाजिरी ही मान्य होगी।

सरवनखेड़ा के खंड शिक्षा अधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने क्षेत्र के 183 परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ ऑनलाइन समीक्षा बैठक कर सत्र 2024-25 में छात्र छात्राओं को निपुण बनाने समेत अन्य निर्देश दिए। कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित विद्यालयों के लिए निर्धारित 12 पंजिकाओं के डिजिटाइजेशन करने का निर्णय विभाग ने लिया है। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल से विद्यालयों में छात्र उपस्थिति पंजिका एवं मध्याह्न भोजन पंजिका का डिजिटल रूप ही मान्य किया जाना है।

पूर्व में इस बावत सभी को कई बार लिखित रूप से अवगत कराया जा चुका है। सभी प्रधानाध्यापक एक अप्रैल से 30 सितंबर तक छात्र उपस्थिति पंजिका में विद्यालय मे अध्ययनरत समस्त बच्चों की दैनिक उपस्थिति सुबह 8 बजे से 9 बजे तक स्मार्ट फोन व टैबलेट के माध्यम से अंकित करेंगे। साथ ही मध्याह्न भोजन ग्रहण करने वाले बच्चों की संख्या 12 बजे तक ऑनलाइन दर्ज की जाएगी।

● बीईओ ने क्षेत्र के 183 स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के साथ की ऑनलाइन बैठक

छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज

रूरा। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उसके पति मध्य प्रदेश में रहकर इत्र बेचते हैं। उनकी तबियत सही न होने के कारण के वह पति को देखने बीती 17 मार्च को मध्य प्रदेश चली गई थीं और घर में उसकी सत्रह वर्षीय पुत्री अकेली थी। तभी गांव का मोनू घर में घुस आया और पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने लगा। जब पुत्री ने शोर मचाया तो आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। जिसपर मोनू मौके से फरार हो गया। रिपोर्ट दर्जकर आरोपी की तलाश की जा रही है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

चैत्र नवरात्र कल से, सज रहे मां जगदंबा के दरबार

घरों से लेकर मंदिरों तक गूंजेंगे माता के जयकारे, पूजन सामग्री खरीदने को बाजारों में सजीं दुकानें

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। चैत्र नवरात्र कल यानि नौ अप्रैल से शुरू हो रहे हैं। मंदिरों में जहां नवरात्र को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं घरों में भी पूजा पाठ की तैयारियां शुरू हैं। नवरात्र को लेकर बाजारों में पूजन सामग्री की दुकाने सज गईं हैं। जहां लोग खरीदारी कर रहे हैं।

शक्ति की आराधना का पर्व बासंतिक नवरात्र (चैत्र) 09 अप्रैल यानि कल से शुरू हो रहे हैं। शहर के दुर्गा मंदिर, संतोषी मंदिर, कालिकन मंदिर, ताम्बेश्वर आदि मंदिरों में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं बाजारों में माता के वस्त्र व श्रंगार सामग्री, किराने की दुकानों पर पूजन सामग्री के साथ मेवा, कूटू, सिंघाड़ा, रामदाना आदि समान खरीदे जा रहे हैं।

दुकान में सजी माता के पूजन की सामग्री। अमृत विचार

कुछ स्थानों पर छोटी व बड़ी देवी प्रतिमाएं भी सजाई गई हैं। लोगों ने इन प्रतिमाओं की भी खरीदारी की। शहर के हरिहरगंज, चौक स्थित बाजार में देवी प्रतिमाओं के साथ मिट्टी के कलश, हवन के लिए प्याले भी खरीदे गए। देवी प्रतिमाएं डेढ़ सौ रुपये से लेकर तीन सौ रुपये तक की श्रद्धालु खरीद रहे हैं। पूजा के लिए मिट्टी का सादा कलश जहां 20 रुपये का बिक रहा है वहीं सजे धजे रंग-बिरंगे कलश 100 रुपये से 150 रुपये तक की बिक्री हो रही है। हरे नारियल के साथ विभिन्न प्रकार के फलों की भी खूब बिक्री हुई। अधिक भीड़ माता के वस्त्र चुनरी व श्रंगार सामग्री की दुकानों पर देखी गई।

शुभ मुहूर्त सुबह छह बजे से

आचार्य के मुताबिक उदया तिथि के आधार पर चैत्र नवरात्रि 9 अप्रैल सोमवार से शुरू होगी। आचार्य के अनुसार कलश स्थापना के लिए सुबह 6 बजकर 11 मिनट से 10 बजकर 23 मिनट तक का शुभ मुहूर्त रहेगा।

शक्ति साधना का पर्व है नवरात्र

नवरात्र के संबंध में आचार्य भृगुनंदन शुक्ला का कहना है कि किसी भी प्रकार की साधना के लिए शक्ति का होना जरूरी है और शक्ति की साधना का पथ अत्यंत गूढ़ और रहस्यपूर्ण है। नवरात्र कुछ और नहीं बल्कि शक्ति व साधना का ही पर्व है। नवरात्र में व्रत इसलिए किए जाते हैं कि हम अपने भीतर की शक्ति, संयम व नियम से सुरक्षित हो सकें।

क्यों मनाए जाते हैं नवरात्र

देवी शक्ति से ओतप्रोत होने के साथ साथ भारत एक कृषि प्रधान देश भी है। यहां पर देश की भूमि को मातृ भूमि कहा जाता है। इस कृषि प्रधान देश में जब फसल बदल रही होती है तो देवी पर्व मनाते हैं। एक वर्ष में चार नवरात्रि मनाई जाती हैं, जिनमें दो गुप्त और दो जगत के सामने मनाई जाती है। शारदीय व वासंतिक नवरात्र का काफी महत्व होता है। दोनों नवरात्र सम्पातों में पड़ते हैं। उन्होंने बताया कि सम्पात का अर्थ स्थूल रूप से दिन रात का बराबर होना या पृथ्वी का सूर्य से सम दूरी पर होना है। इसी कारण इन दोनों ऋतुओं में ऊर्जा उत्पन्न होती है। इसकी सही पहचान और विनियोग के लिए दोनों के शुक्ल पक्ष की प्रारंभिक नौ तिथियों में मां दुर्गा के नौ स्वरुपों की पूजा अर्चना और व्रत का विधान है।

तीन घरों में घुसे चोर, लाखों का माल पार

संवाददाता फतेहपुर

- सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के सोनावरदेई गांव की घटना
- पुलिस ने पहुंचकर शुरू की जांच-पड़ताल

अमृत विचार। चोरों ने शनिवार की रात तीन घरों को खंगाला और दो घरों से नगदी समेत लाखों का माल समेट ले गए। वहीं तीसरे घर में कुछ न मिलने से वहां से खाली हाथ भाग निकले। सुबह हुई घटनाओं की जानकारी पर हड़कंप मच गया। पीड़ितों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के अफोई पुलिस चौकी क्षेत्र के सोनावरदेई गांव में शनिवार की रात चोरों ने धावा बोला। बताया जा रहा है कि रविवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब गांव के नरेन्द्र यादव के घर में चोरी होने की खबर फैली। बताया कि चोर छत के रास्ते जाकर सीढियों से घर में घुसे हैं और 20 हजार की नगदी व सोने-चांदी के कीमती जेवरात चोरी कर ले गए। इसी दौरान पता चला कि गांव के धीरेन्द्र यादव के

घर में नकब लगाकर चोरों ने किया माल पार। अमृत विचार

घर नकब लगाकर चोर घुसे और 60 हजार की नगदी व लाखों के सोने-चांदी के आभूषण चोरों ने पार दिए।

वहीं गांव के सुमेर ने बताया कि चोर उसके घर पर भी घुसे थे लेकिन उन्हें कुछ नहीं मिलने से खाली हाथ भाग गए। सुबह कमरे का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा मिला है। पीड़ितों ने सुबह मामले की जानकारी पुलिस को दी तो मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए चोरों की जल्द गिरफ्तारी के आश्वासन दिए हैं।

एक नजर

अर्द्धसैनिक बलों के साथ एरिया डोमिनेशन किया

फतेहपुर। लोकसभा चुनाव को पुलिस ने खखरेरू क्षेत्र के कई गांवों में एरिया डोमिनेशन किया। साथ ही रविवार को जिले भर में अलग-अलग स्थानों पर अर्धसैनिक बलों को साथ में लेकर एरिया डोमिनेशन किया। आम जन को सुरक्षा का भरोसा दिया। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सीओ खागा और खखरेरू पुलिस द्वारा सशस्त्र बल (असम राइफल फ़ोर्स) के साथ थाना खखरेरू क्षेत्र के रहमतपुर, हकीमपुर खंतवा, अहीमापुर, जहांगीर नगर, ग्राम रक्षपालपुर समेत कई गांवों के हिस्ट्रीशीटरों को चेक किया। साथ ही गांवों में एरिया डोमिनेशन किया गया। मिश्रित आबादी वाले इलाकों पर भी पुलिस की नजर रही। पुलिस की टीम ने आमजन को सुरक्षा का अहसास कराया। पुलिस ने कहा कि कोई व्यक्ति संदिग्ध लगे तो जानकारी दें।

महिला ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

फतेहपुर। एक महिला ने संदिग्ध हालात में घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मृतका के शव को कब्जे में लेकर घटना की जांच पड़ताल कर रही है। हुसेनगंज थाना क्षेत्र के खोजे का पुरवा गांव निवासी सलमान की पत्नी सोनी ने घर के अंदर संदिग्ध हालात में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच-पड़ताल कर रही है। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतका के परिजनों ने बताया कि उसका मयका ललौली थाना क्षेत्र के जजरहा गांव में था। उसकी शादी छह वर्ष पूर्व हुई थी।

बालिकाओं को किया जागरूक

फतेहपुर। एसपी के निर्देश पर रविवार को सभी थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान टीमों ने महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा के लिए जारी विभिन्न हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया।

अपशब्द बोलने के विरोध में युवक के साथ मारपीट

बिंदकी। कोतवाली क्षेत्र के दौलताबाद गांव में जामुन का पेड़ सूख जाने को लेकर विवाद हो गया। बताया कि तौहीद पुत्र अनीश खान को उसके चाचा अपशब्द बोलने लगा। तौहीद ने विरोध किया तो चाचा ने परिवार के साथ मिलकर उसे पीट दिया। पुलिस ने घायल का मेडिकल के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

सिर्फ चुनाव में याद आती रामघाट व बेरीनारी की महत्ता

संवाददाता औंग, फतेहपुर

अमृत विचार। गंगा और पांडु नदी के बीच बसे विकास खंड देवमई के गांव रामघाट व बेरीनारी में अभी तक डिजिटल भारत नहीं पहुंच सका है। आवास के नाम पर वही घासफूस खरपतवार से बनी झोपड़ियां, पानी के नाम पर गंगा जी, बिजली के नाम पर मोमबत्ती, सड़क के नाम पर ऊबड़-खाबड़ संकरे रास्ते व जंगली कांटों से भरी पगडंडियां, आज डिजिटल भारत को मुंह चिढ़ा रही हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि जनप्रतिनिधियों ने कटरी वासियों को 'सबका साथ सबका विकास' से अलग-थलग रखा हुआ है। यहां के ग्रामीणों में चुनाव जीतकर पांच वर्ष गायब रहने वालों के लिए बेहद गुस्सा भरा हुआ है।

आठ साल से बनी टंकी, बिजली कनेक्शन नहीं: बेरीनारी कटरी निवासी सतराम निषाद ने बताया कि यहां पर सन 2016 में पानी की टंकी बन गई थी लेकिन अभी आपूर्ति नहीं शुरू हुई। क्योंकि बिजली कनेक्शन अभी तक नहीं हुआ। आठ साल से अधिक हो रहे हैं लेकिन पीने की पानी की समस्या पर किसी की आंख नहीं खुल रही है। ग्रामीणों की बातचीत से महसूस होता है कि चुनाव के समय नेताओं का अपनत्व झलकता है और वादे भी खूब बरसते हैं लेकिन चुनाव बाद विकास के नाम पर सूखा पड़ जाता है और ये सूखा पांच साल तक रहता है। फिर अगले चुनाव में झूठे वादों की फुहारें और गुमराह करने वाले बादल उमड़ने लगते हैं। यही कटरी वासियों के साथ लम्बे अरसे से हो रहा है।

गांव की बदहाली बयां करते कच्चे रास्ते। अमृत विचार

एक पक्की सड़क नहीं, 50 साल से सिर्फ वादे

रामघाट व बेरीनारी के ग्रामीणों ने बताया कि सिर्फ 50 साल से प्रत्येक चुनाव में झूठे वादे और कोरे आश्वासन के सिवा इस बस्ती को कुछ नहीं मिला। यहां तक की पक्की सड़क आज तक नहीं बनाई गई है। न कोई किसी को सरकारी आवास मिले हैं। यहां के लोगों को सिर्फ चुनाव के दौरान वोट के लिए जाना जाता है।

पुरानी बस्ती में वन विभाग का अड़ंगा

उपरोक्त कटरी बस्ती में विकास के रास्ते में सबसे बड़ा अड़ंगा वन विभाग है। जब पानी की टंकी का निर्माण हो रहा था, तब वन विभाग ने कोई आपत्ति नहीं दाखिल की लेकिन निर्माण हो जाने के बाद यही विभाग बिजली कनेक्शन नहीं होने दे रहा है। वन विभाग की दखलंदाजी के कारण पक्की सड़क और प्रधानमंत्री आवास से भी यहां के ग्रामीण वंचित हैं।

ग्रामीणों की जुबानी

ग्राम प्रधान से मिलने जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है। कई किलोमीटर का सफर तय कर लोग उनेक गांव गलाथा जाते हैं। नताओं की ओर से यहां रास्ता बनवाया जा रहा है और न ही पुल।

-प्रकाश, रामघाट

कई बार सड़क बनाने व नदी पार करने के लिए पुल बनाने की मांग की गई। नेताओं ने वोट मांगने पर आश्वासन भी दिया। लेकिन अभी तक कटरी वासियों को कुछ नहीं मिला।

-दीपक कुमार, रामघाट

सभी नेता सिर्फ वोट मांगने आते हैं। काम कोई नहीं करवा रहा। न बिजली है, न सड़क है, न घर है। बताइये इन लोगों को वोट कैसे दिया जाए।

-बीरन निषाद, बेरीनारी

पिछली बार नेताओं ने कई वादे किए थे, जो आज तक पूरे नहीं हुए। शासन प्रशासन विकास के लिए गम्भीर नहीं दिखते हैं। वर्षो से कोई सुविधा नहीं है।

-राजेश, बेरिनारी

सार-संक्षेप

दो दिवसीय छलांग प्रोजेक्ट का समापन

बहुआ। रुद्राक्ष गार्डन में पिरामिल और ईएलएमएस के तत्वावधान में चल रहे दो दिवसीय छलांग प्रोजेक्ट कार्यक्रम का रविवार को समापन हो गया। शिवनाथ के नेतृत्व में प्रोग्राम मैनेजर ऐश्वर्य प्रताप सिंह और उनकी टीम के सदस्य सौरभ यादव, अमरीश सिंह, अनुराग और शिवम ने कार्यक्रम को बिंदुवार व सत्रानुसार, सुंदरता व कुशलतापूर्वक संपन्न कराया। कार्यक्रम में हथगाम, बहुआ और हसवा के विद्यालयों के 50 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। इसका आयोजन फतेहपुर की क्षेत्रीय स्वयंसेवी संस्था द इमर्जिंग इंडिया फाउंडेशन ने करवाया। कार्यक्रम में सौरभ ने खेलों की आवश्यकता, महत्व व इसके माध्यम से बच्चों की विद्यालय में उपस्थित बढ़ाई जा सकती है, के विषय में बताया। रमाशंकर, गणेश शंकर, अनिल, संजय, चेतन प्रकाश, कृष्ण कुमार, सुशील, स्वतंत्र सिंह समेत तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

सोशल मीडिया वॉलंटियर होते वीर योद्धाः प्रकाश पाल

फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को सोशल मीडिया वालंटियर कार्यशाला आयोजित की। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने उपस्थित सोशल मीडिया कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आज लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव जनमन की स्वीकृति पर जीत हार होती है। सहज, सुंदर चुनावी वातावरण का निर्माण सोशल मीडिया के विभिन्न साइटों में पोस्ट कर किया जा सकता है। केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने जिले में उनके द्वारा कराये गए प्रमुख विकास कार्यों को दर्शाया। जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल द्वारा सोशल मीडिया के इतिहास विकास के साथ ही उसकी महत्ता पर चर्चा की गई। क्लस्टर प्रभारी अनिल सिंह यादव, जिला प्रभारी रंजना उपाध्याय, लोकसभा प्रभारी राजेंद्र सिंह चौहान, विधायक राजेंद्र पटेल, विकास गुप्ता, कृष्णा पासवान, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, प्रभुदत्त दीक्षित, आशीष मिश्रा, विधानसभा प्रभारी राकेश चौरसिया, चन्द्र प्रकाश खरे, दिनेश तिवारी, विकास त्रिवेदी, पुष्पराज पटेल, नीरज सिंह, उदय लोधी, ज्ञानेंद्र सचान, कुलदीप भदौरिया, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह, सोशल मीडिया संयोजक सिद्दार्थ दीक्षित, ज्योति प्रवीण रहे।

मतदान को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

असोथर। ईद के पर्व सहित आगामी सभी त्योहारों और मतदान सकुशल संपन्न कराने को लेकर थाना स्तरीय शांति समिति की बैठक थाना परिसर में हुई। जहां पुलिस अधीक्षक ने एक-एक कर सभी शांति समिति के सदस्यों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित को निस्तारण के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने कहा कि रमजान का महीना चल रहा है। इसके बाद नौ अप्रैल को चैत्र मास नवरात्रि की शुरुआत हो जाएगी। 10 या 11 अप्रैल को ईद, 14 अप्रैल को आंबेडकर जयंती और 17 अप्रैल को रामनवमी का पर्व मनाया जाएगा। कहा कि जनपद में कोई नई परंपरा की शुरुआत नहीं होगी। कहा कि कोई ऐसा कार्य न किया जाए, जिससे किसी की भावना को ठेस पहुंचे। उन्होंने शांति क्षेत्र के संभ्रांत समिति के सदस्यों से कहा कि अलविदा की नमाज और ईद के दिन की नमाज सम्मानजनक तरीके से मस्जिद या ईदगाह के अंदर पढी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से चैत्र नवरात्रि और रामनवमी के दृष्टिगत मंदिरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में नायब तहसीलदार लक्ष्मी बाजपेई, सीओ थरियांव अरुण कुमार रॉय, अधिशाषी अधिकारी एचपी सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष नीरज सिंह सेंगर, कार्यक्रम के संचालक अमित दत्त अग्निहोत्री सहित अन्य अधिकारी एवं शांति समिति के सदस्यों में अनिल राज गुप्ता, निर्मल सिंह चौहान, राजू नंदी, सरवर खान, व्यापार मंडल अध्यक्ष बृजेश गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

फतेहपुर। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर रविवार को सीएमओ कार्यालय में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जहां सीएमओ डॉ. इश्तियाक अहमद एवं नोडल व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजेन्द्र वर्मा एवं जिला अपर शोध अधिकारी महेंद्र सिंह एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी दी गई। एसीएमओ डॉ. आरके वर्मा, डीआईओ डॉ. सुरेश कुमार, डिप्टी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आफाक अहमद, एडीआरओ महेंद्र सिंह लोधी, मनोज डिसूजा, क्षेत्रीय सम्वनयक पुनीत कुमार श्रीवास्तव एवं आशाओ, आशा संगनियों, सीएचओ व आदि लोगों ने प्रतिभाग किया।

कर्ज लेने के बाद खुद ही लापता हुआ सिपाही

संवाददाता फतेहपुर

- ऑनलाइन गेम खेलने को बैंक से लिए थे 14 लाख रुपये

अमृत विचार। एक सिपाही ने ऑनलाइन गेम खेलने के लिए बैंक से लाखों रुपये का लोन लिया। पैसा हार गया तो कर्ज में दबा सिपाही आठ दिन पहले ड्यूटी जाने की बात कहकर भाग गया। पत्नी ने गुमशुदगी दर्ज कराते हुए किसी अनहोनी की आशंका जताई है। वहीं, पुलिस विभाग ने सिपाही को भगोड़ा घोषित कर दिया।

अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि जिले के राधा नगर थाना क्षेत्र के जयराम नगर मोहल्ले के एक मकान में किराए पर रहने वाला सिपाही कृष्ण कांत ढावली थाना मलपुरा जिला आगरा का रहने वाला है। वर्तमान समय में 1150 पीआरवी में तैनात था। सिपाही की पत्नी बाबती ने राधा नगर थाना पुलिस को एक अप्रैल को तहरीर दी कि उनके सिपाही पति अपने मोबाइल फोन का रिचार्ज कराने के लिए 31 मार्च के दिन ड्यूटी जाने की बात कहकर निकले थे, तब से वापस नहीं लौटे हैं। सिपाही की गुमशुदगी दर्ज कर जब राधा नगर थाना प्रभारी ने जांच की तो मालूम पड़ा कि सिपाही ने बीओबी बैंक से 14 लाख 60 हजार रुपये का लोन लिया था। सिपाही ऑनलाइन गेम खेलने में पैसा हार गया और कर्ज के दबाव में भाग गया है। गुमशुदगी दर्ज कर सिपाही की तलाश की जा रही है और हर पहलू पर जांच की जा रही है। सिपाही की पत्नी बाबती ने आरोप लगाया कि पुलिस अपने ही विभाग के गायब सिपाही का पता नहीं लगा रही है।

राधा कृष्ण के साथ खेली फूलों की होली

संवाददाता, बिंदकी फतेहपुर

अमृत विचार। दोसर वैश्य समाज द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वैश्य समाज के विशिष्ट लोगों के अलावा मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। वहीं प्रभु श्रीराम के दरबार में वीर हनुमान की सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई। राधा कृष्ण के साथ लोगों ने फूलों की होली खेलकर जमकर धमाल मचाया।

नगर के ललौली रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ भारतीय दोसर वैश्य समिति के राष्ट्रीय मंत्री एवं महा समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल कंछल गुट के प्रदेश मंत्री तथा जवाहर कोल्ड स्टोर के मालिक राजेश गुप्ता उर्फ राजा भैया ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी झंडा गीत के रचयिता पदम श्री श्याम लाल पार्षद के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। महा समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता भी मौजूद रहे। होली मिलन समारोह में समाज के बड़े बुजुर्गों मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट लोगों तथा कार्यक्रम में सहभागिता निभाने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम व सीता के दरबार में हनुमान की झांकी प्रस्तुत की गई। नंदकिशोर गुप्ता, सुनीता गुप्ता, अश्विनी गुप्ता, शिवम गुप्ता, आनंद गुप्ता समेत अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

होली मिलन समारोह में जुटे लोग। अमृत विचार

- दोसर वैश्य समाज ने कराया होली मिलन समारोह

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

हादसा | ग्रामीणों की मदद से पाया गया आग पर काबू, लोगों में मची रही अफरा-तफरी

शॉर्ट सर्किट से लगी आग, आधा दर्जन घरों में सामान जलकर राख

संवाददाता खागा

अमृत विचार। क्षेत्र के एक गांव में रविवार की दोपहर बिजली के पोल से अचानक हुए शार्ट सर्किट से कई घरों में भीषण आग लग गई। आग की सूचना जैसे लोगों को लगी मौके पर कई गांव के लोग एकत्र होकर किसी तरह से आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक आधा दर्जन घरों का काफी सामान जलकर राख हो चुका था।

किशनपुर थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव निवासी राम करन, राज करन, जय करन, फूल कुमारी पति स्व. आत्माराम, मैकू, राम प्रताप के घरों में आग लगने से भारी नुकसान हुआ है। बताया जा रहा कि राम प्रताप के घर के करीब बिजली का पोल लगा हुआ है। उसी पोल से पड़ोस के सभी लोग अपने घरों में बिजली का कनेक्शन लिया हुआ है तारों का गुच्छा होने के कारण अचानक सार्ट सर्किट हुआ। जिससे पोल से निकली चिंगारी छप्पर पर गिरी और आग लग गई।

धुआं देख आस पड़ोस के लोगों में अफरा तफरी मच गई। इस बीच आग लगने की खबर सुनकर पास के कई गांव के लोग इकट्ठा होकर किसी तरह आग पर काबू पाया। आग से पड़ोस के रहने वाले राम प्रताप के घर को काफी नुकसान पहुंचा है। इनके घर में रखा गैस सिलेंडर फटने से पड़ोस के कई घरों को काफ़ी नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों ने बताया कि आग की सूचना दमकल को दी गई थी, लेकिन ग्रामीणों द्वारा ज़ब आग पर काबू पा लिया गया तब पुलिस प्रशासन व दमकल की गाड़ी पहुंची।

शॉर्टसर्किट से लगी आग में जले घर। अमृत विचार

आग लगने से 21 किसानों की फसल जली

बकेवर। देवमई ब्लाक के सुजावलपुर, अवसेरीखेड़ा गांव में बिजली के शार्ट सर्किट आग लग गई। आग की चपेट में आकर कई किसानों की करीब 70 बीघा फसल जलकर नष्ट हो गई। मामले की जानकारी पर राजस्व टीम मौके पर पहुंची और किसानों के हुए नुकसान का आंकलन किया। सुजावलपुर और अवसेरी खेड़ा गांव में रविवार को शार्टसर्किट से खड़ी फसल में आग लग गई। यह देख ग्रामीणों में शोर हो गया। ग्रामीण जब तक खुद के प्रयास से आग बुझाते उससे पहले करीब छह हेक्टेयर फसल में आग फैल गई। इसी दौरान ग्रामीणों ने दमकल विभाग को घटना की जानकारी दी। समय से दमकल कर्मी नहीं पहुंचे लेकिन तब तक आग से पूरी फसल जलकर राख हो चुकी थी। इस घटना के बाद लगभग एक दर्जन से अधिक किसानों ने मुआवजे की मांग की है। जिससे उनके नुकसान का सहारा मिल सके। एसडीएम बिन्दकी ने बताया कि 21 किसानों का अग्निकांड में नुकसान हुआ है, किसानों को आर्थिक सहायता दिए जाने की कार्रवाई की है।

शॉर्ट सर्किट से ट्रैक्टर में लगी आग

किशनपुर। कस्बा निवासी देवपाल सिंह का कस्बे से कुछ ही दूरी पर ईंट भट्ठा है। इस ईंट भट्टे पर उनका ट्रैक्टर खड़ा हुआ था। रविवार की दोपहर ट्रैक्टर में अचानक आग लग गई। जिसकी वजह से ट्रैक्टर जलने लगा। पड़ोस पर काम कर रहे मजदूरों ने ट्रैक्टर को जलते हुए देखा तो मामले की जानकारी भट्ठा के मुनीम को दी। मुनीम ने मामले की जानकारी भट्ठा मालिक को दी। कुछ देर बाद ट्रैक्टर में लगी आग को बुझाने के लिए मजदूरों ने प्रयास किया। लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक ट्रैक्टर पूरी तरह से जल चुका था।

- गैस सिलेंडर फटने से पड़ोस के कई घरों को काफी नुकसान

डेढ़ बीघा गेहूं जलकर हुआ राख

थरियांव। थाना क्षेत्र के टेक्सारी बुजुर्ग मजरे रामपुर थरियांव गांव के रहने वाले अर्जुन पाल व संदीप पाल की पकी खड़ी डेढ़ बीघा गेहूं की फसल में दोपहर में रेलवे पटरी की चिंगारी से आग लग गई। वहीं बगल में शिवलाल मौर्य की गेहूं की दस बिस्वा फसल जलकर राख हो गई। बताया कि वहीं बगल में कुछ पटरी बनने का कार्य भी चल रहा था। ग्लेंडर मशीन की चिंगारी चले जाने से फसल जल कर राख हो गई। दमकल आने से पहले ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया।

किसान की पीट-पीटकर हत्या, सात पर रिपोर्ट

चना की फसल काटने को लेकर हुआ विवाद, गाजीपुर थाना क्षेत्र के हसनपुर लोदियानी गांव का मामला

संवाददाता, गाजीपुर

अमृत विचार। जमीन को लेकर हुए विवाद में एक पक्ष से महिला-पुरुषों ने लाठी-डंडे और फरसे से हमला कर एक युवक की सिर कूचकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव में तनाव की स्थिति बन गई है।

रामू।

गाजीपुर थाना क्षेत्र के हसनपुर लोदियानी गांव में रविवार सुबह करीब नौ बजे के करीब पुराने जमीन के विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। कस्बे के रहने वाले रामू हाड़ा (40) पुत्र इंद्रजीत पर दूसरे पक्ष के महिला पुरुषों ने लाठी-डंडे और फरसे से हमला कर दिया। बेरहमी से पिटाई करने के बाद युवक का सिर और मुंह कूचकर हत्या कर दी। सुबह-सुबह यह हत्या उस समय हुई जब खेत में मजदूर चना की फसल काट रहे थे। मजदूरी कर रहे लोग डर की वजह से मौके से भाग गए।

हत्या की सूचना पर सीओ फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। हत्या के बाद से सभी हमलावर फरार हैं। बताया जा रहा है कि हमलावर में एक व्यक्ति असोथर का है, जो कि अपनी बेटी-दामाद के घर पर रहता था। थाना प्रभारी विनोद मिश्रा ने बताया कि जमीन के विवाद में एक व्यक्ति की लाठी-डंडे से पीट पीटकर हत्या की गई है। मृतक के भाई की पप्पू हाड़ा की तहरीर पर पुलिस ने दो अज्ञात महिलाओं समेत सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

घटनास्थल पर जुटे ग्रामीण व जांच करती पुलिस। अमृत विचार

इन लोगों पर दर्ज हुई रिपोर्ट

अमित हाड़ा की दिनदहाड़े हत्या से चारों ओर हड़कंप मच गया। मौके पर गाज़ीपुर पुलिस सहित एडिशनल एसपी विजय शंकर मिश्रा मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों से जानकारी और छानबीन करने के बाद पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और उसके घायल भतीजों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इधर दोपहर में मृतक के भाई पप्पू हाड़ा की तहरीर पर गाजीपुर पुलिस ने हसनपुर गांव निवासी ओमप्रकाश, रामप्रकाश, आशीष, अरविन्द, नीरज और दो अज्ञात महिलाओं पर रिपोर्ट दर्ज की है। मृतक रामू अपने पीछे दस वर्षीय पुत्र ओम और बेटी ओजस्वी को छोड़ गया। मृतक की मां विद्यावती शव के पास बैठी रोती रही। वहीं पत्नी रूबी का भी रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना के बाद से गांव में मातम का माहौल है।

खेत से निकलने को लेकर हुआ विवाद

गाजीपुर गांव के अमित हाड़ा उर्फ रामू सिंह अपने खेत में पड़ी चने की फसल को उठाने के लिए अपने भतीजों धनंजय और ऋषिराज के साथ रविवार सुबह पहुंचे थे। जानकारी के मुताबिक ट्रैक्टर खेत से काफी दूर खड़ा था। फसल की वजह से वह खेत तक नहीं पहुंच सका, बताया जा रहा है कि फसल को उठाकर उसे ट्रैक्टर में डाला जा रहा था तभी पड़ोस के पाल बिरादरी के व्यक्ति ने अमित से उसके खेत से निकलने के लिए मना किया। इस बात को लेकर आपस में विवाद होने लगा। जानकारी के मुताबिक विवाद इतना बढ़ गया कि पड़ोसी खेत मालिक ने अपने व्यक्तियों को बुला लिया और अमित और उसके भतीजों पर हमला कर दिया। हमले में अमित हाड़ा की हत्या कर दी गई और उसके भतीजे गंभीर रूप से घायल हो गए। विवाद की जानकारी जब तक ग्रामीणों को हुई तब तक आरोपी वहां से फरार हो गए।

> खेत से निकलने को लेकर हत्या की गई है। मामले में सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। जल्द ही उनकी गिरफ्तारी कर जेल भेजा जाएगा।
>
> –विजय शंकर मिश्रा, एएसपी

गर्मी शुरू होते ही बढ़ गई बिजली ट्रिपिंग

फतेहपुर। गर्मी शुरू होते ही बिजली की आंख मिचौली भी शुरू हो गई है। बिजली की अघोषित कटौती के चलते ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विभाग से जो कटौती का टाइम है उसके अलावा दिन में कई बार फाल्ट व ट्रिपिंग के चलते घंटों तक बिजली गुल रहती है। इसी तरह से शहर में बंच केबिल डालने के नाम पर सुबह से देर शाम तक कटौती किए जाने से गर्मी में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

मौसम में परिवर्तन आने के बाद ही बिजली की आपूर्ति में भी परिवर्तन होने लगा है। जिसका सबसे अधिक असर किसानों पर पड़ रहा है। किसानों को मूंग आदि के पलेवा के लिए नलकूपों से सिंचाई करने में समस्या आ रही है। एक दिन के पलेवा वाले खेत में दोगुना समय लग रहा है। किसान मनोज मौर्या, बबलू यादव, वीर सिंह आदि का कहना है कि बिजली की अघोषित कटौती के चलते लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

गंगा नहाने गया बुजुर्ग डूबा शाम तक होती रही तलाश

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। गंगा नदी नहाते समय एक बुजुर्ग मंदिर के पुजारी गहरे पानी में चले गए। गंगा किनारे चप्पल और कपड़े मिलने पर बुजुर्ग के डूबने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखारों की मदद से नदी में तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। शाम तक रेस्क्यू के बाद भी बुजुर्ग का पता नहीं चल सका है। मौके पर परिजन भी पहुंच गए, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है।

मलवां थाना क्षेत्र के आदमपुर गांव के रहने वाले 80 वर्षीय बुजुर्ग राम कृष्ण त्रिपाठी सुबह आठ बजे गंगा नदी नहाने हुसैनगंज थाना क्षेत्र के भिटौरा गंगा नदी पक्का घाट गए थे। गंगा नदी में नहाते समय राम कृष्ण त्रिपाठी गहरे पानी में चले जाने से डूब गए। बुजुर्ग को डूबते हुए देखकर घाट पर स्नान कर रहे लोगों ने शोर मचाया। जब तक कोई कुछ कर पाता बुजुर्ग पानी में डूब गए। भिटौरा चौकी प्रभारी ने गोताखारों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। चौकी प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि पक्का घाट स्थित मंदिर के पुजारी राम कृष्ण त्रिपाठी के सुबह कपड़े और चप्पल नदी किनारे मिलने पर नदी में डूबने की आशंका में गोताखारों के मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा था। इस पक्का घाट पर नहाने के समय सतर्कता बरतने को कहा गया है क्योंकि यहां पर पानी का कुंड बन जाने से अक्सर हादसा हो जाता है। बुजुर्ग के परिजनों को सूचना दी गई है। पक्का घाट पर नहाने से मना करने का बोर्ड लगा है उसके बाद भी लोग स्नान करते हैं।

घाट पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण।

एक नजर

बच्चों के विवाद में हुई मारपीट, दो घायल

बिन्दकी। नगर के मोहल्ला कजियाना निवासी ताजुद्दीन और सैफ के घर पास बच्चे खेल रहे थे। तभी बच्चों को खेलने से मना किया तो मोहल्ले के ही शेरू शहीद व पप्पू ने लाठी डंडो दोनों लोगों को पीट-पीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। घायल दोनों लोग परिजनों के साथ पुलिस के पास पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल को मेडिकल जांच के लिए भेजा है।

गन्ना रस की मशीन में हाथ फंसा, युवक घायल

किशनपुर। थाना क्षेत्र के एकडला निवासी राकेश सोनकर गन्ने का रस निकालने वाली मशीन का ठेला लगाता है। रविवार की सुबह वह जनरेटर चला मसीन से जूस निकाल रहा था। उसी समय हाथ की उंगली फस गई जिससे युवक का हाथ मशीन के अंदर चला गया बगल के दुकानदारों ने जनरेटर बंद कर के हाथ बाहर निकाला। परिजनों ने उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

कूलर में खस की भरवाई हुई महंगी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। गर्मी के अभी से प्रचंड रूप दिखाने के साथ ही महंगाई की आग आमजनमानस की परेशानियों का सबब बनी हुई है। दामों में हो चुके इजाफे का असर गर्मी से बचाव की सामग्री पर भी दिख रहा है। जिससे घास, खस सहित कूलर की डेंटिंग-पेंटिंग भी बढ़ चुकी है।

महंगाई की मार से लोग कराह उठे हैं। वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी से बचने के लिए मध्यमवर्गीय परिवारों को एकमात्र कूलर का ही सहारा रहता है। पत्थरकटा चौराहा के एक दुकानदार ने बताया कि इस बार पिछली साल की अपेक्षा घास व खस काफी महंगी हो चुकी है। गर्मी आते ही लोग अपने अपने कूलर में घास-खस आदि भरा रहे हैं। पिछली साल की अपेक्षा कूलर की डेंटिंग व पेंटिंग के दाम भी काफी बढ़ चुके हैं। दुकानदार का कहना था कि गर्मी के साथ महंगाई के कारण अभी दुकानदारी अधिक नहीं चल पा रही।

कूलर की मरम्मत करता दुकानदार। अमृत विचार

- तापमान अधिक होने से बढ़ी कूलर की मांग, लोग मरम्मत करवा रहे हैं

दामों पर एक नजर

वस्तु	पूर्व के दाम	वर्तमान के दाम
घास	80 रुपये	95 रुपये
खस	180 रुपये	210 रुपये
भरवाई	150 रुपये	200 रुपये
घास का पैड	140 रुपये	200 रुपये
डेंट-पेंट	1000 रुपये	1300 रुपये

नोट : घास और खस की कीमत प्रति किलो के हिसाब से

ईद की खरीदारी तेज, बाजारों में बढ़ी रौनक

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। ईद की खरीदारी को लेकर बाजारों में रौनक देखते ही बन रही है। कपड़ों, सेवइयां, मेवा, फुटवियर, चूड़ियां व अन्य दुकानों पर खरीदारों की भीड़ पहुंच रही है। मुस्लिम समुदाय का सबसे बड़ा त्योहार ईद अब करीब है। ईद का त्योहार 10 या 11 अप्रैल को मनाया जाएगा। इसकी तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। घर से लेकर बाजारों में ईद की मिठास घुल गई है।

ईदगाह, मस्जिदों में ईद की नमाज को लेकर भी तैयारियां की जा रही हैं। जिन मस्जिदों में ईद की नमाज होती है उनमें भी ईद की नमाज की तैयारियां चल रही हैं। हर कोई ईद के त्योहार को यादगार बनाने के लिए तरह-तरह से तैयारियां करने में लगा हुआ है। इसी को लेकर बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। दुकानदारों का कहना है कि इस बार ईद का बाजार अच्छा चल रहा है।

पर्व में कपड़ों की मांग रहती अधिक: सबसे ज्यादा भीड़ कपड़ों की दुकानों पर देखी जा रही है। महिलाओं से लेकर बच्चे व पुरुष कपड़ों की खरीद कर रहे हैं। चौक बाजार, चूड़ी बाजार आदि बाजारों में शाम के समय खरीदारों की भीड़ बढ़ती नजर आती है। ईद को लेकर हर कोई उत्साहित नजकोई कुर्ता तो कोई फुटवियर खरीद रहा है, तो वहीं महिलाएं अपने हिसाब से कपड़ों को खरीद कर रही हैं।

ईद पर्व को लेकर दुकानों में हो रही खरीदारी। अमृत विचार

सजाया जा रहा घरों को

ईद को लेकर घरों से लेकर मस्जिदों को सजाने का काम जारी है। रंग पेंट आदि से लोग घरों और मस्जिदों की रंगाई पुताई कर रहे हैं। मस्जिदों की गुंबदों के लेकर मीनारों को कलरफुल किया जा रहा है। मस्जिद के गेटों में भी तरह तरह के मनपसंद रंग भरे जा रहे हैं। घरों को भी खूब सजाया संवारा जा रहा है। घरों के दरवाजे खिड़कियों को एक से एक बेहतरीन रंगो से रंगा जा रहा है।

भुनी हुई सेवईं की डिमांड

ईद और सेवईं का रिश्ता सबसे खास है। यही वजह है बाजार में कपड़े, चूड़ी और बाकी चीजों की खरीदारी जोरों पर है तो वहीं लोग ईद के लिए अपनी मनपसंद की सेवईं भी खरीद रहे हैं। कोई कच्ची सेवईं तो कोई मोटी और कोई महीन सेवईं की डिमांड कर रहा है। सेवई बनने के बाद इसको लोग बेहद पसंद करते है। बाजार में सेंवई के दाम 60 रुपए से 160 रुपए किलो तक हैं।

सजावट के सामान की खूब खरीदारी हुई

बाजार में गुलाब, जूही, चमेली, बेला के वाशेबल फ्लॉवर के साथ कमरे को सजाने के लिए चाइनीज बेलों से बाजार गर्म हैं। छोटे-बड़े सभी लोग अपनी पसंद और जरूरत के मुताबिक आर्टीफिशियल फूल खरीद रहे हैं। गुलदस्ते, सजावटी सामान सहित मेजपोश, पर्दे, कुशन, डोरमैट, चद्दरों आदि की खरीद जोर पकड़ रहा है। तरह तरह के दस्तरखान भी खरीदे जा रहे हैं।

कैंसर के मरीजों के लिए लगाया परामर्श शिविर

संवाददाता, खागा फतेहपुर

अमृत विचार। कैंसर रोग विशेषज्ञ, रीजेंसी हॉस्पिटल कानपुर के डॉक्टर नारायण प्रताप सिंह द्वारा रविवार को एक हास्पिटल में निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें करीब एक दर्जन से अधिक मरीजों की जांच की गई। आयुष्मान कार्ड धारकों को निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध होना बताया गया।

डॉ. नारायण प्रताप सिंह धाता क्षेत्र के बम्हरौली गांव के मूल निवासी हैं। रीजेंसी हॉस्पिटल सर्वोदय नगर कानपुर में कार्यरत हैं। इन्होंने बताया कि कैंसर रोग का यदि शुरुआत में पता चल जाए तो रोग ला-इलाज नहीं है। लेकिन जानकारी के आभाव में रोग जब बहुत बढ़ जाता है तो इसका ठीक होना मुश्किल हो जाता है। कैंसर रोग के लक्षणों के विषय में मरीज को समझाते हुए बताया कि वजन का काम होना, आवाज में बदलाव आना, शरीर में खून की कमी, मुंह में छाले एवं गांठ का होना, अनियमित माहवारी एवं रक्तस्राव, स्तन में गांठ बन जाना एवं आकार में बदलाव होना आदि इसके लक्षण हैं।

मरीज का परीक्षण करते डॉक्टर।

बाइक से गिरकर युवक की मौत

फतेहपुर। कोतवाली क्षेत्र के शहबाजपुर गांव निवासी जगदेव का पुत्र शिव कुमार बाइक पर सवार होकर घर से निकला था। जैसे ही वह गांव के बाहर पहुंचा तभी उसकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जब तक उसको कहीं इलाज के लिए लेकर जाते उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के भाई राम किशोर ने बताया कि भाई बाइक से कहीं जा रहा था। तभी गांव के पास ही उसकी बाइक गिर गई और हादसे में उसकी मौत हो गई।

सालों से हैंडपंप खराब, पेयजल संकट

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। शहर से लेकर ग्रामीणांचलों तक के कई स्थानों पर सालों से ठूंठ बने हैंडपंप लोगों की परेशानी का सबब बन रहे है। मांग के बावजूद अब तक रिबोर न कराए जाने के कारण गर्मी की शुरुआत होते ही संबंधित मोहल्ले के हलक सूखने लगे हैं। जिससे ग्रामीणों को अपना गला तर करने के लिए दूर दराज से पानी लाकर प्यास बुझानी पड़ रही है। हैंडपंप खराब पड़े होने के कारण ग्रामीणों में रोष है।

तेलियानी ब्लाक के चखेड़ी, आजमाबाद भैंसाही, चम्पतपुर नोनिहां का डेरा, सत्तेपुर आदि के ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत निधि के खाते से हैंडपंपों की मरम्मत के लिए लाखों रुपये खर्च किए गए लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। जिससे गर्मी की शुरुआत होते ही क्षेत्र में पेयजल के लिए दिक्कत शुरु हो गई है। बताया कि कई बार हैंडपंप रिबोर की मांग की गई लेकिन कोई हल नहीं निकल सका।

कुछ इस तरह से शहर में शोपीस खड़े हैं हैंडपंप।

- शहर से लेकर गांवों तक हैंडपंपों की हालत खस्ता

बताया कि कई हैंडपंपों में मोटर डालकर पानी निकालने की कवायद चल रही है। जिससे पानी भरने के लिए बिजली का इंतजार करना पड़ता है। अधिक गर्मी पड़ने पर पेयजल संकट गहराने लगेगा। जिससे परेशानियों से निजात मिलने की उम्मींदे नहीं दिख रही है। इसी तरह से शहर के शादीपुर चौराहा, स्टेशन रोड, रेलवे क्रॉसिंग समेत अन्य कई स्थानों में हैंडपंप खराब हैं। जिससे राहगीरों को गला तर करने के लिए पानी खरीदना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बिजली नहीं रहने पर एक बूंद पानी नहीं मिल पाता है। हैंडपंप सही कराने के लिए कई बार नगर पालिका से कहा गया लेकिन कोई जल निगम के ऊपर ठीकरा डाल दिया जाता है तो कभी बजट न होने की दुहाई दे दी जाती है।

सार-संक्षेप

समारोह में पुरस्कृत हुए बच्चों में दिखी खुशी। अमृत विचार

मेधावियों के साथ अभिभावकों का भी सम्मान

फतेहपुर। साउथ सिटी स्थित सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज रघुवंशपुरम में रविवार को मेधा अलंकरण एवं अभिभावक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व न्याय मंत्री राधेश्याम गुप्त ने की। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति उपस्थिति रहीं। विद्यालय के प्रबंधक राकेश कुमार त्रिवेदी व प्रधानाचार्य ने संयुक्त रूप से अतिथियों का माल्यार्पण करके स्वागत वंदन किया। इसके बाद अपनी-अपनी कक्षा में सर्वश्रेष्ठ 10 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। पूरे विद्यालय में 7बी की प्रतिभा सिंह ने 99 .6 फीसदी अंक प्राप्त करके पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं 8ए के राजवीर सिंह ने 98 .5 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे। ऐसे ही 11सी के अभिषेक सिंह ने 98 .5 प्रतिशत अंक प्राप्त करके ऑल ओवर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा शत-शत उपस्थिति देने वाले 280 विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी माल्यार्पण एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बाल मंदिर खागा के प्रधानाचार्य राज कपूर सिंह सहित पूरे विद्यालय का स्टाफ पूरे उत्साह के साथ डटा रहा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों में कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष प्रभुदत्त दीक्षित, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, बहुआ ब्लॉक के पूर्व प्रमुख महेंद्र सिंह यादव सहित छात्र एवं तमाम अभिभावक मौजूद रहे।

परेशानी बिना लाइसेंस नहीं चालू हो पा रही सेपरेशन यूनिट

ब्लड बैंक में प्लाज्मा की व्यवस्था नहीं

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। जनपद में हर साल डेंगू और मलेरिया के कहर से सैकड़ों मौत होती हैं लेकिन अपनी कमी छिपाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में इनकी संख्या शून्य ही रहती है। बड़ी बात यही है कि लोगों को समुचित उपचार नहीं मिल पाता। डेंगू बुखार में तेजी प्लेटलेट्स गिरने पर लोगों की जान खतरे में पड़ती है। जिला अस्पताल में बने ब्लड बैंक में सेपरेशन यूनिट न संचालित होने से मरीजों को प्लेटलेट्स के लिए कानपुर की दौड़ लगानी पड़ती है। कई बार इस कवायद में इतनी देर हो जाती है कि लोग अपनों को खो देते हैं।

कोरोना संक्रमण के बाद से जिले में हर साल डेंगू और मलेरिया बुखार जानलेवा बना हुआ है। हालत यह होती है कि सितंबर के बाद डेंगू के कहर से हाहाकार मचता है। अस्पतालों में मरीज रखने को जगह कम पड़ती है तो जिले में उपचार के साधन की कमी लोगों को मौत के मुंह में ढकेल देती है। इसमें सबसे बड़ा संकट तब खड़ा हो रहा है जब जिले में उपचार के पर्याप्त संसाधन नहीं है। जिला अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिये ब्लड बैंक तो संचालित है, लेकिन डेंगू पीड़ितों की जरूरत पर प्लेटलेट्स का कोई इंतजाम नहीं है। लोगों को प्लेटलेट्स के लिए कानपुर तक भागना पड़ता है। इससे लोगों की जान खतरे में पड़ती है और साथ ही पैसे की भी बर्बादी होती है।

बीते दो साल से ब्लड बैंक में ब्लड सेपरेशन यूनिट स्थापित है और मशीनें भी इंस्टाल हैं। लेकिन शासन से लाइसेंस न मिल पाने के चलते संचालन नहीं हो पा रहा है। मामले को लेकर जनप्रतिनिधियों को भी घेरा गया। लेकिन विभागीय अफसरों की सुस्ती अभी तक भारी पड़ रही है। ब्लड सेपरेशन यूनिट के संचालन के लिए लाइसेंस न होने के कारण अब तक यूनिट नहीं शुरू हो सकी। लाइसेंस लेने के लिये जिला अस्पताल प्रशासन साल भर बाद भी ठोस पहल नहीं कर सका है।

> साल भर से अधिक का समय हो चुका है जब यूनिट में मशीनें इंस्टाल हो गई थीं। लेकिन अभी तक लाइसेंस न मिलने से यूनिट का संचालन नहीं किया जा सका है। हर महीने शासन को पत्राचार किया जाता है लेकिन अभी तक कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल सका है।
>
> –डॉ. पीके सिंह, सीएमएस

शाही मस्जिद में तरावीह की नमाज, कुरान पाक मुकम्मल

कार्यक्रम में जुटे समाज के लोग। अमृत विचार

संवाददाता, धाता फतेहपुर

अमृत विचार। नगर पंचायत के अब्दुल कलाम नगर स्थित शाही बड़ी मस्जिद में रविवार को 27 वीं शब में तरावीह की नमाज में कुरान पाक मुकम्मल हुआ। नमाज के बाद इमाम हाफिज असीरूद्दीन को मस्जिद कमेटी द्वारा नजराने मे नगदी व कपड़े भी दिया गया।

नमाज के बाद हाफिज असीरूद्दीन ने अपनी तकरीर में कहा कि आज की रात हज़ार रातों से अफज़ल है, इसलिए आज की रात अल्लाह की इबादत करें और अपने गुनाहों की माफी मांगे। अल्लाह बेशक माफ करने वाला है। आगे कहा कि सभी लोग अपने माल की जकात और अपनी जान का फ़ित्रा ईद की नमाज के पहले गरीबों को दे दें। जिससे वह भी ईद की खुशी में शामिल हो सकें। मालदार को चाहिए कि वह बेवा, गरीब वा मिश्कीन की मदद करें और जो अपने बच्चों के लिए खाने पीने और कपड़ो का इंतजाम नहीं कर सकते, उन पर खास तवज्जो दें। उन्होंने बताया कि ईद की नमाज ईदगाह में सुबह 8 बजे होगी।

लाइसेंसी बंदूक व तमंचे के साथ आरोपी गिरफ्तार

किशनपुर। थाना क्षेत्र के गढ़ा खास गांव निवासी प्रेमचंद दोहरे हत्याकांड का आरोपी हैं। कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। करीब 13 साल जेल में रहने के आरोपी उच्च न्यायालय पर दायर अपील पर जेल से बाहर आया था। जिसे शनिवार की देर रात पुलिस ने अवैध तमंचे व घर में रखी नाम बदलकर अवैध रूप से ली गई लाइसेंसी बंदूक के साथ गिरफ्तार कर लिया। बताया का लाइसेंस प्रेम सिंह पुत्र कल्लू के नाम है। जबकि आरोपी का आपराधिक इतिहास प्रेमचंद पुत्र शिवपूजन के नाम पर है। आरोपी कई सालों से लाइसेंसी बंदूक को बिना रिनिवल कराए ही चला रहा था। थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष भेज दिया गया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सूचित हो मै कुरैशी समा बेगम, पुत्री यार मोहम्मद कुरैशी, निवासिनी– प्लाट नम्बर– 83, मकान नम्बर– 356 न्यू नन्दी बिहार कालोनी, चिनहट लखनऊ के नाम से जानी व पहचानी जाती थी तथा मैं मुस्लिम धर्म की अनुयायी थी लेकिन मैनें अपना नाम कुरैशी समा बेगम के स्थान पर प्रियंका ताती कर लिया है तथा मुस्लिम धर्म का परित्याग कर हिन्दू धर्म अपना लिया है। इसलिए मै भविष्य में प्रियंका ताती के नाम से जानी व पहचानी व पुकारी जाऊंगी।–प्रियंका ताती निवासिनी– प्लाट नम्बर– 83, मकान नम्बर– 356 न्यू नन्दी बिहार कालोनी, चिनहट लखनऊ

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पासपोर्ट में दिलीप कुमार है।जबकि मेरा सही नाम दिलीप कुमार गुप्ता है। अब मुझे दिलीप कुमार गुप्ता नाम से भी जाना पहचाना जाय। – दिलीप कुमार गुप्ता पुत्र रामयश गुप्ता, निवासी– ग्राम धनेशा राजपूत, पोस्ट शुकुल का बाजार तहसील मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।

सूचना

सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम अरविन्द ARAVIND से बदलकर अरविन्द यादव ARVIND YADAV रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। – अरविन्द यादव पुत्र श्यामलाल ग्राम खनवार बकलोलही, पोस्ट पिपरा जटामपुर, थाना कुबेर स्थान, जिला कुशीनगर

197 पोलिंग बूथों की डगर बड़ी कठिन, नहीं पहुंच सकते वाहन

हुआ भौतिक सत्यापन, 140 सेक्टर मजिस्ट्रेटों ने जिला निर्वाचन अधिकारी को सौंपी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के लिए जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 1519 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जब 140 सेक्टर मजिस्ट्रेटों के माध्यम से बूथों का भौतिक सत्यापन कराया तो कई खामियां मिलीं। जिले में 197 बूथ तो ऐसे मिले, जहां पहुंचने का रास्ता ही खराब है। कई बूथ तो ऐसी गलियों में बनाए गए हैं, जहां भारी तो दूर हल्के वाहन भी नहीं जा सकते।

जिले में तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 1049 मतदान केंद्र व 1519 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं, जिनमें छिबरामऊ में 547, तिर्वा में 487 व कन्नौज सदर में 485 मतदेय स्थल हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने लोकसभा चुनाव के लिए 16 जोनल व 140 सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की है। इनके माध्यम से सभी मतदान केंद्रों और मतदेय स्थलों का भौतिक सत्यापन कराया गया, जिनमें सड़क, बिजली, पानी, शौचालय, दिव्यांग रैंप आदि की व्यवस्थाओं को मौके पर जाकर देखा गया और उसकी जिओ टैगिंग समेत गूगल मैपिंग भी की गई। सेक्टर मजिस्ट्रेटों ने अपने क्षेत्र के पोलिंग बूथों की रिपोर्ट जिला निर्वाचन कार्यालय को सौंपी तो पता चला कि जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 197 पोलिंग बूथ ऐसे हैं, जिनके रास्ते में या तो जलभराव है या रास्ता कच्चा व जर्जर हालत में हैं। करीब 47 पोलिंग बूथों को जाने वाला मार्ग संकरा है और वहां तक भारी और हल्के वाहन भी नहीं पहुंच सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी पोलिंग बूथों के रास्तों को सही कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

प्राथमिक विद्यालय कुंवरपुर बनवारी मार्ग पर भरा पानी।

विद्यालय जाने वाले मार्ग पर गंदगी व जलभराव से गुजरते लोग।

81 बूथों पर पानी का भी संकट

जिले में 81 मतदान केंद्र ऐसे हैं, जहां पेयजल संकट है। अधिकतर पोलिंग बूथ कॉलेजों या विद्यालयों में बनाए गए हैं। कई स्कूलों में हैंडपंप खराब हैं तो कई जगह पानी कम दे रहे हैं। अधिकतर स्कूलों में लगी सबमर्सिबल पंप खराब है। ऐसे में पोलिंग पार्टियों को भीषण गर्मी में पेयजल संकट का सामना करना पड़ेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम को सभी मतदान केंद्रों पर पेयजल व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

भौतिक सत्यापन में जिले में जिन पोलिंग बूथों पर सुविधाओं में कमी पाई गई है, वहां संबंधित विभागों के अधिकारियों को दुरुस्त कराने की जिम्मेदारी दी गई है। मतदान से पहले सभी मूलभूत सुविधाओं को पूरा करा लिया जाएगा।

–आशीष कुमार सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी

विधानसभा क्षेत्रवार आवंटित होंगी ईवीएम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के लिए ईवीएम का दो बार रैंडमाइजेशन किया जाएगा, जिसमें पहले विधानसभा क्षेत्रवार और बाद में बूथवार ईवीएम का आवंटन किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग ने इस बार नियमो में संशोधन किया है। पहला रैंडमाइजेशन 13 अप्रैल को होगा, जबकि दूसरा रैंडमाइजेशन तीन मई को किया जाएगा।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कुमार कटियार ने बताया भारत निर्वाचन आयोग ने दो बार रैंडमाइजेशन करने के निर्देश दिए हैं। पहले रैंडमाइजेशन में ईवीएम को विधानसभा क्षेत्रवार आवंटित किया जाएगा। इसमें प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सीरियल नंबर के साथ ईवीएम का आवंटन होगा, जिसके अनुसार सभी दलों के प्रत्याशियों तथा निर्वाचन अधिकारियों को यह जानकारी हो जाएगी कि किस सीरियल नंबर की ईवीएम किस क्षेत्र में रहेगी! इसकी एक-एक प्रति प्रत्याशियों को भी दी जाएगी। इसके बाद दूसरे रैंडमाइजेशन में उन्हीं सीरियल नंबरों की ईवीएम को बूथवार आवंटित किया जाएगा अर्थात तीन मई को पता चल जाएगा कि किस बूथ पर किस सीरियल नंबर और किस मॉडल नंबर की ईवीएम को भेजा जा रहा है। मतगणना वाले दिन भी ईवीएम के नंबरों का मिलान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग ने ईवीएम की पारदर्शिता के लिए रैंडमाइजेशन की प्रकिया को और भी सरल कर दिया है।

जिले में ईवीएम की उपलब्धता

ईवीएम	उपलब्ध	रिजर्व
बैलेट यूनिट (बीयू)	2392	458
कंट्रोल यूनिट (सीयू)	2000	91
वीवीपैट	2188	237

- भारत निर्वाचन आयोग ने किया संशोधन, 13 अप्रैल को होगा रैंडमाइजेशन

सार-संक्षेप

पुलिस ने अतिक्रमणकारियों को दिया अल्टीमेटम

अतिक्रमण हटवाते कोतवाल।

तिर्वा, कन्नौज। मुख्य सड़क के फुटपाथ पर अतिक्रमण को देखकर पुलिस ने फोर्स के साथ उन्हें अल्टीमेटम देकर खाली कराने के निर्देश दिए। पुलिस ने रविवार की शाम को आराजकतत्वों को पुलिस की ताकत का एहसास कराने के लिए पैरामिसिट्री फोर्स के साथ गश्त की। इस दौरान कस्बे की मुख्य सड़क के फुटपाथ पर कब्जा देख कोतवाल ने सभी अतिक्रमणकारियों को निर्देश दिए कि सभी लोग नाले की हद के भीतर तक अपनी दुकान लगाएं। अगर फुटपाथ पर किसी दुकानदार ने कब्जा किया तो उसका सामान जब्त किया जाएगा। कई दुकानो के बाहर लगे अतिक्रमण को अपने सामने पीछे कराया।

पांच शातिर अपराधियों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई

तालग्राम। एसपी की ओर से चलाये जा रहे अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार के पर्यवेक्षण में तालग्राम थानाध्यक्ष पारुल चौधरी के नेतृत्व पुलिस ने राहुल पुत्र भूप सिंह निवासी ग्राम तिसौली थाना तालग्राम, विजय, बादाम, भगवान सिंह पुत्रगण रूपलाल व रामकिशोर पुत्र विशेश्वर दयाल निवासी ग्राम भुइयन नगला थाना तालग्राम के खिलाफ धारा 3/5 गंडा निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। इन अपराधियों के खिलाफ कई मुकदमें पहले से दर्ज हैं।

दो शातिरों पर लगा गैंगस्टर

कन्नौज। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने गैंगलीडर शहबाज पुत्र छोटे व जिशान पुत्र रमजानी निवासीगण मोहल्ला सरोजनी नायडू नगर थाना बिल्हौर कानपुर नगर के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की है। जिलाधिकारी की संस्तुति पर पुलिस अधीक्षक के गैंगचार्ट अनुमोदन पर गैंग के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

अवैध शराब सहित युवक को पकड़ा

गुरसहायगंज, कन्नौज। कोतवाल जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में रविवार को सराय प्रयाग चौकी प्रभारी राहुल पाल ने जीटी रोड स्थित आरसी ढाबा के सामने छापेमारी की। यहां से ग्राम सराय प्रयाग निवासी चमन गिहार को 20 लीटर अवैध शराब की बिक्री करने जाते समय पकड़ लिया। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है।

भाई के सहयोग से किशोरी को भगा ले गया युवक

गुरसहायगंज, कन्नौज। ग्राम निवासी पीड़ित पिता ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि ग्राम पनगवां निवासी गौरी प्रजापति अपने भाई, पड़ोसी अमित कुमार व अज्ञात व्यक्ति के सहयोग से 04 अप्रैल की रात्रि लगभग 12 से 01 बजे के बीच बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

खेत पर गेहूं काटने गए किसान की बिगड़ी हालत, मौत

अधेड़ की मौत के बाद अस्पताल में परिजन।

सौरिख, कन्नौज। थाना क्षेत्र के गांव किर्राना निवासी राजेश पुत्र मेघनाथ (48) रविवार सुबह सात बजे अपने खेतों पर गेहूं की फसल काटने के लिए गया था। इसी दौरान हालत बिगड़ने लगी। इस पर खेतों पर काम करने वाले पास पड़ोसी लोग पहुंच गए उसे आनन-फ़ानन सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

अनौगी विद्युत उपकेंद्र पर बदली जाएगी मशीन

गुरसहायगंज। 220 पावर स्टेशन छिबरामऊ में रविवार को मरम्मत का कार्य होने से क्षेत्र के 07 फीडरों की विद्युत आपूर्ति 12 से 05 बजे तक बाधित रही। सोमवार को भी काम होने के चलते 70 गांवों की बिजली बाधित रहेगी। एसडीओ बृजेश कुमार सिरोही ने बताया कि अनौगी विद्युत उपकेन्द्र में 12 वर्ष पहले डीसीबी मशीन लगाई गई थी। सोमवार को सुबह 10 से शाम 05 बजे तक मशीन बदलने का कार्य किया जाएगा।

संदिग्धों की हुई चेकिंग नहीं मिला कोई अपराधी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- एसपी के निर्देश पर पूरे जिले में चलाया गया चेकिंग अभियान

अमृत विचार। आम चुनाव के साथ ही नवरात्रि पर्व, अंबेडकर जयंती व ईद के त्योहारों पर पुलिस की खास पहरेदारी रहेगी। रविवार को यातायात प्रभारी आफाक खां के नेतृत्व में व थाना कोतवाली पुलिस ने जिले के मुख्य मार्गों, चौराहों पर बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की। वाहनों की तलाशी ली गई। संबंधित व्यक्तियों से आने व जाने के वारे में जानकारी ली गई। यह अभियान एसपी अमित कुमार आनन्द के निर्देश पर चलाया गया। करीब दो घंटे तक चले अभियान की जानकारी होने पर कई वाहन स्वामी व चालक रास्ता बदल कर निकले। इसी तरह संदिग्ध लोगों की भी चेकिंग की गई। इसके बाद भी पुलिस को कोई संदिग्ध नहीं मिला। एसपी ने कहा कि त्योहारों व चुनाव को देखते हुए पुलिस नियमित चेकिंग अभियान चला कर वाहनों को चेक करेगी।

झोपड़ी में आग लगने से चार मवेशी जले

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- बाइक भी जली, किसान को हुआ लाखों रुपये का नुकसान
- पीड़ित ने अज्ञात पर आग लगाने का आरोप लगाया

अमृत विचार। ग्राम सिंगरमऊ में गांव के बाहर बनी झोपड़ी में संदिग्ध तरीके से आग लग गई। चपेट में आने से दो भैंस, दो पड़िया की जल कर मौत हो गई। झोपड़ी में खड़ी एक मोटरसाइकिल भी जल कर नष्ट हो गई। दमकल गाड़ी ने आग पर काबू पाया। तब तक लाखों रुपये का सामान जल चुका था। सूचना पर उप जिलाधिकारी सदर राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच पड़ताल कर नुकसान का जायजा लिया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव सिगरमऊ निवासी रामानंद यादव पुत्र नेतराम का मकान गांव के अंदर है। उन्होंने गांव के निकट एक झोपड़ी बना रखी है। मवेशियों की सुरक्षा को लेकर परिवार का एक सदस्य रात में वहीं लेटता है। घटना रविवार की सुबह 10 बजे के करीब की है जब झोपड़ी में मवेशी बंधे थे। घर का इसी बीच संदिग्ध हालात में आग लग गई। जानकारी पर गांव के लोगों ने पानी डाल कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया पर सफल नहीं हो सके। इस पर कोतवाली पुलिस के अलावा दमकल को फोन कर आग लगने की जानकारी दी। दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। टीम ने कड़ी मेहनत कर आग पर काबू पाया। तब तक झोपड़ी में बंधे चार मवेशियों की जल कर मौत हो गई। बाइक के साथ झोपड़ी में रखा अन्य सामान भी जल गया।

आग लगने के मामले की जानकारी पर एसडीएम सदर अविनाश गौतम, कोतवाली सदर के प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह के साथ मौके पर पहुंचे।

आग से हुए नुकसान का जायजा लेते अधिकारी। अमृत विचार

घोड़े पर सवार हो आएंगीं मां जगदंबा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। मां दुर्गा की उपासना का पर्व नवरात्र कल से शुरू हो रहा है। ज्योतिषाचार्य पं. अभय त्रिपाठी ने बताया कि प्रतिपदा तिथि का आरंभ आठ अप्रैल को रात 11:51 बजे से होगा, अगले दिन 9 अप्रैल को रात 8:29 बजे तक रहेगी। ऐसे में उदया तिथि प्रतिपदा होने के कारण 9 अप्रैल से ही चैत्र नवरात्र प्रारंभ होंगे।

आचार्य ने बताया कि नवरात्र में मां दुर्गा के आगमन और प्रस्थान के दौरान वाहन का विशेष महत्व होता है। मान्यता है कि मां दुर्गा के घोड़े (अश्व) पर सवार होकर आने से प्राकृतिक आपदा की आशंका प्रबल होती है। सत्ता पक्ष में भी बदलाव देखने को मिलता है। नवरात्र का समापन 17 अप्रैल दिन बुधवार को होने से माता के प्रस्थान की सवारी गज (हाथी) होगी। माता का हाथी पर सवार होकर प्रस्थान करना शुभ संकेत माना गया है। यह अच्छी वर्षा, खुशहाली और तरक्की का संकेत देता है। काल नाम के इस संवत्सर के राजा मंगल और मंत्री शनिदेव होने से यह वर्ष बहुत ही उथल-पुथल वाला रहेगा। शासन में कड़ा अनुशासन देखने को मिलेगा। चैत्र नवरात्र से ही नव संवत्सर अर्थात हिंदू नववर्ष का आरंभ भी होता है। इस बार चैत्र नवरात्र की शुरुआत खरमास में हो रही है, 13 अप्रैल को खरमास समाप्त हो जाएंगे।

माता फूलमती का किया गया श्रृंगार।

पं. अभय त्रिपाठी।

सुबह 6.24 से 10.28 तक करें कलश स्थापना

9 अप्रैल को कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त प्रात: 6 .24 बजे से लेकर 10 .28 बजे तक रहेगा। इस दिन अभिजित मुहूर्त में अमृतसिद्धि और सर्वार्थ सिद्धि का अद्भुत योग का निर्माण भी हो रहा है। अभिजित मुहूर्त दोपहर 12 .03 बजे से शुरू होगा जो कि 12 .54 बजे तक रहेगा। साथ ही अमृतसिद्धि और सर्वार्थ सिद्धि योग 9 अप्रैल को प्रात: 07 .32 बजे से लेकर पूरे दिन रहेगा। यह कलश 9 दिन तक स्थापित रहता है और रामनवमी को व्रत का पारायण किया जाता है।

ठठिया पुलिस ने 12 घंटे में किया चोरी का खुलासा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज/तिर्वा

अमृत विचार। ठठिया थाना पुलिस ने सिखवापुर गांव के एक मकान में सेंध लगा कर की गई चोरी के मामले का खुलासा करने का दावा किया है। पुलिस ने 12 घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गया माल बरामद कर लिया है। आरोपी को पुलिस ने जेल भेजा गया है।

ठठिया थाना क्षेत्र के गांव सिखवापुर निवासी रमेश चन्द्र वर्मा पुत्र लाखन वर्मा के घर में छह अप्रैल की रात एक बजे के करीब मकान के पीछे से दीवार में सेंध लगा कर घर में रखे बक्से का ताला तोड़कर जेवरात सोने का मंगलसूत्र, एक चांदी का मंगल सूत्र, तीन जोडी छोटी पायल (तोडिया) चांदी की, दो हाये चांदी, एक नथ सोने की, एक अंगूठी चांदी की, एक बेसर सोने की, के अलावा चार हजार रुपये नगद चोरी हो गये थे। इस संबंध में रमेश चन्द्र ने थाना ठठिया में प्रार्थना पत्र दिया था। जिसके आधार पर गांव का ही निवासी शिवम लोधी पुत्र अजय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। खुलासा करने के लिये पुलिस की टीम गठित की गई। गठित टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी थाना क्षेत्र के गांव छतरपुर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से चोरी किये गये सोने, चांदी के जेबरात व नकदी बरामद की गई। बरामद किये गये माल की पहचान मकान मालिक ने की। घटना का खुलासा करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष किशन पाल सिंह, दरोगा हसीब अहमद, दरोगा आनन्द कुमार पाण्डेय, सिपाही सागर पवार, सौरभ बालियान, मनीष कुमार रहे।

राष्ट्र निर्माण की दिशा में बढ़े कदम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शहर में पथ संचलन किया और राष्ट्र को पुनः परमवैभव की ओर ले जाने का संकल्प लिया। शहर की गलियो में पूर्ण गणवेश में जब स्वयंसेवक कदमताल करते हुए निकले तो लोगों ने छतों से पुष्पवर्षा की तो कई स्वयंसेवी संगठनों ने भी रास्ते में स्वागत किया।

नव संवत्सर की पूर्व संध्या पर मकरंदनगर स्थित कन्हैयालाल सरस्वती विद्या मंदिर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक सर्वेश कुमार, प्रांत बौद्धिक प्रमुख डॉ. अमरनाथ दुबे व जिला संघ चालक अतुल दुबे के नेतृत्व में पथ संचलन प्रारंभ किया गया। छात्र घोष वादन के साथ आगे चल रहे थे। पथ संचलन शहर के बाबाकुआं, फूलमती मंदिर, चिरैयागंज, हरदेवगंज, जेपी गर्ल्स इंटर कॉलेज, बड़ा चौराहा, आनंदीदास, होली, नखासा होते हुए वापस विद्यालय पहुंचा। वहां विभाग प्रचारक ने स्वयं सेवकों को 'परम् वैभवं नेतु मेतत् स्वराष्ट्रं' का संकल्प दिलाया। जिला प्रचारक अंकित, नगर संघ चालक पार्थ सारथी गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया रहे।

शहर में पथ संचलन करते संघ के स्वयंसेवक। अमृत विचार

- स्वयंसेवकों ने राष्ट्र को पुनः परमवैभव की ओर ले जाने का लिया संकल्प

प्रतिपदा का महत्व

- इसी दिन भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की थी
- माता की उपासना के 9 दिन नवरात्र का आरंभ
- भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक इसी दिन हुआ
- स्वामी दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना
- सिंधी समाज के भगवान झूलेलाल का जन्म दिवस

धर्म-अध्यात्म | शहर के सिद्धपीठ मां फूलमती देवी मंदिर पर हुई भव्य सजावट, होगा फूलों से श्रृंगार, मंदिरों पर चाक-चौबंद रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

चैत्र नवरात्र कल से, सजने लगे मातारानी के दरबार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। चैत्र नवरात्र पर जगत जननी मां भगवती की अगवानी के लिए देवी मंदिर सजाए जाने लगे हैं। एक ही स्थान पर पूजन सामग्री मिल जाए, इसके लिए बाजार में कई दुकानें भी सज गई हैं और महिलाएं खरीदारी भी कर रहीं हैं। पुलिस ने देवी मंदिरों की सुरक्षा का खाका तैयार किया है।

चैत्र नवरात्र 9 अप्रैल से है। मां की पूजा अर्चना के लिए मंदिर परिसरों में कमेटी और भक्तों द्वारा साफ-सफाई व सजावट का काम किया जाने लगा है। सिद्धपीठ मां फूलमती देवी मंदिर, अन्नपूर्णा देवी मंदिर तिर्वा, गोवर्धनी देवी मंदिर, सिंहवाहिनी, काली दुर्गा मंदिर तथा छिबरामऊ के मां कालिका मंदिर में भव्य सजावट की जा रही है। आने वाले श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न हो, इसके भी मंदिरों में व्यापक पैमाने पर इंतजाम किए जा रहे हैं। सिद्धपीठ मां फूलमती देवी मंदिर के पुजारी पं. शिखर मिश्र ने बताया कि नवरात्र में प्रतिदिन मातारानी का ताजे फूलों से भव्य श्रृंगार किया जाएगा और शाम को महाआरती का आयोजन होगा।

सिद्धपीठ माता फूलमती देवी मंदिर में सजावट करते कारीगर।

तिर्वा में अन्नपूर्णा मंदिर का निरीक्षण करते एसपी अमित कुमार आनंद।

माता की चुनरी व कलश खरीद रहे भक्त

मंदिरों के अलावा माता के उपासक घरों में भी तैयारियां करने लगे हैं। शहर में कई स्थानों पर पूजन सामग्री की बड़ी-बड़ी दुकानें लगाईं गईं हैं। भक्त माता की चुनरी व कलश, नारियल समेत सभी सामग्री खरीद रहे हैं। इसमें देवी मूर्तियों के अलावा उनके पूजन में प्रयोग होने वाली सामग्री हवन सामग्री, लकड़ी, पान, सुपारी, कपूर, रोली, कलावा सहित तमाम चीजें शामिल हैं। शहर में सरायमीरा, तिर्वा क्रासिंग, मकरंदनगर, फूलमती मंदिर, लाखन तिराहा सहित कई स्थानों पर पूजा सामग्री की दुकानें सज गईं हैं।

ड्रोन कैमरों से होगी निगरानी

नवरात्र में देवी मंदिरों में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने 20 टीमों का गठन किया है। इसमें 25 महिला सिपाहियों और 30 होमगार्ड व पांच प्रभारी निरीक्षक समेत 18 पीएसी के जवानों को शामिल किया गया है। इन टीमों को प्रमुख मंदिरों में तैनात किया जाएगा। इसके अलावा प्रमुख देवी मंदिरों में सीसी कैमरे भी लगाए गए हैं और ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जाएगी। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संसार सिंह ने कहा कि महिलाएं आभूषण व कीमती सामान लेकर मंदिरों में न जाएं। रात में होने वाले आयोजनों के मद्देनजर महिला सिपाहियों से भी गश्त भी कराई जाएगी।

एसपी ने लिया जायजा

तिर्वा, कन्नौज। रविवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने अन्नपूर्णा मंदिर का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी ने प्रभारी निरीक्षक जयंती प्रसाद गंगवार को नवरात्र में मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के निर्देश दिए।

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

- विशुनगढ़ थाने के ग्राम सुखरामपुर में हुआ हादसा

अमृत विचार। ग्राम सुखरामपुर में ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सबार एक युवक की मौत हो गई तथा दूसरा घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सौ शैय्या अस्पताल तथा मृतक को मोर्चरी में पहुंचा कर परिजनों को सूचित कर दिया।

विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सुखरामपुर निवासी विकास यादव पुत्र संतोष यादव अजय पुत्र राम सिंह के साथ शनिवार की शाम छिबरामऊ किसी कार्य के लिए बाइक से आया था। यहां से रात में वापस जाते समय गांव के पास ही एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना में विकास की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को सौ शैय्या अस्पताल की मोर्चरी पहुंचकर परिजनों को सूचित कर दिया। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के बाद से मृतक की मां शकुंतला, पत्नी मधु, दो बेटी कृति व शिविर तथा बेटे विनायक का रो रोकर बुरा हाल हो गया था। रविवार की सुबह पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं विशुनगढ़ थाना प्रभारी देवेश कुमार पाल ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।

मृतक विकास।

कार्रवाई : दबंग किसानों ने उगाई फसल, फिर कटवाएगा प्रशासन

पल्यौरा में एक हजार बीघा जमीन पर बार-बार अवैध कब्जा कर तैयार की जाती फसल

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

अमृत विचार। सरकारी व्यवस्था भी निराली है। कहीं तो व्यक्ति को सही काम के लिए भी चक्कर कटवा दे तो कहीं जो गलत कर रहा है उसे आंख बंद कर शह दी जाती रहे। ऐसे ही एक मामला है तिर्वा कोतवाली क्षेत्र की करीब एक हजार बीघे सरकारी जमीन का जहां विगत दो साल से अवैध रूप से कब्जा कर धान की फसल की गई। फसल तैयार हुई तो प्रशासन ने जाकर कटवाते हुए जगह खाली करा दी। इसके बाद जिम्मेदार सो गए। अब जागे हैं जब एक बार फिर से इसी जमीन पर अवैध रूप से गेहूं की फसल कटने को तैयार है। इस फसल को काटने की तैयारी है।

तहसील क्षेत्र के खानपुर ग्राम सभा के पल्यौरा गांव में पड़ी करीब एक हजार बीघे से अधिक ग्राम समाज की भूमि पर दो साल से किसानों द्वारा धान की फसल की जा रही है। इसे हर बार कटवाकर नीलाम करा दिया जाता और जमीन खाली करा दी जाती है। वर्ष 2022 में तत्कालीन एसडीएम उमाकांत तिवारी ने सरकारी जमीन पर पैमाइश कराकर धान की फसल को कटवाकर जब्त करते हुए जमीन खाली कराई थी। इसके बाद दोबारा कब्जेदारों ने इसी जमीन पर कब्जा करके सन् 2023 में धान तैयार कर ली।

कुछ कब्जेदारो ने चुपचाप काट भी ली। प्रशासन ने फसल काटने वाले किसानो पर रिपोर्ट भी दर्ज कराई। इसके बाद अब अवैध कब्जेदारों ने इसी भूमि पर गेहूं की बुआई कर दी। तहसील प्रशासन को तीन माह बाद जानकारी तब हुई जब फसल तैयार हो गई। इस पर दो दिन पहले तहसीलदार अवनीश कुमार, नायब तहसीलदार अतुल हर्ष ने राजस्व व पुलिस टीम के साथ मौके का निरीक्षण कर अवैध कब्जेदारो से फसल न काटने के निर्देश दिए। अब इसे प्रशासन द्वारा कटवाकर नीलाम कर मिलने वाली राशि को सरकारी खजाने में जमा कराया जाएगा।

इस संबंध में जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ल का कहना है कि ग्राम समाज की जमीन की देखरेख करने की जिम्मेदारी भूमि प्रबंध समिति की होती है। समिति का मुखिया ग्राम प्रधान होता है। मामले में जिम्मेदारों से जानकारी की जाएगी कि कैसे बार-बार सरकारी जमीन पर फसल कर ली जाती है और किसी को खबर तक नहीं होती है। इसके अलावा इतने बड़े क्षेत्र में पता भी नहीं लग पाता कि कहां क्या हो रहा है? इस प्रकरण में फसल कटवाकर नीलाम कराकर धन को सरकारी कोष में जमा कराया जाएगा और बार-बार कब्जा करने वाले किसानों पर मामला दर्ज कराते हुए कार्रवाई की जाएगी।

दो दिन पहले सरकारी भूमि का निरीक्षण करता तहसील प्रशासन। अमृत विचार

- बुवाई से लेकर सिंचाई, खाद सब लग जाती पर प्रशासन को भनक तक नहीं लगती

प्रधान के पति दे चुके थे जानकारी

तिर्वा। धान कटने के बाद सरकारी जमीन प्रधान को सुपुर्द कर दी गई। प्रधान पति राजेश यादव ने बताया कि सरकारी जमीन पर जब दंबग फसल बो रहे थे तो उन्होने तत्कालीन एसडीएम पवन कुमार मीना से इसकी लिखित शिकायत की पर प्रशासन ने कोई ध्यान नही दिया। तहसीलदार अवनीश कुमार ने बताया कि अगर शिकायत की होती तो उसी समय जांच कराई जाती। भूमि पर कब्जा न होने दिया जाता।

दो साल से एक ही लेखपाल की तैनाती, रहता बेखबर

तिर्वा, कन्नौज। खानपुर में दो साल से एक ही लेखपाल तैनात है। इसके बाद भी बार-बार हो रहे सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की जानकारी होती है तब फसल तैयार हो जाती है। इससे साफ है कि लेखपाल या तो नियमित क्षेत्र में जाते नहीं या फिर किसी दबाव में हैं। एक और बात है कि पूर्व में धान की फसल कटने के बाद अवैध कब्जेदारों को चिन्हित करने पहुंचने पर दबंगों ने उसे बंधक बनाकर मारपीट भी की थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उन्हे पकड़कर जेल भेजा था।

आग का गोला बनी कार। अमृत विचार

एक्सप्रेस-वे पर कार में लगी आग, सूझबूझ से टला हादसा

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

अमृत विचार। एक्सप्रेस वे पर चलती हुई कार में आग लग गई। अपनी सूझबूझ से चालक बच गया। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पा लिया।

लखनऊ जनपद के इंदिरा नगर के डी 94 सी ब्लॉक मयूर विहार निवासी प्रशांत कुमार शुक्रवार की देर रात को कार से आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर इटावा से लखनऊ अपने घर वापस जा रहा था। जैसे ही कोतवाली क्षेत्र के फगुहा भट्ठा के पास पहुंचा तो अचानक चलती कार में आग लग गई।

आग देख चालक ने कार को एक्सप्रेस वे के किनारे खड़ा कर दिया और खुद उतर गया। हादसे की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पा लिया।

ऑटो में लगी आग, दो महिलाएं झुलसीं

छिबरामऊ। छिबरामऊ से सवारियां लेकर सौरिख की तरफ जा रहे ऑटो में सौरिख रोड पर कार शोरूम के पास किसी तरह आग लग गई। आग लगने से दो महिलाएं झुलस गईं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। रविवार को नगर के पूर्वी बाईपास से ऑटो चालक सवारियां बैठाकर सौरिख की तरफ जा रहा था। रास्ते में सौरिख रोड पर एक कार शोरूम के पास किसी कारण ऑटो में आग लग गई। लपटें उठती देख सवारियों में हड़कंप मच गया। आनन फानन लोग नीचे उतर आए। हालांकि दो महिलाएं झुलस गईं। हादसे के बाद चालक ऑटो छोड़कर भाग गया। घायल महिलाओं को अस्पताल भिजवाया गया। वहीं कार शोरूम में मौजूद कर्मी सतीश, निहाल सिंह व अजय ने अग्निशमन यंत्रों की मदद से आग पर काबू पाया। हादसे के बाद ऑटो कबाड़ में तब्दील हो गया है।

सार-संक्षेप

सिमरापुर में मारपीट व फायरिंग में 12 पर रिपोर्ट दर्ज

कन्नौज। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव सिमरापुर में भूमि विवाद को लेकर लाठी डंडों चलने व फायरिंग के मामले में कोतवाली पुलिस ने सात नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस आरोपियों की तलाश में लगातार दविश दे रही है। घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। सिमरापुर निवासी सर्वेश कुमार उर्फ दुर्वेश कुमार पुत्र हुकुम सिंह ने गांव के ही निवासी हरेंद्र सिंह उर्फ वंटू, रुस्तम सिंह, हेम सिंह, मनोज, अभिषेक, त्रिमोहन सिंह उर्फ बब्लू, चरन सिंह उर्फ जुगाड़ी निवासी केहरीपुर्वा थाना ठठिया, के अलावा पांच अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। कहा है कि छह अप्रैल को सुबह नौ बजे के करीव उसके भाई नरवेश सिंह अन्य भाइयों के साथ अपने खेत से आलू की खुदाई करा रहे थे। तभी उक्त लोग जमीनी रंजिश को लेकर खेत पर आये और गाली देने लगे। गाली देने से मना किया तो उक्त लोगों ने अवैध असलहे निकाल कर हमला बोल दिया। फायरिंग व मारपीट में दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें जिला अस्पताल के बाद कानपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।

महिला ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

छिबरामऊ, कन्नौज। थाना तालग्राम के बिरियन नगला गांव निवासी अवधेश मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता है। रविवार को वह ग्राम सिलुआपुर स्थित ईंट भट्ठा पर मजदूरी करने गया था। घर पर उसकी पत्नी किरन अकेली थी। किसी समय किरन ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। सूचना पर घर पहुंचे अवधेश ने उसे ग्राम नगला दिलू स्थित सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टर ने तिर्वा मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। वहां कुछ देर चले उपचार के बाद किरन की मौत हो गई। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई।

सत्संग में मौजूद सत्संगी व इनसेट में महात्मा सत्यप्रकाश। अमृत विचार

पारस तो सोना करे, गुरु करे आप समान

गुरसहायगंज। नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में रविवार को संत निरंकारी सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें महात्मा सत्यप्रकाश ने सत्संग में कहा कि प्रभु का एहसास करते रहना ही निरंकार का स्पष्ट ज्ञान होता है। निरंकार सर्व शक्तिमान है। काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार, यह पांचों मनुष्य के शत्रु हैं। महात्मा सत्यप्रकाश ने कहा कि गुरु की शरण में जाने से मनुष्य के अंदर विशालता और सहनशीलता जैसे दिव्य गुणों का समावेश होने लगता है। फिर उस मनुष्य का जीवन सांसारिक मोह माया से ऊपर उठकर कमल की भांति होता है। कहा कि फिर मनुष्य भौतिक खींचतान से दूर, जो उसे प्राप्त है, उसका आनंद प्राप्त करता है। विद्वानों ने लिखा है कि सद्गुरु और पारस में बड़ो अंतरो जान, पारस तो सोना करें, गुरु करें आप समान। सत्संग में मुखी महात्मा विपिन कुमार, जगदीश, दसरथ, रामकरण, योगेंद्र, अशोक, शिवा, राहुल, नवीन, सत्यराम, ईश्वर दयाल, विजय, पारुल, सुनीता, मुन्नी, ऊषा, छाया, जानकी, रामा, आरती, रजनी, मालती आदि सत्संगी मौजूद रहे।

नौकरी से निकालने पर ट्रक चालक ने मालिक को पीटा

सौरिख,कन्नौज। ट्रक मालिक को चालक को नौकरी से निकालना महंगा पड़ गया। चालक ने साथियों के साथ मिलकर उससे मारपीट की और जान से मार देने की धमकी दी। पुलिस ने सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कस्बा के बिधूना रोड निवासी अरुण कुमार पुत्र रामावतार ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसका ट्रक सरवाई निवासी चालक सत्येंद्र पुत्र गयादीन यादव चलाता था। कुछ दिन पूर्व शराब पीने का आदी होने के कारण उसे चालक की नौकरी से निकाल दिया। इसी बात की रंजिश मानते हुए चार मार्च को उसने अपने साथी जनपद औरैया के थाना एरवा कटरा के गांव नगला वाले निवासी अनुज, कल्लू, सरवाई निवासी कक्का और पांच अज्ञात साथियों को लेकर बिधूना रोड स्थित शानू मोटर्स के सामने आकर गालीगलौज कर मारपीट शुरू कर दी। आसपास लोगों को आता देख उक्त लोग मौके से भाग गए। उसके बाद आए दिन फोन पर गालीगलौज व जान से मारने की धमकी देते हैं और ट्रक न चलवा पाने की भी धमकी देते हैं। पुलिस ने सभी लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज का जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी।

पुलिस के प्रयास से 25 दंपति फिर साथ रहने को हुए राजी

उन्नाव। आपसी मनमुटाव के बाद थाने कोतवालियों तक पहुंचे पति पत्नियों के विवाद को सुलह समझौता से निस्तारित कराने के लिए जारी मुहिम के तहत रविवार को परिवार परामर्श केंद्र व महिला हेल्प डेस्को में विवादित जोड़ों को बुलाया गया। दंपतियों सहित उनके परिजनों की काउंसलिंग के बाद 25 जोड़े गिले शिकवे भूलकर फिर साथ रहने को राजी हुये। पति पत्नी के बीच के आई दरार को पाटने के लिए एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर रविवार को पुलिस परिसर में एएसपी दक्षिणी प्रेमचंद की अध्यक्षता में परिवार परामर्श केंद्र व थानों कोतवालियों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क में दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद आपस में वार्ता कराई। इसके बाद 25 जोड़ो को शुभकामनाएं देकर विदा किया गया। इसमें महिला थाना से नौ, परिवार परामर्श केन्द्र से चार, थाना सोहरामऊ से तीन, गंगाघाट, हसनगंज कोतवाली व औरास थाने से दो-दो, सदर कोतवाली बांगरमऊ व रिपोर्टिंग पुलिस चौकी महिला थाना बीघापुर से एक-एक जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। इसमें में डा. आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों में डा. मनीष सिंह सेंगर, डा. शशि रंजना अग्निहोत्री, डा .एसके पाण्डेय, प्रभा यादव, अबसार अली व सगीर अहमद सहित पुलिस टीम से इंस्पेक्टर परिवार परामर्श केन्द्र संतोष कुमारी सिंह, एसओ महिला थाना अर्चना, दरोगा भागीरथी, हेड कांस्टेबल मिथिलेश कुमारी, मीनू सोलंकी, प्रीती, शिखा यादव, दुर्गेश सहित अन्य की भूमिका रही।

समझौते से अधिक मिट्टी खोदने का आरोप

पुरवा उन्नाव। पुरवा तहसील क्षेत्र के गांव गदोरवा निवासी किसान हरीशंकर व प्रमोद ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव स्थित उनकी भूमि संख्या 73 व 74 हैं। इस पर गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण संस्था के ठेकेदार देव कुमार शर्मा से 50 हजार में तीन फीट मिट्टी खोदने की बात तय हुई थी लेकिन ठेकेदार ने करीब 10 फिट मिट्टी का खोदवा ली अधिक खोदी गई मिट्टी का रुपया भी नहीं दिया। समझौते के अनुसार उनकी जमीन को समतल भी नहीं कराया। एसडीएम रनवीर सिंह ने जांच के बाद कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

जज के विश्राम कक्ष से आई फोन समेत नकदी चोरी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में बने सिविल जज सीनियर डिवीजन के विश्राम कक्ष से किसी ने आईफोन समेत नकदी व महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी कर लिए। वरिष्ठ सहायक ने अज्ञात चोर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है।

वरिष्ठ सहायक अमित कुमार सेन ने बताया कि सिविल जज सीनियर डिवीजन मिलिंद कुमार सिंह शनिवार को अदालत में सुनवाई के लिए सुबह 10.30 बजे विश्राम कक्ष से न्यायालय कक्ष में गए तो अपने चेंबर में एक एक छोटा बैग छोड़ गए, जिसमें उनका आईफोन 15 प्रो, पत्नी की बैंक पासबुक व चेक बुक, उनकी बैक पासबुक, आधार कार्ड, हाईकोर्ट द्वारा जारी आईकार्ड, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड तथा 1500 रुपये रखे थे। वह विश्राम कक्ष की मेज के ड्रार में रखकर चले गए थे। जब वह डायस से दोबारा विश्राम कक्ष में आए तो उक्त सभी सामान गायब था। चेंबर का दरवाजा भी खुला मिला। पुलिस ने वरिष्ठ सहायक की तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। जल्द ही चोर को गिरफ्तार कर माल बरामद किया जाएगा।

- सिविल जज सीनियर डिवीजन के वरिष्ठ सहायक ने लिखाई रिपोर्ट

लू से निपटने का इंतजाम करें अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। आग लगने की घटनाओं व लू के थपेड़ों के प्रबंधन को लेकर जिलाधिकारी ने कलक्ट्रेट में विभागीय समेत अन्य अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान इससे निपटने की योजना पर चर्चा की।

जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने कहा कि आने वाले दिनों में गर्मी का प्रकोप और होगा। इससे आग लगने समेत अन्य दिक्कतें उत्पन्न हो सकती है। अग्निशमन विभाग बढ़ते तापमान को देखते हुए अग्निकांड की संभावित घटनाओं को लेकर योजना तैयार करे। आग लगने वाले स्थान पहले से चिन्हित कर लिये जायें। अग्निशमन उपकरण चालू हालत में रहें। उन्होंने समस्त तहसीलदार को निर्देश दिए कि अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों के फोन नंबर स्वयं रखें तथा लेखपालों को उपलब्ध कराएं, ताकि अग्निकांड जैसी अप्रिय घटनाओं को लेकर समय से सूचित किया जा सके। पुलिस विभाग अग्निकांड की घटनाओं के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने तथा कड़ी धूप में लोगों को एकत्रित कर सभा न किये जाने तथा कड़ी धूप में सुचारु ट्रैफिक व्यवस्था बनाये रखे।

परिवहन विभाग बस स्टैण्डो व अन्य यात्री रुकने वाले स्थानों पर छाया एवं पेयजल की व्यवस्था करेगा। नगर पालिका एवं नगर पंचायत प्रमुख स्थानों पर प्याऊ लगाने की व्यवस्था करेगे। वन विभाग पौधों में पानी देने की व्यवस्था करे। वन क्षेत्रों में पशु-पक्षियों के लिये पेयजल आपूर्ति व तालाब, झीलों में पानी की व्यवस्था बनाये रखें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि नागरिकों को लू से बचाव हेतु अतिरिक्त स्टॉफ को प्रशिक्षित कर जागरूकता के कार्यक्रम चलाये जाये। अस्पतालों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में ओआरएस के पर्याप्त स्टॉक की व्यवस्था की जाए। श्रम विभाग औद्योगिक एवं अन्य श्रमिकों के लिए गर्मी संबंधित बीमारियों से बचने के लिये जागरुकता शिविर का आयोजन किया जाये। शिक्षा विभाग समस्त शैक्षिक संस्थानों में छाया एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाये। इस मौके पर सीडीओ राम कृपाल चौधरी, एडीएम आशीष कुमार सिंह ने बी जानकारी दी। इस मौके पर उपायुक्त मनरेगा, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

- डीएम ने विभागीय समेत अन्य अधिकारियों की बैठक ली

जनता को दिलाया सुरक्षा का भरोसा

गुरसहायगंज। कोतवाल जयप्रकाश शर्मा ने उपनिरीक्षकों, पुलिस कर्मियों व एबीपीएन आसाम आर्म्ड पुलिस बल के साथ रविवार को आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मद्देनजर नगर सहित क्षेत्र के बरनेबल व क्रिटिकल मतदान केंद्रों व क्रिटिकल मजरों में भ्रमण कर जनता को शांति व सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इसमें पुलिस ने कस्बा समधन, दारासराय, ग्राम मझपुरवा, सराय प्रयाग, इस्माइलपुर, डुंडवाबुजुर्ग, मुरादगंज, नगर के मोहल्ला गांधी नगर, तिर्वा रोड, जीटी रोड, फर्रुखाबाद रोड, चकोर गली में भ्रमण कर अराजकतत्वों की तलाश की और जनता को सुरक्षा व्यवस्था का संदेश दिया। इस दौरान उपनिरीक्षक रोबिन सिंह, विनय शर्मा, चन्द्रभान सिंह, राजेश प्रताप, राहुल पाल, रविन्द्र सिंह, नीरज शर्मा मौजूद रहे।

वरिष्ठ नागरिकों ने चित्रकला में दिखाया हुनर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जिला मुख्यालय पर पहली बार वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बुजुर्गों ने उत्साह से प्रतिभाग करते हुए अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। दो पुरस्कार वरिष्ठ नागरिक समिति की झोली में आए।

एनाग्राम फाउंडेशन के संचालक सौरभ चौहान ने बताया कि संस्था वरिष्ठ नागरिकों एवं युवाओं के लिए कार्यरत है। संस्था की तरफ से आयोजित प्रतियोगिता में 25 वरिष्ठ नागरिकों ने प्रतिभाग किया। एक निजी स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि एवं निर्णायक मंडल के सदस्य सेवानिवृत्त जिला जज एम पी सिंह चौहान एवं सुरेंद्र नाथ त्रिपाठी ने विजेताओं का चुनाव किया। प्रथम पुरस्कार मोहम्मद हनीफ़, द्वितीय उर्मिला देवी वर्मा एवं तृतीय पुरस्कार स्मरजित अग्निहोत्री, प्रमोद कुमार मिश्र एवं सुरेश्वरचार्य अग्निहोत्री ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। संस्थापक चौहान ने बताया कि कन्नौज में "अनुभव" संसाधन केंद्र की स्थापना की जाएगी जिसमें वरिष्ठ नागरिकों के लिए विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यहां पुस्तकालय और मासिक गतिविधियों का प्रारंभ किया गया है। केंद्र की सदस्यता एवं सभी सेवाएं वरिष्ठ नागरिकों के लिए निशुल्क उपलब्ध होंगी।

चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर वरिष्ठ नागरिक मो. हनीफ को पुरस्कृत करते रिटायर्ड जज एमपी सिंह, सुरेंद्र त्रिपाठी व साथ में आईपीएस चौहान।

मोबाइल छीन भाग रहे लुटेरे हादसे में घायल

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

अमृत विचार। फर्रुखाबाद निवासी ओमप्रकाश अपनी पत्नी उषा देवी के साथ बाइक से छिबरामऊ के ग्राम पटकुलिया अपनी ससुराल आ रहे थे। रास्ते में पुलिस चौकी जरारी के पास दो बाइक सवार लुटेरों ने उषा का मोबाइल छीन लिया। दंपति के शोर मचाने पर आस पास के लोगों ने उनका पीछा किया। रफ्तार अधिक होने के चलते लुटेरों का सन्तुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से दोनों लुटेरों को सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया।

इलाज के बाद चिकित्सक ने डॉ. भीमराव आम्बेडकर राजकीय चिकित्सालय तिर्वा के लिए रेफर कर दिया।

- डॉ. भीमराव आम्बेडकर राजकीय चिकित्सालय रेफर

उपलब्धि | शैक्षिक संवाद मंच उत्तर प्रदेश में किया गया चयन, विद्यालय को आनंदघर बनाने का किया प्रयास

शिक्षक आलोक को मिला गिजूभाई बधेका सम्मान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। विद्यालय को आनंदघर बनाने के लिए प्रयत्नशील युवा शिक्षक आलोक प्रताप सिंह को गिजूभाई बधेका सम्मान प्रदान किया गया। शैक्षिक संवाद मंच उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित हुए कार्यक्रम में सदर ब्लाक के कंपोजिट विद्यालय उदैतापुर के सहायक अध्यापक को यह पुरस्कार दिया गया है।

शैक्षिक संवाद मंच उत्तर प्रदेश द्वारा शैक्षिक अनुभव समीक्षा पर आधारित छह पुस्तकों का विमोचन लखनऊ चारबाग में किया गया, जिसमें कन्नौज जनपद से आलोक को सम्मानित किया गया। विद्यालय को आनंदघर बनाने के लिए निरंतर प्रयत्नशील शैक्षिक संवाद मंच द्वारा रचनाकारों को समय समय पर विभिन्न विधाओं में लेखन का प्रशिक्षण भी दिया गया। इसके अतरिक्त शैक्षिक अनुभवों पर आधारित लेखों के संग्रह 'शब्द कसौटी पर' का विमोचन भी इसी कार्यक्रम में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुल्तानपुर से शिक्षाविद् एवं कहानीकार दिनेश प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि प्रखर विकास लखनऊ के संपादक विजय कुमार उपाध्याय, लेखकर एवं शिक्षाविद् डॉ. रामप्यारे प्रजापति, कार्यक्रम के संयोजक प्रमोद दीक्षित समेत कई कवि एवं लेखक उपस्थित थे।

शिक्षक आलोक प्रताप सिंह को सम्मानित करते शिक्षाविद् विजय उपाध्याय।

प्रतियोगिता में बच्चों ने की दिमागी कसरत

गुरसहायगंज। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता से बच्चों में मानसिक विकास होता है। बच्चों को सफलता के लिए संघर्ष करने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा भी मिलती है। यह बात संचालक दीपक यादव ने कही। रविवार को ग्राम डम्मरपुरवा अमोलर स्थित राजकुमारी मेवाराम हायर सेकेंडरी स्कूल में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 886 बच्चों ने भाग लिया। प्रबंधक अशोक कुमार ने बताया कि सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इस दौरान सुनील, सत्यप्रकाश यादव, मूलचंद्र, विपिन, नवीन, शालू रूबी आदि शिक्षण व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के दौरान मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार। अमृत विचार

सरकारी जमीन पर हो रहे निर्माण को नायब तहसीलदार ने रुकवाया

छिबरामऊ, कन्नौज। सरकारी जमीन पर निर्माण की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और निर्माण कार्य रुकवा दिया। वहीं निर्माण करा रहे लोगों ने जमीन को अपना बताया है।

क्षेत्र के ग्राम नगला दिलू स्थित सौ शैय्या अस्पताल के सामने पड़ी सरकारी जमीन पर गांव के अजय व महावीर निर्माण करा रहे थे। इसकी सूचना किसी ने नायब तहसीलदार भरत कुमार को दे दी। सूचना मिलते ही वह राजस्व टीम में साथ मौके पर पहुंच गए और निर्माण कार्य रुकवा दिया।

गांव के प्रेमचंद, राजवीर, नरेंद्र, मुलायम, रामनरेश, राजबहादुर, रामऔतार ने बताया कि सौ शैय्या अस्पताल निर्माण के दौरान उनकी जमीन का अधिग्रहण किया गया था। उसके बदले में उन्हें अस्पताल के सामने 88 डिसमिल जमीन दी गई थी। उसी जमीन पर निर्माण कार्य हो रहा था। इस सम्बंध में नायब तहसीलदार ने बताया जमीन की पैमाइश कराने के बाद ही निर्माण की अनुमति दी जायेगी।

दिव्यांग ने कीटनाशक निगल कर दी जान

उन्नाव। सड़क हादसे में दोनों पैर गवां चुके दिव्यांग अधेड़ ने परेशान होकर घर में रखा कीटनाशक निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे बीघापुर पीएचसी लाए। जहां से जिला अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। अस्पताल से मिले मेमो पर बीघापुर कोतवाली पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों के सुपुर्द किया।

बीघापुर कोतवाली के बहुराजमऊ गांव निवासी ब्रजेश सिंह (45) पुत्र स्व. जगदेव सिंह ट्रक चालक था। शनिवार शाम को उसने घर में रखा कीटनाशक निगल लिया। हालत बिगड़ने और उल्टियां शुरू होने पर घर वालों को इसकी जानकारी हुई। उसे परिजन बीघापुर सीएचसी लेकर आए। जहां से डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया लेकिन जिला अस्पताल पहुंचने से पहले उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल प्रशासन के मेमों पर शव को मोर्चरी में रखाया गया।

6 हजार उपभोक्ताओं के मीटर नहीं बदल सका बिजली विभाग

खराब मीटरों के चलते विद्युत विभाग को लग रहा चूना

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। बिजली विभाग के सख्त निर्देश हैं कि सभी उपभोक्ताओं के यहां शत-प्रतिशत मीटर लगाकर बिल की वसूली हो। मगर जनपद में ऐसा होता नहीं दिख रहा है। जनपद में हजारों उपभोक्ताओं के मीटर खराब पड़े हैं, जिससे उनके यहां बिल नहीं पहुंच पा रहे। खराब मीटर वाले उपभोक्ताओं के यहां बिजली आपूर्ति होने से विभाग को लाखों रुपये का चूना लग रहा है। एक माह के अंदर ग्रामीण क्षेत्र से 12 उपभोक्ताओं ने मीटर बदलने के लिए आवेदन किए हैं।

करीब दो माह पहले निरीक्षण पर आए एमडी ने 15 फरवरी तक उपभोक्ताओं के खराब पड़े बिजली मीटर शत-प्रतिशत बदलने के निर्देश दिए थे। मगर अभी भी करीब 6000 उपभोक्ताओं के यहां मीटर नहीं बदले गए हैं। ग्रामीण इलाकों में स्थिति ज्यादा दयनीय है। मीटर खराब होने के बावजूद उपभोक्ता बिजली तो जला रहे हैं, लेकिन उनके यहां बिल नहीं पहुंच रहा। इसके चलते विभाग को हर माह लाखों रुपये का चूना लग रहा है। उपभोक्ता भी इकट्ठा बिल आने की चिंता में घुले जा रहे हैं। अधिकारी भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे। मीटर बदलने के लिए आवेदन तो आते हैं, लेकिन उन्हें बदला नहीं जा रहा। एक माह में ग्रामीण क्षेत्र के 12 उपभोक्ताओं ने मीटर बदलने के लिए अधिशासी अभियंता ग्रामीण के यहां आवेदन किए। इनमें किसी ने मीटर जला तो किसी ने खराब होने शिकायत की है।

बोले जिम्मेदार

12 लोगों के मीटर बदलने के आवेदन आए थे। आवेदन पत्रों को मीटर विभाग को भेज दिया गया है। मीटर विभाग ही मीटर लगवाएगा।

– **सुरेंद्र कुमार**, अधिशासी अभियंता, फर्रुखाबाद ग्रामीण

जनपद में आईडीएफ ज्यादा है, जिस वजह से दिक्कत आ रही है। फिर भी लगातार मीटर बदले जा रहे हैं। जल्द ही शत-प्रतिशत मीटर बदल दिए जाएंगे।

–**समीउल्लाह**, अधिशासी अभियंता, मीटर विभाग

एक ट्रांसफार्मर, दूसरे से कापर व तेल चुरा ले गए चोर

क़ायमगंज। गांव कुबेरपुर निवासी संजेश कुमार पुत्र रामसिंह गंगवार का खेत है उसमे लगी फसलों की भराई करने के लिये नर्सिंगपुर पितौरा मार्ग पर सड़क के किनारे नया समर का कनेक्शन कराया था । रात मे चोरो ने समर के कमरे का ताला तोडा और अंदर रखा ट्यूवेल का सारा सामान व पोल पर रखा ट्रांसफार्मर चोरी कर ले गये । जिसकी सूचना पुलिस को देकर चोरों के खिलाफ तहरीर दे दी गयी है। दूसरी घटना में टेरीकौन के पास की है। एक खेत मे लगा ट्रांसफार्मर के अंदर का कॉपर का सारा सामान चोरब निकाल ले गए। पास में ही तेल फैला पड़ा व ट्रान्फार्मर की बॉडी कुछ दूरी पर शीशम की झाड़ियों से ढका हुआ मिला। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

प्रशिक्षण में गैर हाजिर कार्मिकों पर दर्ज होगी रिपोर्ट

फर्रुखाबाद। लोकसभा चुनाव के लिए मतदान कर्मियों के साथ जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट और माइक्रो ऑब्जर्वर को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। सोमवार से मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण शुरू होगा। प्रशिक्षण में शामिल न होने वाले मतदान कर्मियों के खिलाफ एफआईआर की तैयारी की जाएगी।

जनपद में 13 मई 2024 को लोकसभा चुनाव का मतदान है।

इसके लिए मतदान कर्मियों की ड्यूटी बांटी जा चुकी है। पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी प्रथम को प्रशिक्षण सोमवार से 2 पालियो में दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ,डीएम डॉक्टर वीके सिंह ने शहर के नेकपुर स्थित सेंट एंथोनी स्कूल को प्रशिक्षण केंद्र बनाया है। 8, 9, 10 और 13 अप्रैल 2024 को दो पालियो में मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण कराया जाएगा । पहली पाली में सुबह 9:00 बजे से 12:00 तक और दूसरी पाली में दोपहर 1:30 बजे से शाम 4 बजे तक, 15 प्रशिक्षण केंद्रों में होगा। डीएम ने कहा कि जो भी मतदान कर्मी प्रशिक्षण में भाग नहीं लेंगे उन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

नवरात्र पर सजे माता के दरबार

मान्यता है कि गुड़ गांव देवी मंदिर की स्थापना महाभारत काल में पांडवों ने कराई थी। इस मंदिर पर दस दिन तक मेला लगता है। यहां दूर-दराज से लोग आकर पूजा अर्चना करते हैं। इस मंदिर का इतिहास महाभारत से जुड़ा होने के कारण अधिक मान्यता है। ● अमृत विचार

मठिया देवी मंदिर रेलवे रोड पर बना है। मान्यता है कि 2500 साल पुराने इस मंदिर को अंग्रेजों ने हटाने का प्रयास किया लेकिन माता रानी की कृपा से वह हटा नहीं सके। नवरात्र के समय ही नहीं यहां हर शुक्रवार और सोमवार को मेला लगता है।

शीतला माता बढ़पुर मंदिर : शीतला माता की मूर्ति एक तालाब में मिली थी। इस मंदिर पर नवरात्र में जिले से ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों से देवी भक्त आकर पूजा-अर्चना करते हैं। कानपुर फर्रुखाबाद मुख्य मार्ग पर मंदिर है। यहां भक्तों की उमड़ी भीड़ की वजह से हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। ● अमृत विचार

गवां देवी मंदिर फतेहगढ़ : यह मंदिर मूक-बधिर विद्यालय के पास बना हुआ है। नवरात्र भर यहां मेला जैसा माहौल रहता है। मान्यता है कि यहां जो भी भक्त आता है वह कभी खाली हाथ नहीं जाता। यहां नवरात्र भर सत्संग की अनवरत गंगा बहती हैं। ● अमृत विचार

फोटो ग्राफर समय के साथ अपने को अपडेट करें

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। आधुनिक फोटोग्राफी उपकरणों की प्रदर्शनी एवं कार्यशाला का आयोजन फर्रुखाबाद कैमरा फोटोक्लब के सौजन्य से किया गया। इसमें आधुनिक युग के बदलते हुए प्रवेश में फोटोग्राफी उपकरण कैमरा, पेंटर, फोटो फ्रेम, एल्बम आदि की प्रदर्शनी लगाई गई ।इसी दौरान कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के फोटोग्राफर को अपने व्यवसाय में कुशलता एवं निपुणता के लिए जानकारी दी गई। इससे उनकी क्वालिटी एवं गुणवत्ता के निखार आ सके। वह समय के साथ अपनी कार्य शैली में परिवर्तन लाएं। वर्तमान समय में दुनिया में वैश्वीकरण की ओर बढ़ रही है। हमें उसी की साथ चलना होगा। यह बात मुख्य अतिथि सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने कही। कहा फोटोग्राफी समय के साथ बदले का जमाना आ गया है। जो की काफी एडवांस्ड टेक्नोलॉजी है। उन्होंने सभी फोटोग्राफर के साथ कहा कि समय के साथ अपने आप को अपडेट करें ।इस अवसर पर जिला प्रभारी अमित राठौर ने सभी का स्वागत किया। जिला अध्यक्ष मुकेश शुक्ला ने सभी का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। नगर के सैकड़ों फोटोग्राफर एवं गणमान्य व्यक्तियों ने आधुनिक फोटोग्राफी के बदलते स्वरूप का अवलोकन कर ज्ञानवर्धन किया। नगर के समाज सेवी संजय गर्ग ने जिला अध्यक्ष मुकेश शुक्ला को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। जिला अध्यक्ष मुकेश शुक्ला, जिला प्रभारी अमित राठौर, रविंद्र भदौरिया, अनिल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

बाइक रैली में गूंजे झूलेलाल के जयकारे, भक्तों ने की पुष्पवर्षा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। भगवान श्री झूलेलाल जयंती के अवसर पर शहर के मुख्यमार्गों से सिंधी समाज की बाइक रैली निकाली गई। जगह-जगह रैली का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

रविवार को गुरुगांव देवी मंदिर में सिंधी समाज के लोग एकत्र हुए। यहां से पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष आत्माराम डबानी ने झंडी दिखाकर बाइक रैली रवाना की। रैली के दौरान पैदल चल रहे समाज के लोग ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाचते-गाते हुए चल रहे थे। उत्साह इतना कि गर्मी का भी कोई असर नहीं दिखाई दे रहा था। महिलाएं, युवतियां और बच्चे भी पीछे नहीं थे। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर बाइक रैली का स्वागत किया गया। पक्कापुल पर रैली में शामिल लोगों को जलपान भी कराया गया। बाइक रैली पक्कापुल, किराना बाजार, चौक, रेलवे रोड से होती हुई सिंधी कॉलोनी स्थित सिंधु मैदान पहुंची, जहां समापन हो गया। इस अवसर पर ईश्वर दास शिवानी, मुरलीधर ओचाणी, भारतीय सिंधु सभा के जिलाध्यक्ष दीपक गबरानी, सोनी सिंधी, हेमंत शिवानी, किशोर शिवानी, चंदन शिवानी, पवन मोरवानी, नीतू शिवानी, रितिका, हर्षा, निकिता शिवानी मौजूद रहे।

बाइक रैली निकालते सिंधी समाज के लोग। अमृत विचार

विवादित मकान की मरम्मत रुकवाई

कायमगंज। क्षेत्र के गांव नरसिंहपुर निवासी वंदना ने कोतवाली में दिए प्रार्थना में कहा कि उसके ससुर कामता प्रसाद ने एक प्लाट गांव के ही निवासी विद्यासरन व रामभरोसे से क्रय किया था, जिस पर उसका कब्जा है। महिला का कहना है प्लाट पर उसके ससुर ने मकान बना लिया था। अब उस मकान की मरम्म चल रही है। गांव के ही कुछ लोग मकान की मरम्मत नहीं होने दे रहे हैं। महिला की शिकायत पर एसडीएम यदुवंश कुमार वर्मा, राजस्व व पुलिस की टीम के साथ मौके पर पहुचे और जांच की। नायब तहसीलदार मनीष कुमार ने बताया कि मकान तालाब की भूमि है जिस पर लगभग एक दर्जन मकान बने हुए है। यह जांच का विषय है। नायब तहसीलदार ने महिला को निर्देश दिए है जब तक जांच पूरी न हो जाए वह निर्माण कार्य न कराएं।

सार-संक्षेप

ममता हुई शर्मसार: दीवार पर रखा मिला नवजात का शव

फर्रुखाबाद। थाना व कस्बा शमशाबाद चौराहे के पास नगर पंचायत कार्यालय के सिटी गार्डन पार्क की दीवार पर कलयुगी मां ने काली पॉलीथिन में नवजात को रखकर चली गई। पुलिस ने जब देखा तो उसे नवजात मृत मिला। सुबह 7 :00 बजे के लगभग राहगीरों ने काली पॉलीथिन को देखा तो उसमें नवजात शिशु का हाथ दिखाई दे रहा था। इसकी सूचना थाना अध्यक्ष बलराज भाटी को दी गई। थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया कि नवजात कहा से आया, इसकी जांच कराई जा रही है।

महर्षि कश्यप व निषाद राज जयंती पर निकली शोभायात्रा

क़ायमगंज। महर्षि कश्यप और निषाद राज की जयंती पर शोभायात्रा बड़े धूमधाम के साथ निकाली गई। शोभा शुभारम्भ ग्राम घसिया चिलौली में बड़ी देवी से हुआ। इसके बाद कस्वा के मुख्य मार्ग जटवारा, मैन चौराहा, श्यामा गेट ,बजरिया तहसील रोड, चिलांका, पुलिया, पतवनगली होते हुए से ट्रांसपोर्ट चौराहा एवं जटवाड़ा रोड से माता बड़ी देवी मंदिर के पास समापन हुआ। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स भी साथ में चल रहा था। इस मौके पर भईयालाल बाथम, उमेशचन्द्र वाथम, नरेश बाथम, सत्यम बाथम, संजेश कुमार आनमोल कश्यप, प्रकाश बाथम,बाबूराम वानाम , वलवीर कश्यप , मंजूलता राशी वाथम सलौनी वाथम , रामनिवास विनीता, शकुन्तला सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

चांदपुर में दिलाई गई मतदान करने की शपथ

फर्रुखाबाद। जिलाधिकारी के निर्देश पर चल रहे मतदाता जागरुकता अभियान के तहत ग्राम सभा चांदपुर में रविवार को महिला मतदाता हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस दौरान मतदाताओं को मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई। मतदाता जागरूकता अभियान प्रभारी भारती मिश्रा ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि महिलाओं ने राष्ट्र निर्माण में सदैव योगदान दिया है। एक बार पुन: उनके योगदान की महत्ती आवश्यकता है। आप सभी से निवेदन है की इस बार 13 मई को होने वाले चुनाव में अपने परिवार के साथ शत-प्रतिशत वोट डालने का संकल्प लें। इस दौरान महिलाओं से मतदान करने के लिए हस्ताक्षर भी कराए गए। इस अवसर पर पूनम रानी, चांदनी, दिव्यांशी, लाली देवी, सीता, चंद्रकला, राम देवी ,बसंती ,शीला, सुरेखा, चंद्रिका, मनोरमा देवी, माला देवी, पुष्पा देवी, सुमन, चांदनी, चांदनी कटियार, सविता, शालिनी, कनका कुमारी, प्रेमलता, श्रीदेवी,कुसुमा ने शपथ ग्रहण कर हस्ताक्षर किए।

युवक को जहरीले कीड़े ने काटा

कायमगंज। फर्रुखाबाद क्षेत्र के रायपुर निवासी आरिफ को जहरीले कीड़े ने काट लिया। गंभीर हालत में परिजन सीएचसी लाए। जहां उसका इलाज किया गया।

किशोरी ने पीया जहर

कायमगंज। क्षेत्र के गांव सुभानपुर में संगम ने संदिग्ध हालात में कीटनाशक पदार्थ पी लिया। परिजन गंभीर हालत में सीएचसी लाए। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

ऊंचाई से गिरकर बालक गंभीर घायल

कायमगंज। मोहल्ला गंगादवाजा निवासी विनोद का दस वर्षीय अर्जुन ऊचाई से गिरकर घायल हो गया। परिजन सीएचसी लाए, जहां उसका इलाज किया गया।

झोपड़ी में लगी आग, हजारों का सामान खाक

अमृतपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचम नगला निवासी ननकू पुत्र तेजराम की झोपड़ी में अज्ञात कारणों से आज सुबह आग लग गई। आग लगने के बाद झोपड़ी के अंदर रखी चारपाई बिस्तर रजाई व अन्य घरेलू सामान जल कर राख हो गया। ग्रामीणों ने पंपिंग सेट चलकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने की सूचना तहसील प्रशासन को दे दी गई।

सपा जिला महासचिव से मारपीट का आरोप

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

● सपा कार्यकर्ताओं पर ही लगा मारपीट करने का आरोप

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर आयोजित बैठक में जिला महासचिव के साथ मारपीट कर पार्टी के अनुशासन को तार-तार किया गया है। मारपीट करने के बाद आरोपी सपा कार्यकर्ता मौके से फरार हो गए।

शहर के आवास विकास स्थित सपा के जिला कार्यालय पर रविवार को लोहिया वाहिनी व छात्र सभा की जिला कमेटी की घोषणा की जानी थी। जिसको लेकर बैठक चल रही थी। जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल कार्यालय में ही मौजूद थे। उसी दौरान जिला महासचिव इलियास मंसूरी कार्यालय पंहुचे। जहां सपा के कुछ कार्यकर्ताओं ने इलियास मंसूरी के साथ जमकर मारपीट कर दी। जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल यादव आदि जबतक कुछ करते उससे पहले आरोपित मौके से फरार हो गये। घटना ने पार्टी के भीतर चल रही भीतर घात को उजागर कर दिया। लोकसभा चुनाव सिर पर हैं लेकिन सपा के कार्यकर्ता चुनाव को धार देने की जगह आपसी दुश्मनी का हिसाब किताब करने में लगे हैं। मारपीट कराने का आरोप एक सपा के चेयरमैन पति पर लगाया जा रहा है। जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने फिलहाल कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया है। सपा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल यादव ने बताया कि यह पार्टी का मामला है। मारपीट नहीं हुई है। कहा सुनी हुई थी। फिर भी मामले की जांच कराकर यदि कुछ सामने आता है तो पार्टी कार्रवाई करेगी।

महासचिव इलियास मंसूरी।

मशक्कत के बाद नाले से गाय को निकाला

फर्रुखाबाद। फतेहगढ़ के मोहल्ला ग्रानगंज स्थित नाला में गाय गिर गई। रविवार सुबह किसी तरह गाय गिर गई। सुबह जब मोहल्लेवासियों ने नाले में गाय को गिरा देखा तो इसकी जानकारी नगर पालिका प्रशासन को दी। दोपहर बाद तक पालिका का कोई भी कर्मचारी जेसीबी लेकर मौके पर नहीं पहुंचा। पालिका के अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार को मोबाइल पर नाले में गाय गिरे होने की जानकारी दी। ईओ ने पालिका कर्मचारियों को जेसीबी के साथ घटनास्थल पर भेजा। कर्मचारियों ने काफी मशक्कत के बाद गाय को नाले से बाहर निकाला।

धर्म को राजनीति से दूर रखें

संवाददाता कायमगंज फर्रुखाबाद

● पीस कमेटी की बैठक में सीओ एसडीएम ने दिए निर्देश

अमृत विचार। धर्म को राजनीति से दूर रखा जाए। किसी भी दल का चुनाव प्रचार न किया जाए। यह बात पीस कमेटी की बैठक में एसडीएम व सीओ ने रविवार को कही। वह कोतवाली परिसर में नवरात्र, ईद, रामनवमी व आंबेडकर जयंती को लेकर शांति व्यवस्था बनाये रखने पर चर्चा कर रहे थे। इस मौके पर एसडीएम व क्षेत्राधिकारी ने लोगों से सभी त्योहारों को शातिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। लोगों से कहा कि किसी भी तरह के धार्मिक कार्यक्रमा में किसी भी पार्टी के प्रचार से बचें व आचार संहिता उल्लघन न करें। रामनवमी त्योहार को लेकर उपजिलाधिकारी ने बताया कि नवरात्र शुरु होने से पहले नगर पालिका के द्वारा बड़ी देवी मंदिर व फूलमती मंदिर समेत मंदिरों की साफ सफाई कराई जाएगी। नवरात्र त्यौहार को लेकर मछली मण्डी को पूर्णतया बंद करने के निर्देश दिए। ईद को लेकर क्षेत्राधिकारी ने नगर व आस पास की मस्जिदों में होने वाली नमाज को सुरक्षा के कड़े इंतजाम को लेकर दिशा निर्देश दिए। साथ ही ईद की नमाज के समय के बारे में भी जाना। इस मौके पर डा. विकास शर्मा, संजय गुप्ता, सुबोध गुप्ता उर्फ मंशा राम आदि मौजूद थे।

सियासत | स्वतंत्रता के बाद हुए 17 आम चुनाव में यहां के मतदाता 14 बार सत्ता की हवा में ही बहे

इंदिरा की लहर में भी जनता पार्टी से चुनाव जीते थे दयाराम

अभय प्रताप सिंह, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। स्वतंत्रता के बाद हुए 17 आम चुनाव में यहां के मतदाता 14 बार सत्ता की हवा में ही बहे। जिस दल ने दिल्ली में सत्ता संभाली उस दल के प्रत्याशी के सिर पर जीत का सेहरा सजाया। केवल तीन बार ही विपक्ष में बैठी पार्टी के प्रत्याशी को मतदाताओं ने संसद की राह दिखाई।

वर्ष 1992 के पहले लोकसभा चुनाव से 1977 तक 6 चुनावों में यहां के मतदाता सत्ता की हवा में बहते रहे। पहले पांच चुनावों में कांग्रेस ने दिल्ली में सत्ता संभाली यहां की जनता ने भी कांग्रेस प्रत्याशी को ही आशीर्वाद दिया। 1977 में जनता दल की सरकार बनी तो यहां के मतदाताओं ने सरकार में भागीदार भारतीय लोकदल के दयाराम शाक्य के सिर पर जीत का सेहरा बांध दिया। 1980 में मतदाता पहली बार सत्तारुढ़ हुई पार्टी के बजाय विपक्षी हवा में बहे।

इस चुनाव में 353 सीटे लेकर कांग्रेस ने धमाकेदार वापसी की। इंदिरा गांधी फिर प्रधानमंत्री बनी। पर स्थानीय मतदाताओं ने सत्ता से बाहर रहने वाले दल के प्रत्याशी पर विश्वास जताने के सिलसिले की शुरुआत कर दी।

इस चुनाव में कांग्रेस के सियाराम गंगवार हार गए। उन्हें जनता पार्टी के टिकट से लड़कर जीते दयाराम शाक्य ने 6110 वोटो से हरा दिया। दयाराम शाक्य को 77541 और कांग्रेस के सियाराम गंगवार को 71431 वोट मिले। यहां से जीतकर दयाराम संसद में विपक्षी खेमे में बैठे। विपक्ष के प्रत्याशी की जीत का दूसरा सेहरा बांध गया 1999 के चुनाव में इस चुनाव के नतीजे के बाद बीजेपी से अटल बिहारी वाजपेई तीसरी बार प्रधानमंत्री बने। लेकिन फर्रुखाबाद मतदाताओं ने भाजपा उम्मीदवार रामबक्श वर्मा की बजाय सपा के चंद्रभूषण सिंह मुन्नू बाबू को सांसद चुना।

इस चुनाव में समाजवादी पार्टी प्रत्याशी चंद्रभूषण सिंह को 222984 वोट मिले। जबकि भाजपा प्रत्याशी रहे रामबक्श वर्मा को 160422 वोट से ही संतोष करना पड़ा। इस चुनाव में उन्हें 62562 वोट से शिकस्त मिली। तीसरे स्थान पर कांग्रेस की लुईस खुर्शीद रही। इन्हें 155601 वोट मिले थे। 2004 में तीसरी बार यह इतिहास दोहराया गया।

कांग्रेस ने मनमोहन सिंह के नेतृत्व में दिल्ली में सरकार बनाई। इस चुनाव में भी मतदाताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी लुइस खुर्शीद को मुंह मोड़ लिया। चंद्रभूषण सिंह मुन्नू बाबू को फिर जीत का हासिल हुई। विगत चुनाव में तीसरे स्थान पर रहने वाली लुईस खुर्शीद 17384 वोट पाकर दूसरे स्थान पर रही। चंद्रभूषण सिंह मुन्नू बाबू ने 176129 वोट पाकर कांग्रेस प्रत्याशी को 2745 वोटो से हरा दिया। यह जिले के इतिहास में सबसे कम अंतर की जीत थी।



दयाराम शाक्य।

पूर्व सांसद चंद्रभूषण सिंह।

बीएसए को बूथों पर मिलीं खमियां

फर्रुखाबाद। लोकसभा चुनाव को लेकर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने परिषदीय विद्यालयों में बने बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूलों में कई खामियां मिलीं। कहीं शौचालय, मल्टीपल हैंडवॉश गंदे मिले तो कहीं प्रकाश व्यवस्था ठीक नहीं थी। बीएसए ने चुनाव से पहले व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश प्रधानाध्यापकों को दिए। बीएसए गौतम प्रसाद रविवार को प्राथमिक विद्यालय बहादुरगंज पहुंचे। शौचालय व मूत्रालय गंदे थे। कुछ टाइल्स भी टूटे थे। बूथ के कक्षों में एक-एक पंखा लगा था। ट्यूबलाइट व एलईडी बल्व नहीं लगा था। खिड़की में जाली भी नहीं थी। मल्टीपल हैंडवॉश गंदा था। रंगाई-पुताई भी नहीं हुई थी। प्राथमिक विद्यालय बीबीगंज में शौचालय का गेट टूटा था। बूथों की खिड़की में पल्ले नहीं लगे थे।

धर्मांतरण करवाने के आरोप में शिक्षक समेत तीन को पकड़ा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

● धर्म जागरण प्रमुख ने आरोपियों को पकड़ कर पुलिस को सौंपा

अमृत विचार। थाना मेरापुर क्षेत्र में दबे पांव ईसाई मिशनरियां धर्मांतरण करवा रही हैं। इसी थाना क्षेत्र में कई परिवारों का धर्मांतरण करा चुके एक शिक्षक समेत तीन लोगों को धर्म जागरण प्रमुख ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया है।

धर्म जागरण प्रमुख दिनेश सिंह तोमर ने बताया कि उन्हें पता लगा कि मेरापुर के गांव कुरार में कई परिवारों को धर्म परिवर्तन कराकर ईसाई बना दिया गया है। इस सूचना पर वह कुरार पहुंचे, जहां एक व्यक्ति के मकान में धर्म परिवर्तन का कार्य चल रहा था। उनके पहुंचते ही अन्य लोग वहां से भाग गए। उन्होंने धर्म परिवर्तन करने वाले सहित तीन लोगों को पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इनके पास से दो बाइबल तथा ईसाई धर्म की प्रचार सामग्री मिली हैं। दिनेश सिंह तोमर ने बताया कि ये लोग धर्म परिवर्तन कराने से पहले दलित परिवारों को तरह-तरह के प्रलोभन देते हैं। तोमर का आरोप है कि ये लोग एक साल से धर्मांतरण के कार्य में लिप्त हैं। कौशांबी का रहने वाली आरोपी शिक्षक मेरापुर के एक स्कूल में अध्यापन का कार्य भी करता है। आरोपी शिक्षक का कहना है कि वह कोई धर्म परिवर्तन नहीं करा रहा था। वह बीमार रहता था लोगों ने बताया कि कुरार में बाइबल का पाठ करने से बीमारी ठीक हो जाती है। इसलिए वह बाइबल पढ़ रहा था।

बेकाबू कार ने बाइक सवारों को रौंदा, वृद्धा की हुई मौत

ड्राइवर कार को छोड़कर मौके से हुआ फरार, लोग नाराज

संवाददाता ताखा, इटावा

अमृत विचार। बेकाबू कार ने तीन बाइकों पर सवार पांच लोगों को टक्कर मार दिया। जिसमें एक वृद्ध दपंति सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए। वृद्धा की इलाज के दौरान मौत हो गई। कार भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई, वहीं ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

ऊसराहार थाना क्षेत्र में सरसईनावर मार्ग पर रविवार दोपहर बेकाबू कार के ड्राइवर ने एक नहीं तीन बाइकों पर सवार लोगों को टक्कर मारी, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के एयरबैग खुल गए सड़क पर गिरे घायलों को छटपटाते देख कार ड्राइवर मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों के अनुसार कार ड्राइवर सौ से अधिक स्पीड में कार को दौड़ रहा था। वह सरसईनावर मार्ग पर कुछ दूर ही चला था कि सामने से जा रही तीन बाइकों में दो सौ मीटर की दूरी में टक्कर मार दी। बाइक पर गांव

हटीला के राकेश पाल की बेटियां निशू तथा शिखा को मामूली चोटें आई दूसरी बाइक पर जा रहा गांव मुरादाबाद के रहीश गंभीर घायल हो गया जबकि अन्य बाइक पर सवार गांव नगला हिम्मत में रहने वाले वृद्ध दंपति सहदेव एवं उनकी पत्नी फूलन देवी भी गंभीर रूप से घायल हो गए।

पीआरवी के जवानों ने सभी घायलों को सीएचसी सरसईनावर भेजा, वहां से गंभीर घायलों को सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वृद्धा फूलन देवी की इलाज के दौरान मौत हो गई।थानाध्यक्ष बेचन कुमार सिंह ने बताया कार सवार ने तीन बाईकों को टक्कर मारी है। सभी घायलों को इलाज के लिए भेजा गया है, जिनमें वृद्धा की मौत हो गई। घटना की जांच की जा रही है।

पागल कुत्ते ने आधा दर्जन लोगों को काटा

भरथना,इटावा। भरथना कस्बा के मोहल्ला बृजराज नगर में बीते तीन दिनों में एक आवारा कुत्ते ने जय किशन कठेरिया, मोहम्मद साहिल,अरविन्द कुमार,सावित्री देवी, गोलू,राजेश कुमार सहित आधा दर्जन लोगों को काट कर बुरी तरह जख्मी कर दिया । शनिवार की शाम बंदरों के झुंड़ ने मोहल्ला की संतोषी माता वाली गली में भीख मांगने निकली कल्लो देवी निवासी नगला हीरे पर अचानक हमला बोलकर लहूलुहान कर दिया। वार्ड सभासद शिवराम सिंह यादव ने कुत्ता काटने और बंदरों के काटने पर सभी घायलों को इलाज के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया है।

आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला गिरफ्तार

इटावा। धर्म विशेष के खिलाफ सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर आपत्तिजनक पोस्ट करके सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वह मोबाइल फोन भी बरामद हो गया जिसके माध्यम से पोस्ट की गई थी। एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव प्रक्रिया के चलते मीडिया सेल प्रभारी यशोदारानी टीम के साथ सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर सतर्क निगरानी कर रही हैं। सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के इरादे से धर्म विशेष के खिलाफ इंस्ट्राग्राम सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट देखे जाने पर मीडिया सेल टीम ने गंभीरता से लिया । इलेक्ट्रॉनिक व मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर थाना इकदिल क्षेत्र में गांव मानियामऊ का हिमांशु जाटव का नाम पता उजागर हुआ। सोशल मीडिया सेल प्रभारी तथा इकदिल थाना प्रभारी भीमसेन पोनिया ने दो टीमें बनाकर नेशनल हाईवे पर बिरारी ओवरब्रिज पर घेराबंदी करके हिमांशु जाटव को मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार कर लिया गया। इसके तार कहां कहां जुड़े हुए हैं। पुलिस हर गतिविधि की कड़ी निगरानी कर रही है किसी को सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने नहीं दिया जाएगा।

समस्याओं का समय से होगा निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। अंतर्जनपदीय शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में प्रदेश महामंत्री व जिलाध्यक्ष संजीव कुमार यादव के नेतृत्व में अन्य जनपदों से स्थानांतरित होकर आए खण्ड शिक्षा अधिकारियों गिरीश कुमार व अनुपम शुक्ला का बीएसए कार्यालय के सभागार में स्वागत किया गया।

संगठन के पदाधिकारियों, शिक्षकों ने उनका माल्यार्पण कर, प्रतीक चिन्ह भेंट कर,संगठन की पट्टिका व शॉल उड़ाकर सम्मान किया। प्रदेश महामंत्री, जिलाध्यक्ष संजीव कुमार यादव ने संगठन व शिक्षकों के स्तर से शिक्षक छात्र विद्यालय हित में उन्हें पूर्ण सहयोग की बात कही।

इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी बसरेहर अनुपम शुक्ला ने कहा कि वे सदैव शिक्षक हित में कार्य करेंगे तथा किसी भी शिक्षक को उनके स्तर से विभागीय कार्य में किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। खण्ड शिक्षा अधिकारी जसवन्तनगर गिरीश कुमार ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं का ब्लॉक स्तर पर समय से प्रभावी निस्तारण किया जाएगा,शिक्षिकाओं की चाइल्ड केयर लीव,मेडिकल लीव आदि कार्य बिना किसी सिफारिश के समय से किए जायेंगे। विनय कुमार, सुमति नारायण दीक्षित, अखिलेश कुमार, कवल किशोर, पारुल गुप्ता, स्वीटी मथुरिया, उमाकांत, संजय पाठक, नीरज पाल, प्रभाकर बघेल, विवेकराज दुबे मौजूद रहे।

बैठक में शामिल होने पहुंचे शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारी । अमृत विचार

- अंतर्जनपदीय शिक्षक संघ ने खंड शिक्षा अधिकारियों का किया स्वागत

शैक्षिक महासंघ की जिला कार्यकारिणी का विस्तार

इटावा । राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की जिला कार्यसमिति की बैठक प्रदेशीय मंत्री/जिलाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में हुई। शिक्षकों की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा करते हुए कार्यकारी जिलाध्यक्ष देश दीपक तिवारी ने संगठन के विस्तार पर बल दिया। समस्याओं को सुनते हुए उनके निस्तारण के लिए अग्रिम कार्ययोजना तैयार करने को कहा। जिला इकाई की बैठक में निर्णय लिया गया कि मासिक बैठकें समय से हों। जिससे कि शिक्षकों की बुनियादी समस्याओं का निस्तारण ससमय हो सके। जिला संयुक्त कार्यसमिति के पदाधिकारियों एवं समस्त ब्लॉक अध्यक्ष की उपस्थिति में पर्यवेक्षक जिला महामंत्री जितेन्द्र यादव एवं संगठन मंत्री नवनीत पाण्डेय के द्वारा सर्वसम्मति से जिला प्रवक्ता विकास कुमार शुक्ल, मंत्री विनय वर्मा, संयुक्त मंत्री शिवम कुमार मिश्र, संयुक्त मंत्री आदिराम को नियुक्त किया गया। बैठक में संयोजक मंडल महामंत्री संजय त्रिपाठी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

बिजली का तार गिरने से लगी आग फसल हुई राख

जसवंतनगर,इटावा। बिजली का तार टूटकर गिरने से आग लग गई। जिससे चार बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। लोगों ने कड़ी मशक्कत करके आग पर काबू पाया, जिससे दूसरे किसानों की फसल बच गई। वहीं पीड़ित किसान ने प्रशासन से मुआवजा की मांग की है।

थाना क्षेत्र के गांव जनकपुर में रहने वाले रामनरेश के खेत में गेहूं की फसल पकी खड़ी थी। खेत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन का तार टूटकर गिर गया,जिसकी चिंगारी से खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। आग की लपटें देख ग्रामीण काफी संख्या में खेत की ओर दौड़े, कड़ी मशक्कत करके आग को बुझाने में सफलता पाई। इससे दूसरे किसानों की सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल आग की चपेट में आने से बच गई। ग्रामीणों का आरोप है कि घटना बाद ही सूचना दमकल को दी गई लेकिन समय से नहीं पहुंची थी। पीड़ित किसान ने प्रशासन से मुआवजा की मांग की है। उसने कहा कि हमारी पूरे साल की कमाई जलकर राख हो गई। अब हम आगे केलिय चिंतित हैं।

अमृत योग में शुरू होगा शक्ति की आराधना का पर्व

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। शक्ति की आराधना का पर्व चैत्र नवरात्र 9 अप्रैल से शुरू होकर 17 अप्रैल तक चलेंगे। इस बार नवरात्र की शुरुआत बेहद शुभ योग में हो रही है। जगत जननी मां शेरावाली का घोड़े की सवारी पर आगमन होगा तो विदाई हाथी की सवारी पर होगी । हाथी की सवारी पर माता का प्रस्थान करना काफी शुभ संकेत देता है। सर्वार्थ सिद्धि व अमृत सिद्धि योग में नवरात्र का शुभारंभ हो रहा है ।

भागवताचार्य आचार्य किशन स्वरूप दुबे ने बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा मंगलवार को पड़ रही है। मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर धरती पर आएंगी। इसका समाज के लिए विशेष संकेत होता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार यदि नवरात्रि में माता रानी घोड़े पर सवार होकर धरती पर आती हैं तो समाज के लिए यह शुभ संकेत नहीं है। हालां कि साधकों को जीवन में आ रहे संकटों से भी छुटकारा दिलाता है यानि भक्तों के जीवन में यह समय बड़ा बदलाव ला सकता है। मां दुर्गा का घोड़े पर सवार होकर आने का अर्थ है कि भविष्य में प्राकृतिक आपदा आ सकती है।आचार्य ने बताया नवरात्र का समापन 17 अप्रैल बुधवार को होने से माता के प्रस्थान की सवारी गज (हाथी) होगी। माता का हाथी पर सवार होकर प्रस्थान करना शुभ संकेत होता है। यह अच्छी बारिश, खुशहाली और तरक्की का संकेत देता है।

- भक्तों के जीवन में आ सकता है बड़ा बदलाव

चैत्र नवरात्र से ही नव संवत्सर का आरंभ भी होता है। इस बार चैत्र नवरात्र की शुरुआत खरमास में हो रही है। 13 अप्रैल को खरमास समाप्त होंगे। नवरात्र के प्रथम दिवस पर सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है। अमृत और सर्वार्थ सिद्धि योग का निर्माण प्रातः काल 07 बजकर 32 से हो रहा है। दोनों योग संध्या काल 05 बजकर 06 मिनट तक है।

ज्ञान से भी ऊंचा है प्रेम का स्थान : हरभजन दास

जसवंतनगर, इटावा। सिद्धपीठ श्री पिलुआ हनुमान मंदिर पर हो रही श्रीमद्भागवत कथा एवं मारूति यज्ञ में प्रवचन करते हुए भागवत कथा व्यास पिलुआ महावीर मंदिर के पीठाधीश्वर महंत हरभजन दास ने कहा कि ज्ञान से भी प्रेम का स्थान ऊंचा है। जब कृष्ण का संदेशा लेकर उनके ज्ञानी मित्र ऊधौ ब्रज में गोपियों के पास गए तो गोपियों की प्रेमाभक्ति के आगे उनकी एक न चली और उनका ज्ञान पराजित हुआ। गोपियों का प्रेम जीत गया। उद्धव गोपी प्रसंग की चर्चा करते हुए महंत हरभजनदास महाराज ने कहा कि परमात्मा की प्राप्ति केलिए भक्ति ज्ञान और वैराग्य की त्रिवेणी का महत्व है । भगवान को प्रेम सबसे प्रिय है, मानस में गोस्वामीजी भी लिखते हैं, रामहि केवल प्रेम पियारा। जान लेहु जो जाननि हारा। यह प्रेम भक्ति से प्रकट होता है। ऊधौ जी केवल ज्ञान के बल पर गोपियों को समझाने गए थे, पर गोपियों की कृष्ण के प्रति अनन्य प्रेमाभक्ति के आगे उनकी एक न चली और उन्होंने उनसे साफ साफ कह दिया कि ऊधौ मन न भए दस बीस, एक हतो सो गयो श्याम संग को अवराधे ईश । फिर क्या वे उनके सामने नतमस्तक हो गए। इस अवसर पर श्री नीलकंठ मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार वाजपेई, श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल के कोषाध्यक्ष राम मनोहर दीक्षित, प्रेम किशोर द्विवेदी, रघुवीर आदि रहे।

हरभजन दास

जैव विविधता तालाब का किया उद्घाटन

बकेवर,इटावा। जनता कालेज बकेवर के संस्थापक सेक्रेटरी स्व. आनंद स्वरूप मिश्र की नवम पुण्यतिथि पर जनता कॉलेज बकेवर तथा मातृ संस्था जनता विद्यालय इंटर कॉलेज बकेवर परिवार के सदस्यों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

स्मृति स्थल पर प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। तत्पश्चात जनता विद्यालय इंटर कॉलेज बकेवर के प्रांगण में जैव विविधता (बायो-डायवर्सिटी) तालाब का उद्घाटन किया गया। जनता कॉलेज तथा जनता विद्यालय इंटर कॉलेज परिवार के सभी सदस्यों ने इटावा जनपद के शैक्षिक परिवेश के मालवीय कहे जाने वाले अपने संस्थापक सेक्रेटरी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। प्रबंध समिति के सचिव अरविंद कुमार मिश्र,राजेंद्र सिंह कुशवाहा,प्राचार्य राजेश किशोर रहे।

कैलाश अध्यक्ष, अनुराग बने सचिव

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। भारत विकास परिषद इटावा तुलसी का सत्र 2024--2025 का निर्वाचन शपथ ग्रहण और होली मिलन समारोह बड़े ही सौहार्दपूर्ण वातावरण मे क्षेत्रीय सचिव सेवा विवेक कुलश्रेष्ठ, प्रांतीय अध्यक्ष डॉ रमेश शुक्ला एवं महासचिव संजय मिश्रा की गरिमामई उपस्थिति में हुआ।

राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ दीपक सक्सेना ने कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता और स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र पर माल्यार्पण व रोली चंदन लगा कर किया। निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए मंच प्रांतीय अध्यक्ष डॉ रमेश शुक्ला एवं महासचिव संजय मिश्रा को सौंप दिया गया। शाखा के तीनों पदों में क्रमशः कोषाध्यक्ष पद पर डॉ ध्रुव कुमार गुप्ता, सचिव पद पर डॉ अनुराग श्रीवास्तव एवं अध्यक्ष पद हेतु डॉ कैलाश चन्द्र यादव के नाम का ही आवेदन होने के कारण तीनों पदों हेतु यह टीम निर्विरोध चुनी गई। इसके उपरांत प्रांतीय महासचिव संजय मिश्रा ने तीनों ही दायित्व धारियों को शपथ ग्रहण कराई।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सदस्य राम नारायण वर्मा, नीलिमा चौधरी, प्रीतम खन्ना, शमीम बेगम, अर्चना चौबे, अनीता सिंह, पूरन सिंह पाल, अंबुज दुबे, राजेश सिंह, मंजू सिंह अंजू चौधरी, संगीता पाल, मौसमी पाल, डॉ गीता श्रीवास्तव एवं अवधेश कुमार का सहयोग रहा।

भारत विकास परिषद तुलसी के निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. कैलाश एवं अन्य । अमृत विचार

- भारत विकास परिषद इटावा तुलसी का वार्षिक निर्वाचन

पुरस्कार पाने वाले छात्र-छात्राओं के साथ डायरेक्टर अंकित यादव । अमृत विचार

छात्रों और शिक्षकों को किया गया सम्मानित

संवाददाता भरथना,इटावा

अमृत विचार। भरथना कस्बा के स्कूल में परीक्षाफल वितरण के साथ सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

संस्था के डायरेक्टर अंकित यादव ने प्रधानाचार्य प्रियंका सिंह के साथ प्रत्येक कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं, उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों के साथ अन्य कर्मियों को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्त्रि पत्र भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर पवन यादव, अंकुर राजावत,अश्वनी कुमार,गौरी,बरखा पटेल आदि रहे।

मैराज अली बने प्रदेश उपाध्यक्ष

इटावा। अधिवक्ता सुरक्षा परिषद के प्रदेश संयोजक दीपक बाबू एडवोकेट ने नगर के कटरा शाहब खां निवासी मैराज अली को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया है। नियुक्ति पत्र देते हुए कहा कि अधिवक्ता हितों की सदैव आवाज़ बुलंद करेंगे ।उन्होंने कहा कि जो ज़िम्मेदारी दी गई है उसे पूरी ईमानदारी के साथ संगठन को आगे बढ़ाने का काम करें। अधिवक्ता सुरक्षा परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर विवेक द्विवेदी,अनिल कश्यप,राजू यादव,शशांक यादव,काशिफ़ा नाज़,रामशरण यादव,पदमा मिश्रा,लक्ष्मी शंकर यादव,अभिषेक राजपूत आदि कई अधिवक्ताओं ने बधाई दी।

मैराज अली

ठेके के पास शराब पीने वालों को क्षेत्राधिकारी ने फटकारा

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव और आगामी त्योहारों को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के आदेशानुसार क्षेत्राधिकारी विवेक जावला और थाना निरीक्षक कपिल दुबे ने नगर के समस्त शराब ठेकों का निरीक्षण किया। इस दौरान एक देशी शराब की दुकान पास लोग शराब पीते मिलने पर फटकार लगाई।

क्षेत्राधिकारी विवेक कुमार जावला ने बताया कि अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने तथा शराब की दुकानों पर मिल रही ओवर रेट की शिकायतों के संबंध में यह जांच की गई। शराब खरीदने वालों से भी पूछताछ की गयी, जिसमें किसी भी दुकान पर ओवर रेट की शिकायत नहीं पायी गई। सुरक्षा की दृष्टि से दुकानदारों से भी पूछताछ की गई। क्षेत्राधिकारी विवेक कुमार जावला ने सेल्समैनों को स्पष्ट रूप से हिदायत दी है शराब बिक्री के बाद दुकानों के सामने भीड़ एकत्रित न करें।

शराब की दुकान का निरीक्षण करते सीओ विवेक जावला । अमृत विचार

भाई की नौकरी लगवाने को किया था फायर

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। शराब ठेका के सेल्समैन पर फायरिंग करने के मामले का खुलासा पुलिस ने कर दिया। इसमें एक व्यक्ति असलहों सहित पकड़ा गया, उसने भाई की नौकरी लगवाने को अपने दो साथियों कि मदद से किया था।

एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि 27 मार्च को रात साढ़े नौ बजे थाना बकेवर क्षेत्र में गांव नोधना के पास देसी शराब ठेका पर सेल्समैन इसी थाना क्षेत्र के गांव चंद्रपुरा शाला के कमलेश कुमार को फायर करके घायल कर दिया था। उसके बेटे मंजीत ने अज्ञात हमलावर के खिलाफ जानलेवा हमला करने का अभियोग दर्ज कराया। बकेवर थाना प्रभारी राकेश कुमार शर्मा टीम के साथ हमलावरों की तलाश में लगातार प्रयासरत हैं, इसी के तहत सटीक सूचना पर रविवार सुबह छह बजे गांव नोधना पुलिया के पास इसी गांव के सूर्यभान को पकड़ा गया। उसने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि तीन साल पहले इस ठेका पर गद्दीदार था, मुझे हटवाकर कमलेश नौकरी पा गया था, अब भाई चंद्रभान को इस नौकरी पर लगवाने के लिए दो साथियों के साथ हमला किया था। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त तमंचा कारतूस तथा एक मोबाइल फोन बरामद कर लिया।

- 11 दिन पहले शराब सेल्समैन पर जानलेवा हमला का मामला

सियासत | भाजपा प्रत्याशी सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया की पत्नी डॉ. मृदुला कठेरिया ने घर-घर जाकर मांगे वोट

अबकी बार 400 पार नारे के साथ भाजपाइयों ने मांगे वोट

संवाददाता महेवा, इटावा

अमृत विचार। भाजपा प्रत्याशी सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया की पत्नी डॉ. मृदुला कठेरिया ने विकास खंड क्षेत्र महेवा की करीब दर्जन भर ग्राम पंचायतों में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित कर वोट मांगे ।

डॉ. मृदुला कठेरिया ने ब्लॉक क्षेत्र महेवा की ग्राम पंचायत परसौली, महिपालपुर, नगला कले, करोधी, लखना, आदि गावों में जनसंपर्क करते हुए डोर टू डोर वोट मांगे । इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन शर्मा,पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, मंडल अध्यक्ष विनय चौहान, मीनाक्षी चौहान, प्रीति दुबे, सुखवीर यादव, विवेक यादव, ममता कुशवाहा, प्रमिला पालीवाल, गोलू चौहान, अभिशेख शुक्ला, रामानंद त्रिपाठी, ऋचा मिश्रा, गीता यादव, धर्मेंद्र यादव, सोमहरी अवस्थी ,रविंद्र दुबे, मीनाक्षी चौहान महेश वर्मा मौजूद रहे।

महेवा में जनसंपर्क के दौरान मृदुला कठेरिया का स्वागत करते कार्यकर्ता ।

चुनाव कार्यालय का उदघाटन करते जिला पंचायत अध्यक्ष अंशुल यादव । अमृत विचार

- दर्जन भर गांवों में की नुक्कड़ सभायें

संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए सपा का करें समर्थन

बकेवर । सपा ने अपना प्रचार अभियान तेज कर दिया है। कस्बा बकेवर में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव अंशुल ने किया | उन्होंने कहा कि यह चुनाव भारत के भविष्य के लिए बहुत निर्णायक होगा । एक ओर विश्व की नंबर वन जुमलेबाज भारतीय जनता पार्टी धनबल के सहारे चुनाव जीतना चाहती है। दूसरी ओर समाजवादी पार्टी जनबल के सहारे लोकतंत्र को बचाने संविधान को बचाने के लिए चुनाव मैदान में है। आप सब लोग बुथ स्तर पर सर्व समाज के लोगों तक पहुंचने का प्रयास कीजिए। पूर्व मंत्री अशोक यादव, श्रीकृष्ण यादव, दिबियापुर विधायक प्रदीप यादव, भरथना विधायक राघवेंद्र गौतम, राजीव यादव, जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य उपाध्यक्ष, रविंद्र शुक्ला, वीरू भदौरिया, बृजेन्द्र सिंह, केपी सिंह आदि मौजूद रहे।

फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव

संवाददाता बकेवर, इटावा

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के गांव मडैया दिलीप नगर में एक नवविवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। यह देखकर परिजनों में कोहराम मच गया मृतका के नाना ने ससुरालीजनों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या का आरोप लगाया है। साथ ही पुलिस न्याय की गुहार लगाई है।

थाना क्षेत्र में गांव मड़ैया दिलीप नगर में रहने वाले अमित निषाद की 19 साल की पत्नी संगीता का शव घर के बाहरी कमरे में छत से पंखे से साड़ी से बनाए गए फांसी के फंदे पर लटका पाया गया। मृतका का पति, ससुर नीतीश निषाद, सास विमला देवी ठेके पर लिए गए गेहूं की फसल खेत में काटने गए थे। अमित का 13 साल का छोटा भाई रीसू बकरियां चराने हुए गया हुआ था। रीसू बकरियां चराकर जब घर पहुंचा तो भाभी को फांसी पर लटका देख चिल्लाते हुए खेत पर पहुंचा जहां उसने अपने भाई व मां बाप को बताया, सभी खेत से दौड़ते हुए घर पहुंचे तो घर में कोहराम मच गया। सूचना पर बकेवर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश कुमार शर्मा चौकी इंचार्ज बराऊख विपिन कुमार पाल फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे छानबीन करके शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। ससुरालियों ने बताया कि संगीता की ननिहाल कानपुर देहात में डेरापुर थाना क्षेत्र के गांव निटर्रा में है। अमित जनवरी से पहले पत्नी के साथ सूरत में ही रहता था संगीता को दो महिने पहले बच्चा होने के चलते वह गांव लेकर आया था तब से गांव में ही थे संगीता अपने पति से सूरत चलने कुछ समय से जिद कर रही थी परंतु बच्चा छोटा होने के कारण तथा फसल कटाई को लेकर कुछ दिन बाद चलने की बात कही थी। इसी नाराजगी के चलते उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

मृतका के नाना रामबाबू निषाद ने बताया कि नातिन संगीता की शादी 6 जून 23 में की थी। ससुराल वाले शादी के बाद से ही दहेज में एक बाइक व 50 हजार रुपये की मांग को लेकर प्रताड़ित करते थे। मांग पूरी न करने पर ससुरालीजनों ने हत्या कर दी है।

- मायके वालों ने लगाया हत्या करने का आरोप
- दस महीने पहले ही हुई थी शादी

अमृत विचार
www.amritvichar.com

आत्मार्थं जीवलोकेऽस्मिन् को न जीवति मानवः ।
परं परोपकारार्थं यो जीवति स जीवति ॥

इस जीवलोक में स्वयं के लिए कौन नहीं जीता ? परंतु, जो परोपकार के लिए जीता है, वही सच्चा जीना है ।

संपादकीय

बढ़ती धोखाधड़ी

दक्षिण पूर्व एशिया के कई देशों में हजारों भारतीय संदिग्ध नौकरियों में फंसे हैं। विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने शनिवार को कहा कि लाओस में जबरन गैर-कानूनी और खतरनाक काम में फंसाए गए 17 भारतीय कामगार घर लौट रहे हैं। लाओस भारत के विस्तारित पड़ोस का एक हिस्सा है क्योंकि केवल म्यांमार, लाओस को भारत के उत्तर-पूर्व राज्यों से अलग करता है। इससे पहले विदेश मंत्रालय ने कंबोडिया में साइबर धोखाधड़ी के काम में जबरन लगाए गए भारतीयों को लेकर एक परामर्श जारी किया था क्योंकि हजारों भारतीय खुद को म्यांमार और कंबोडिया में फंसा हुआ पाते हैं, जहां उन्हें ऑनलाइन धोखाधड़ी व अन्य धोखाधड़ी करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। विदेश मंत्रालय कंबोडियन अधिकारियों के साथ मिलकर ऐसे 250 और म्यांमार से लगभग 30 भारतीयों का पता लगाने और उन्हें बचाने में कामयाब रहा है। पिछले तीन माह में 75 भारतीयों को रेस्क्यू भी किया गया है। साइबर अपराधियों का गिरोह पूरे एशिया में जाल बिछा चुका है। सबसे पहले कंबोडिया में नजर आया। गिरोह भारत व मलेशिया समेत एशियाई देशों के तकनीकी रूप से कुशल युवाओं को निशाना बना रहे हैं। विशेषज्ञ कहते हैं कि जिन लोगों को धोखाधड़ी के जरिए विदेश ले जाया जाता है उन्हें कंबोडिया, म्यांमार और लाओस के जुआघरों में रखा जाता है। एशिया ह्यूमन राइट्स वॉच के उप निदेशक फिल रॉबर्टसन ने हाल ही में कहा कि गिरोहों ने कुशल तकनीक पसंद लोगों को निशाना बनाया है जिनकी नौकरियां महामारी के दौरान चली गई थीं। नई नौकरी पाने को बेताब ये लोग झांसों में आ गए। वास्तव में भारतीय नागरिकों की म्यांमार और कंबोडिया जैसे देशों में नौकरी करने की बेताबी भारत में रोजगार परिदृश्य की गंभीर स्थिति का आईना है।

गौरतलब है 2023 में संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में उल्लेख था कि लाखों लोगों को साइबर फ्रॉड की दलदल में धकेला गया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया था कि इनमें से ज्यादातर शिकार एशिया के ही दूसरे देशों से जुड़े हैं। रिपोर्ट कहती है कि साउथ ईस्ट एशिया में इस तरह के साइबर फ्रॉड बढ़ने के पीछे कोविड के दौरान लोगों का घर की चारदीवारी तक कैद होना और ऑनलाइन गतिविधियों पर ज्यादा वक्त गुजारना है। अब धोखाधड़ी वाले कॉल सेंटरों के संचालकों पर कार्रवाई तेज करने की जरूरत है। भारत का अधिकांश आसियान देशों के साथ अच्छा संबंध है, सबको यह सुनिश्चित करना होगा कि ऑनलाइन/फोन घोटालों के बारे में उसकी सलाह हितधारकों के बीच व्यापक रूप से प्रसारित हो। सरकारों के बीच घनिष्ठ समन्वय और सूचनाओं का नियमित आदान-प्रदान अपराधियों को रोकने में प्रभावी हो सकता है।

'चिपसेट' इंजीनियरिंग में भारत को मिलेगी बढ़त

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

14 नैनोमीटर से नीचे के साइज़ में चिप बनाने का काम जटिल प्रक्रियाओं की मांग करता है। प्रसंगवश, एक नैनोमीटर एक मीटर का दस लाखवां हिस्सा होता है। सामान्य तरीके से डिजाईन बोर्ड पर चिप का डिजाईन बनाया जाता है फिर इसके नक़्शे को मिनिएचराईज़ अर्थात सूक्ष्माकृति किया जाता है।

विकसित औद्योगिक देशों के साथ सिविलियन और मिलिट्री प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए जितने भी समझौते भारत ने किए इनके अंतर्गत हमेशा की तरह उन्नत प्रौद्योगिकी से एक दर्ज़ा नीचे की प्रौद्योगिकी हमें मिली है। ऐसा क्यों होता रहा है और, विदेश से हमें 'अप्रचलित' प्रौद्योगिकी ही क्यों उपलब्ध होती है? टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट में हमारा खुद का निवेश उनके मुकाबले में कम होने और प्राइवेट सेक्टर की शुरूआती दौर की अरुचि, इसके कारण हैं। तीन वर्षों में भारत में सेमी-कंडक्टर्स के क्षेत्र में 'मैच्योर-नोड' चिप्स बनाने के लिए करीब दो लाख करोड़ रुपए का निवेश किये जाने के संकेत हैं। प्रारंभिक दौर में 14 नैनोमीटर के मेच्योर चिपसेट बनाए जाएंगे। अभी दुनिया भर में इसकी मांग बनी हुई है क्योंकि अनेक प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक एप्लायेंसिस और डिवाइसेस जैसेकि कार, कंप्यूटर, डिस्प्ले पेनल्स, खिलौने, इंडस्ट्रियल इक्वेप्मेंट, स्मार्ट फ़ोन्स, ऑप्टिकल/इमेज सेन्सर्स, फ़्लैश मेमरी कंट्रोलर्स, माइक्रो कंट्रोलर्स और टीवी के अलावा पॉवर मैनेजमेंट इन्टीग्रेटेड सर्किट्स में इसका इस्तेमाल किया जाता है।

14 नैनोमीटर से नीचे के साइज़ में चिप बनाने का काम जटिल प्रक्रियाओं की मांग करता है। प्रसंगवश, एक नैनोमीटर एक मीटर का दस लाखवां हिस्सा होता है। सामान्य तरीके से डिजाईन बोर्ड पर चिप का डिजाईन बनाया जाता है फिर इसके नक्शे को मिनिएचराईज़ अर्थात सूक्ष्माकृति किया जाता है। तत्पश्चात सर्किट्स और गेट्स की प्रिंटिंग एक-एक परमाणु को डिपाजिट करने से होती है। चिसेट का आर्किटेक्चर प्रत्येक कार्य के लिए प्रयुक्ति के आधार पर अलग होता है।

टेक्नोलॉजी विकसित करने के लिए बेसिक साइंस और इंजीनियरिंग में 1970 आदि दशक के बाद उन्नत देशों द्वारा निवेश की गई कुल राशि की तुलना भारत से करने लगें तो यह विशाल है। साइंस, टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग में उनकी सोच के मौलिक होने की वजह असल में यह विशाल निवेश राशि ही है जिसकी आधारशिला द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान सामने आई नई तकनीकी चुनौतियां थीं। इसने उन देशों के वैज्ञानिक समुदाय को मौलिक वैज्ञानिक शोध को ऐसी टेक्नोलॉजी में बदलने के लिए प्रेरित किया जिससे हिटलर जैसी

> ताइवान, जापान और चीन जैसे देशों में इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में बेसिक साइंस और इसमें उन्नति के लिए चिह्नित किए गए नए मैटेरियल्स पर बहुत तेज़ी से शोध हुआ।

चुनौती का उन्हें फिर से सामना न करना पड़े। सन 1970 के बाद से इन्होंनें अपना रिसर्च आउटपुट विशाल कर लिया जिससे एकदम से स्टेट-ऑफ़-द-आर्ट एवं फ्रंटियर टेक्नोलॉजी विकसित करने की ही नहीं, बल्कि मैन्युफेक्चर करने की कैपेसिटी को भी इन्होंनें उच्चतम स्तर पर पहुंचा दिया। कूटनैतिक संबंधों और फाइनेंसियल रिसोर्सेज ने इन्हें फिर से आपस में भिड़ने और होड़ करने से भी दूर रखा है।

उदाहरण के लिए सेमी-कंडक्टर टेक्नोलॉजी क अंतर्गत चिपसेट बनाने की टेक्नोलॉजी अमेरिका में विकसित हुई, लेकिन कुछ देशों ने इसे अंशों में चोरी किया और अब इसी के उन्नत संस्करण बना कर मालामाल हो रहे हैं। इस काम में महारत हासिल करने के लिए तकनीकी ज्ञान में सेंध लगाने वाले देशों को आधी सदी तो खुद को मजबूत करने में लगी ही है। चिप निर्माण में अमरीका के मुकाबले में अब दक्षिण कोरिया, ताइवान और चीन होड़ में इसलिए पहुंच पाए हैं क्योंकि इन्होंनें शुरूआती निर्भरता तो औरों पर दिखाई, लेकिन बेसिक साइंस और मटेरियल रिसर्च में जबरदस्त इन्वेस्टमेंट इन्होंनें खुद किया तो नतीजे सन 2000 तक दिखाई देने लगे। ताइवान इस समय चिप निर्माण टेक्नोलॉजी में अग्रणी देशों में है।

सामरिक और सिविलियन टेक्नोलॉजी में मिनिएचरायिज़ेशन, प्रिसीजन, इज़ ऑफ़ हैंडलिंग, टिकाऊपण और हल्का होने के गुण डाले जाते हैं। इस तरह से कि प्रोडक्ट में 'फटीग' कम हो और हरेक परिस्थिति में, हर समय तब तक काम करे जब तक खंडित ही न हो जाए। मारक क्षमता या कार्यक्षमता और कुशलता पहले के मुकाबले में ऑप्टो-इलेक्ट्रॉनिक्स तकनीकों के समावेश से 10 गुणा तक बढ़ा दी गई है। नए मटेरियल, ऑप्टिक्स और इलेक्ट्रॉनिक्स में मिनिएचरायिज़ेशन से निर्मित चिपसेट लगाए जाने से यह कमाल संभव हुआ है। भारत ने इस दिशा में तीन-चौथाई दूरी तो तय कर ही ली है। लेकिन बहुत चिंता अमरीका के 'ब्यूरो ऑफ़ इंडस्ट्री एंड सिक्यूरिटी' के निर्देशों और चीन के मन्सूबों को लेकर होती है जिनका परोक्ष प्रभाव उन देशों पर ही पड़ता है जिनके यहां 14 नैनोमीटर साइज़ तक की 'लिगेसी' या 'मैच्योर-नोड' चिप्स चीन से आयात की जाती हैं और इक्विपमेंट और डिवाइसेस में फिट की जाती हैं। अमरीका के उक्त ब्यूरो ने 18 जनवरी 2024 को इस बारे में ताज़ा निर्देश जारी किए हैं जिससे भारत में उलझन इसलिए पैदा नहीं होगीं क्योंकि हमने चीन की नहीं बल्कि ताइवान की कंपनी मीडिया-टेक से इस बारे में बातचीत की है जो भारत में बनाई जाने वाली मेच्योर नोड चिप्स के लिए बड़ा खरीदार हो सकती है।

विदेशी मूल की और यहां की बड़ी कंपनियों में टेक्नोलॉजी विकास के लिए आरएंडडी और निर्माण के स्तर में गैप को कम किए जाने की कवायद मीडिया-टेक के आगमन से शुरू हुई है, जैसे कि दूसरी-तीसरी पीढ़ी हमारे यहां है तो उच्चतम स्तर पर उनकी यह पांचवीं पीढ़ी हो सकती है। कंप्यूटर्स और मोबाइल कम्युनिकेशन गैजेट्स में ऑपरेटिंग सिस्टम्स और एप्लीकेशन्स 10 साल के भीतर संख्या और कार्यक्षमता के हिसाब से 1 से सौ-गुणा के अनुपात में समृद्ध हुए हैं। 'टेक्नोलॉजी डिनायल' या 'नॉन-शेयरिंग और एक्सपोर्ट रेजीम' के बरअक्स डिफेंस, स्पेस और एटॉमिक एनर्जी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में विदेश में स्थापित 'कन्जोर्शियम' में संबंधित मुल्कों की उन्नत वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं में जिन तकनीकों और सिस्टम्स को अगली पीढ़ी के लिए विकसित कर लिया गया, उन्हें हमें सिविलियन और कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स में प्रयोग करने के लिए भी नहीं दिया जाता। बेसिक रिसर्च में बेहतरीन समझ रखने के बावजूद हम इस ज्ञान पर आधारित टेक्नोलॉजी प्रोडक्ट्स - जैसे कि मोबाइल फोन और डिजिटल कैमरा, कंज्यूमर गैजेट्स और एंटरटेनमेंट के क्षेत्र में लार्ज स्केल पर डिवाइसेस बना कर उपलब्ध नहीं करवा पाए। बेशक हमने सेमी-कंडक्टर इंडस्ट्री में आरएंडडी में काम किया है, लेकिन वह औरों से 15-20 वर्ष पीछे के स्तर का है। भारत को स्पेस और एटॉमिक एनर्जी एवं रक्षा क्षेत्र के लिए वांछित एडवांस्ड टेक्नोलॉजीज को इसीलिए खुद ही रिसर्च, डेवलपमेंट और टेस्टिंग करने के बाद देश में निर्मित करना पड़ा।

ताइवान, जापान और चीन जैसे देशों में इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में बेसिक साइंस और इसमें उन्नति के लिए चिह्नित किए गए नए मैटेरियल्स पर बहुत तेज़ी से शोध हुआ। 'चिप' विकास और निर्माण में टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स, आईबीएम और अमेरिकन टेलीग्राफ एंड टेलीफोन कंपनियों के बाद चीन और ताइवान की कंपनियों ने सन 1990 के बाद से आश्चर्यजनक स्पीड से विश्व मार्किट का काफी हिस्सा पकड़ा। भारत में बीईएल, ईसीआईएल, सीडीआईएल, इंडिया और सेमी कंडक्टर काम्प्लेक्स लि. मोहाली ने अभी तक इलेक्ट्रॉनिक्स में डिवाइसेस के लिए 14 नैनोमीटर से नीचे की 'चिप' डिजाईन और फैब्रिकेशन क्षेत्र में प्रवेश नहीं किया है।

डिफेन्स रिसर्च एंड डेवेलपमेंट आर्गेनाइजेशन, इसरो और बीएआरसी अपने मैंडेट के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक्स में इंस्ट्रूमेंटेशन के अलावा कंट्रोल एंड गाइडेंस सिस्टम्स का विकास बीईएल और इलेक्ट्रॉनिक्स कारपोरेशन के जरिये से करते हैं। सिविलियन उपयोग के लिए भी इन संस्थानों ने बेहतरीन टेक्नोलॉजी और गैजेट्स जारी किए हैं। उन्नत देशों ने डिफेंस और स्ट्रेटेजिक इलेक्ट्रॉनिक्स कल-पुर्जों और ड्यूल-यूज़ इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम्स के निर्यात पर प्रतिबंध लगा रखा है। बेसिक रिसर्च को कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेक्नोलॉजी में कन्वर्ट करने की हमारी समस्या जल्द दूर नहीं होती दिखती, भारत में कुछ कंपनियां पिछली पीढ़ी के मेच्योर नोड चिप सन 2024 के दिसंबर महीने में बनाना शुरू कर देंगी जिससे चिप निर्माण में शुरूआती दौर के मूल्यवान अनुभव मिलने से कुछ वर्षों में 14 नैनोमीटर से नीचे 4 नैनोमीटर साइज़ की चिप बनाने की दक्षता हासिल करने में भारत के लिए मुश्किल न होगा। यह महत्वपूर्ण बढ़त तो होगी है लेकिन 1 नैनोमीटर साइज़ के सिलिकॉन 'ड्रीम-चिप' को संभव बनाने की दिशा में इस समय तजुर्बे चल रहे हैं उस तक हमें पहुंचने में शायद 15 बरस का समय और लगेगा। फिलवक्त अमरीका की आईबीएम कंपनी ने 2 नैनोमीटर साइज़ की चिप तैयार करने में कामयाबी हासिल कर ली है।

प्रसंगवश

गुलाम कश्मीर में विदेशी दखल

कश्मीर का एक भाग पाकिस्तान के अधिकार में है, जिसे हम गुलाम या पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर कहते हैं। पाकिस्तान उसे आज़ाद कश्मीर कहता है। स्वतंत्रता प्राप्ति के समय पाक कबीलाइयों ने कश्मीर पर हमला कर दिया था और इसे बल पूर्वक कब्जियाना चाहा था।

हमारी सेना ने जवाबी कार्यवाही करके इसका बड़ा भाग, जो इस समय हमारे कब्जे में है, मुक्त करा लिया था। शेष भाग भी मुक्त हो जाता, किंतु नेहरू ने युद्ध रोक दिया और प्रकरण संयुक्त राष्ट्र संघ ले गए। इस तरह यह विवादित हो गया। वहां यह तय पाया गया था कि जनमत संग्रह करा लिया जाय और उसके अनुसार इसका प्रभुत्व तय हो। यह निर्णय भारत के गले की हड्डी बना रहा। हालांकि बाद में, कुछ ठोस आधार बताकर भारत इस जनमत संग्रह के फैसले से पीछे हट गया। अलबत्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल के प्रारंभ में अपने कब्जे वाले कश्मीर से संबंधित धारा 370 हटाने व तत्परिणामी परिवर्तन करने से पाक चीन तो बौखलाए ही,पश्चिमी देश भी असंतुष्ट हुए। अब जब भारत में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं और सत्तारूढ़ दल इस 370 को हटाने और विगत में पाक पर की गई सर्जिकल स्ट्राइक को चुनाव में भुनाने की जुगत कर रहा है, तो पश्चिम इसे मलिन करने के यत्न में है। वह गुलाम कश्मीर में अपनी चहल कदमी बढ़ा रहा है। अब खबरें आई हैं कि ब्रिटेन और अमेरिका के सैन्य अधिकारियों ने इस पाक अधिकृत कश्मीर का दौरा किया।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

यह गतिविधियां क्या कह रही हैं? एक ओर भाजपाई प्रचार तंत्र मोदी को वैश्विक नेता कहता रहता है और यह ज़ाहिर करता है कि बड़ी विश्व शक्तियां मोदी के सामने झुक रही हैं; दूसरी तरफ हम यह देख रहे हैं कि विश्व शक्तियां भारत की पोज़ीशन पतली कर रही हैं।

आरएसएस तो अखंड भारत का लक्ष्य बनाए रहा है। अमेरिका,ब्रिटेन तो शक्तिशाली सैन्य संगठन नाटो के सदस्य हैं। चीन तो हमारा चिर और सबल शत्रु है ही। तो आखिर क्या हम नारों और भाषणों के ही वीर बने रहेंगे। यह खुला विदेशी हस्तक्षेप कैसे बढ़ता जा रहा है? हमें सोचना होगा कि भूल कहां हो रही है।

सबके अपने-अपने इतिहास

सत्ता कुचक्री होती है भेदभाव को स्थायी बनाने के लिए सत्ता इतिहास की ऐसी व्याख्या को प्रोत्साहित करती है,जिसे पढ़कर कच्चा मन एक दूसरी जाति से नफरत करे। लोकजीवन की एकता को खंड-खंड करना उसका अभीष्ट होता है, सत्ता को जनता की एकता से डर लगता है इसके लिए सत्ता जनता को विभक्त करती है, बांटती है। इस कार्य में मदद करने के लिए वह विद्वानों को उपकृत करती है।

वे इतिहासकार, जो सत्ता से ही पुरस्कृत और प्रेरित होते हैं, सत्ता के गीत गाते हैं , उन्हें जनता के इतिहास का क्या करना है? इतिहास मनुष्य के मस्तिष्क को प्रभावित तो करता ही है और इस लिए राजसत्ता हर बार अपने अनुकूल इतिहास लेखन का कार्य कराती है। विवाद पैदा करती है, विवाद को अवसर बना लेती है। सत्ता के सिंहासन को स्थिर करने का प्रयास करती है। जो मन इतिहास ग्रस्त हो चुके हैं, वे इतिहास को जीवन भर ढोते रहने को विवश और बाध्य हैं. संसार के इतिहास में क्रूरता की कहानियां भी हैं, संसार के इतिहास में घृणा की कहानियां भी है, ऐसे इतिहास का उद्देश्य होता है - उन कहानियों से मनुष्य के मन मस्तिष्क को क्रूरता और नफ़रत से भर देना।

भारत के इतिहास में किसी ने बाहर से आए लोगों को खोजा, किसी ने वर्ण को खोजा, किसी ने वर्ग को खोजा, किसी ने युद्ध को खोजा, किसी ने राजा-रानी को खोजा, किसी ने धर्म मजहब को खोजा । राजनैतिक-मतवाद की पुष्टि करने के लिए जिस इतिहास के खेत में जाति और मजहब- वैमनस्य के

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> फिर भी यह सच है कि वह इतिहास हमारी सामूहिक-चेतना में विद्यमान है। मनुष्य की प्रेरणा भी तो उसी इतिहास में निहित है।

जहर की खेती की। सचमुच वह इतिहास बहुत निष्ठुर है, दोगला है । इतिहास वर्ग की चीज है। वर्ग स्वार्थ से प्रेरित है। इतिहास के नाम पर अपने अपने हिसाब चुकता किए जा रहे हैं, कोई किसी से दुश्मनी निकाल रहा है, कोई किसी से। सबके अपने अपने इतिहास हैं। इसीलिए हिन्दूमन, मुस्लिममन, ब्राह्मण-मन, शूद्रमन, धार्मिकमन और धर्मनिरपेक्षमन जैसे भेद-विभेद पैदा होते हैं ।,कहानी है - तूने न सही तेरे बाप ने पानी जूठा किया होगा? अब इसी का आधार बना कर उन्होंने इतिहास रच दिया।

देश के भिन्न-भिन्न जन-समूहों और जनपदों को न देखा और न जाना और आप भारत के इतिहास पर फतवे सुना रहे हैं? इतिहास के दस फीसदी तथ्य भी हमारे सामने नहीं है, और आप ने फैसला भी सुना दिया? इतिहास की बातें बड़ी दगाबाज होती हैं, सबके अपने अपने इतिहास हैं। इतिहासकारों ने इतिहास लिखे हैं, अपने-अपने दृष्टिकोण से लिखे हैं, लोक के साथ आज भी कितने हैं ? किस इतिहासकार ने लोकजीवन में पैंठ कर के इतिहास लिखा है । जनता का इतिहास किसने लिखा है? कोई क्यों लिखे? सत्ता का इतिहास लिखने से लाभ होगा.

फिर भी यह सच है कि वह इतिहास हमारी सामूहिक-चेतना में विद्यमान है। मनुष्य की प्रेरणा भी तो उसी इतिहास में निहित है। हां , यदि वह समन्वय सिखाता है तो वह अवश्य ही मनुष्य-जीवन को गतिशील बना सकता है । इतिहास को हम इसलिये पढें , इसलिए रचें , इसलिए उसकी व्याख्या करें कि वर्तमान को शक्ति मिल सके । लेकिन उसके लिए सत्ता का नहीं लोकसत्ता का इतिहास लिखना होगा । पहले यह तय करना होगा कि सबके साथ रहना है कि सबको सबसे लड़ना है और सबको सबसे लड़ाना भी है। यदि लड़ना ही है लड़ाइयों का इतिहास बना बनाया है ही। मिल कर रहना है तो जनता का इतिहास लिखना होगा। जनता का इतिहास किसने लिखा है ?

जो है वह सत्ता का इतिहास है। सामान्य-मनुष्य अथवा लोकजीवन को किसने खोजा? इतिहास में दायरे खोजने से दायरे ही मिलने थे। सामान्य मनुष्य की सामान्यता दायरों से बाहर है। धर्म, वर्ग, वर्ण, ऊंच नीच, राजा-रंक ऊपर के छिलके हैं,उपाधियां हैं। उनके भीतर जो मनुष्य है,आप यों कहें-मनुष्य के भीतर का मनुष्य।

कोई इतिहास अंतिम नहीं है, इतिहास की व्याख्या हर युग में होती रही है और होती रहेगी। विचारशील मित्र जानते हैं कि केवल फौज और हथियारों से शासन नहीं हो सकता , उसके लिए सैद्धांतिक आवरण अनिवार्य हैं। इतिहास हो या कोई वाद हो, ये सब उसके आयुध हैं।

सोशल फोरम

अनुशासित जापान से वापसी

बहुत ही तेज कदमों से भागते, साफ सुथरे, बिना ज़रूरत के न बोलने वाले अनुशासित जापान से चलकर रात करीब 9 बजे भवाली आ धमका। दिल्ली से बरेली डिब्रूगढ़ राजधानी से आया पर राजधानी जैसी ट्रेन बरेली तक करीब 250 कि मी का सफर 4.30 घंटे में मात्र 35 मिनट देरी से, कमोड की सीट टूटी फूटी, बाथरूम की फर्श में पानी भरा, एसी कूपे का दरवाज़ा ख़राब। लगा अपने असली हिंदुस्तान आ गए। यह तो अच्छा रहा सामने एक पढ़ी लिखी लड़की ने शिकायत दर्ज की, कुछ लोग आए, कुछ जुगाड़ किया । कूलिंग बढ़ाई। राहत मिली। पर बस जुगाड़।

शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

थोड़ी देर में एक सफ़ाई वाला क़रीब एक बोरा कूड़ा बुहारता हुआ बग़ल से निकला । लगा जहां जापान में मुझे कहीं कूड़ा नहीं दिखा, हम भारतीय दिन में कई बार एक एक डिब्बे मे कूड़ा सीट के आसपास फेंकते रहते है। गंदगी फैलाना हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है। हमने गंगा मां को गंदा और प्रदूषित कर दिया। लगता है नैतिकता, अनुशासन, साफ़ सफ़ाई की देवी अब हमसे नाराज़ हो गई है ।

राजधानी ट्रेन की हालात मैं पिछले 25-30 वर्षों में वहीं की वहीं देख रहा हूँ । खैर यह कहने में बुरा लगेगा पर सत्यता यही दिखती है कि इस रफ़्तार से हम शायद ही कभी जापान की ट्रेनों की रफ़्तार, उनकी सफ़ाई, उनकी समय की पाबंदी की बराबरी की भी सोच सके।

जापान की प्रत्येक व्यक्ति जीडीपी भारत की तुलना में क़रीब सात गुना ज़्यादा है, मतलब पैसे की सप्लाई ज़्यादा तो चीजों के दाम भी ज़्यादा । भारतीय के लिये इस कारण जापान बहुत महंगा देश। दिल्ली स्टेशन के नंबर एक प्लेटफ़ार्म पर एक जलपान गृह में मशीन से बनी 10 रूपये की काफ़ी जापान की क़रीब चार सौ रूपये कि काफ़ी पर भारी लगी , यह सुखद लगा । मैंने पचास रूपये में गरमागरम छोले चावल का भी सुख लिया । मुझे ढाबों का, छोटे रेस्टोरेंट का गरमागरम भारतीय खाना, फ्रिज किये गए पांच सितारा होटल के भोजन से स्वादिष्ट लगता है। भवाली पहुंचकर करीब 8- 9 दिन बाद रोटी मिली , मज़ा आया ।

-फेसबुक वॉल से

मतदान से ही निकलेगा समस्याओं का समाधान

उत्तराखंड में 19 अप्रैल को मतदान होना है। सरकारें हमेशा से पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के धैर्य की परीक्षा लेती रही हैं। पिछले कुछ वर्षों से पहाड़ की तरफ जाते हुए दूर के गांवों तक सड़कों का जाल बिछा तो दिखता है लेकिन पलायन की ऐसी हवा चली है कि लंबे समय से प्रतीक्षा कर हताश हुए लोग इन जगहों को वीरान छोड़कर शहर की ओर चले गए हैं। कई सीमांत जिलों में शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवहन के अभाव में लोग पलायन कर गए हैं। जगह-जगह स्कूल और कॉलेज खुल गए हैं मगर पढ़ाने वाले शिक्षक और धूप बारिश से बचाने वाली इमारत नहीं है। आज भी गांव में बीमार या गर्भवती को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए परिवहन की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, कई जगह डोली का सहारा लिया जाता है। पौड़ी, चंपावत, अल्मोड़ा समेत कई जिलों से भारी पलायन हुआ है और यह जनसंख्या पहले से ही हांफते, दम घुटते देहरादून,ऋषिकेश, हल्द्वानी जैसे शहरों के आसपास बस कर रह गई क्योंकि लोगों को लगता था कि इन क्षेत्रों में बच्चों को रोजगार के कुछ अवसर तो जरूर मिलेंगे।

जनता की परेशानियों से संबंधित अधिकतर मुद्दे वही हैं जो स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से उठ रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन जैसी समस्याएं आजादी के बाद भी थी और आज भी पूरी तरह हल नहीं हुई हैं। गौर करने वाली बात यह है कि राजनीतिक पार्टियां अपने चुनावी मुद्दे तो

अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

> 'कोउ नृप होय, हमें का हानि' इस तरह के विचारों से उद्वेलित होकर आम नागरिक शायद खुद ही लोकतंत्र पर प्रहार करता है।

बना लेती हैं लेकिन इन समस्याओं का समाधान किसी भी पार्टी की प्राथमिकता नहीं होती। नैनीताल, उधम सिंह नगर लोकसभा सीट की बात अगर करें तो यह एक महत्वपूर्ण सीट है जहां पर विकास और समाधान के कई अवसर हैं लेकिन बढ़ती आबादी की मार ने समस्याओं को जस का तस बनाकर रख दिया है। नैनीताल के पहाड़ी क्षेत्र से लेकर भावर और तराई का क्षेत्र मानव और वन्य जीव संघर्ष से लंबे समय से प्रभावित रहा है। आबादी से लगे जंगल क्षेत्र में वन्यजीवों का आतंक है।

बढ़ती आबादी ने पेयजल संकट को बढ़ावा दिया है। भवन निर्माण का लगातार विस्तार हो रहा है जिसके कारण पानी के प्राकृतिक स्रोत सूख रहे हैं। विकास के नाम पर खुले रिसॉर्ट और होटलों के पास अपने ट्यूबवेल हैं जिससे सार्वजनिक जल व्यवस्था लड़खड़ा गई है। शहरों में वर्षों पुरानी पाइपलाइन पड़ी हैं, जिनमें सीवर युक्त गंदा पानी आने की खबरें आए दिन समाचारों में पढ़ते रहते हैं। हल्द्वानी में आईएसबीटी का मुद्दा प्रमुख है। सरकारों की तनातनी के बीच यह मामला कई वर्षों से अधर पर लटका है। हाई कोर्ट नैनीताल से शिफ्ट किया जाना भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। करोड़ों रुपयों की लागत से हल्द्वानी के गोलापार क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम बन कर तैयार हुआ लेकिन खेल गतिविधियां वहां पर भी नहीं के बराबर हैं। इस क्षेत्र में एक लॉ विश्वविद्यालय खोले जाने की भी मांग थी जो शिलान्यास होने के बावजूद खटाई में पड़ा हुआ है। जमरानी बांध का मुद्दा तो वर्षों से लटका हुआ है। स्थायी राजधानी के मामले को ही ले लें, किसी भी दल की रुचि इसमें नहीं है इसीलिए आज तक समाधान नहीं हो सका।

यूं भी चुनाव को लोकतंत्र का उत्सव कहा जाता है। लेकिन आज लोगों में उदासीनता देखने को मिल रही है। 'कोउ नृप होय, हमें का हानि' इस तरह के विचारों से उद्वेलित होकर आम नागरिक शायद खुद ही लोकतंत्र पर प्रहार करता है। शायद जनता की उदासीनता ही कारण है कि चुनाव चाहे प्रदेश के हो या लोकसभा चुनाव, उत्तराखंड का चुनाव प्रतिशत 70 के पार कभी नहीं जाता। विभिन्न गीतों, पोस्ट और बैनरों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने की गतिविधियां चल रही हैं। मतदान का बहिष्कार न कर वोट को अपना हथियार बनाने की बात भी कही जा रही है लेकिन दशकों से आश्वासन झेलती जनता भी समझती है कि वोट को हथियार के रूप में इस्तेमाल करना बहुत ही मुश्किल है। इसीलिए समय समय पर जनता अपने-अपने मसलों को लेकर एक समूह के रूप में सड़क पर उतर आती है और अपनी समस्याओं के समाधान की बात कहती है। ऐसा न होने पर मतदान का बहिष्कार करने की चेतावनी भी देती है। मगर सच्चाई तो यह है कि कुछ लोगों द्वारा चुनाव का बहिष्कार करने से समस्या का समाधान नहीं निकलने वाला। पहले के समय में राजनीतिक पार्टियां कम थी, जनप्रतिनिधियों में भी एक समर्पण की भावना थी। जनता में अपने नेता की एक झलक पाने की इच्छा दिखाई देती थी। नेताओं द्वारा दिए गए भाषणों में गरिमा और वचनबद्धता होती थी। आज की तरह अमर्यादित भाषा का प्रयोग नहीं किया जाता था।

एक समय था जब मतदान को लेकर लोगों में बहुत उत्साह देखा जाता था। बीते तीन-चार दशकों से चुनावी माहौल में भी बहुत अधिक फर्क आया है। उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में मतदान का माहौल कुछ ठंडा सा नजर आ रहा है, हालांकि मैदानी क्षेत्र में सरगर्मियां में बढ़ गई हैं। मैदानी क्षेत्रों में महिलाओं में थोड़ा बहुत उदासीनता देखने को मिले लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों को आज भी महिलाओं ने संभाल रखा है और किसी भी प्रत्याशी के भाग्य का निर्णय मुख्यतः वहां की महिलाएं ही करेंगी।

आपका पत्र

हर प्रत्याशी जारी करे संकल्प पत्र

जिस तरह हर राजनीतिक दल अपना चुनावी घोषणा पत्र/ संकल्प पत्र जारी करता है, उसी प्रकार हर प्रत्याशी को भी चुनावी घोषणा पत्र/ संकल्प पत्र जारी करना अनिवार्य होना चाहिए कि वह अपनी लोकसभा क्षेत्र में क्या-क्या सुविधाएं अगले पांच सालों में विकसित करेगा। किन किन समस्याओं को हल करेगा।

भारत में कई संसदीय क्षेत्र ऐसे हैं जहां उचित विकास नहीं हुआ सालों से समस्याएं बरकरार है। हर लोकसभा प्रत्याशी को नामांकन पत्र दाखिल करते समय क्षेत्र के विकास का रोडमैप भी देना चाहिए ताकि जनता आश्वस्त हो कि वह जिसे वोट देंगे वह सांसद उनके क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी, की समस्या हल करेगा। जिले में औद्योगिक विकास कैसे होगा। लोकसभा क्षेत्र में पुल कहां-कहां बनवाएगा। मेरा यह भी मानना है। यदि कोई भी सांसद जीतने के बाद अपने चुनावी घोषणा पत्र, संकल्प पत्र में किए गए वादों को पूरा करने में सफल नहीं होता है तो उसको अगली बार चुनाव लड़ने से वंचित कर दिया जाना चाहिए। मेरा यह भी मानना है एक व्यक्ति को तीन बार से ज्यादा सांसद पद पर आसीन नही रहना चाहिए ताकि युवाओं को भी मौका मिलता रहेगा।

-अनुज अग्रवाल,
सीईओ, बीमा घर

पीएनबी के मैनेजर को सीबीआई ने दबोचा

किसान की शिकायत पर की कार्रवाई, नौ घंटे तक चली पूछताछ, रात 10 बजे अपने साथ ले गई सीबीआई

कार्यालय संवाददाता, औरैया

● किसान क्रेडिट कार्ड के लिए मांगी थी 15 हजार की रिश्वत

अमृत विचार। एक किसान ने कुदरकोट स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में किसान क्रेडिट कार्ड को लेकर फाइल बनवाई। आरोप है कि बैंक मैनेजर ने रिश्वत के तौर पर 15 हजार रुपये मांगे। पांच हजार रुपये देने के बाद किसान ने गाजियाबाद सीबीआई से संपर्क करते हुए रिश्वत मांगे जाने की शिकायत की।

शनिवार को सीबीआई की स्पेशल एंटी करप्शन टीम लखनऊ ने जाल बिछाते हुए किसान के साथ बैंक में छापा मारा। बैंक मैनेजर ने इस दौरान बैंक के बाहर चल रहे जनसेवा केंद्र के संचालक को रिश्वत जमा करने के लिए किसान से कह गया। इसके बाद सीबीआई की स्पेशल टीम ने जनसेवा केंद्र संचालक से लेकर मैनेजर को धर दबोचा। दोपहर एक बजे पकड़ने के बाद देर रात तक टीम पूछताछ करती रही। पुर्वा गुमानी निवासी किसान अरविंद कुमार ने बताया कि उसने तीन लाख 38 हजार रुपये का किसान क्रेडिट कार्ड पर लोन लेने के लिए फाइल बनवाई। पंजाब नेशनल बैंक की कुदरकोट शाखा के मैनेजर शुभम कटियार ने 15 हजार की रिश्वत मांगी। दो अप्रैल को वह पांच हजार रुपये बैंक को दे गया। वहीं शेष रुपये बाद में देने की बात कही। इसी बीच अरविंद ने सोशल मीडिया के जरिए गाजियाबाद सीबीआई का नंबर तलाशा। जहां मोबाइल फोन से गुरुवार को संपर्क किया। पूरा मामला बताया। इसके बाद सीबीआई की लखनऊ स्पेशल एंटी करप्शन टीम ने जाल बुना। अरविंद आठ हजार रुपये लेकर शनिवार की दोपहर एक बजे बैंक पहुंचा। जहां बैंक मैनेजर से रुपयों की बात हुई। इस पर बैंक मैनेजर शुभम कटियार ने बाहर संचालित जनसेवा केंद्र के संचालक शिवम शाक्य को रुपये देने की बात कही। किसान ने जैसे ही शिवम को रुपये दिए। एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथों पकड़ लिया। इसके बाद बैंक के अंदर मैनेजर से लेकर कर्मचारियों से पूछताछ शुरू की गई। जानकारी पर पीएनबी की इटावा व आसपास की शाखाओं के उच्चाधिकारी पहुंच गए। देर शाम तक पूछताछ चलती रही। वहीं सुरक्षा के लिहाज से कुदरकोट थाना पुलिस भी तैनात रही। सीबीआई की टीम बिधूना स्थित बैंक मैनेजर के आवास पर भी पहुंची। जहां साक्ष्य जुटाए गए।

जनसेवा केंद्र संचालक व अन्य से भी की पूछताछ

औरैया। दोपहर एक बजे सीबीआई की स्पेशल एंटी करप्शन टीम ने छापा मारा। नौ घंटे तक बैंक में बैठाकर मैनेजर शुभम कटियार समेत जनसेवा केंद्र संचालक व अन्य कर्मियों से पूछताछ की गई। रात 10 बजे टीम मैनेजर को लेकर लखनऊ के लिए निकल गई।

आरोपी मैनेजर को साथ लेकर जाती सीबीआई की टीम। अमृत विचार

जनवरी 2023 में संभाला था कुदरकोट बैंक मैनेजर का चार्ज

औरैया। कन्नौज जनपद की सदर कोतवाली के गांव आनंदी पुर्वा निवासी शुभम कटियार ने तीन जनवरी 2023 को कुदरकोट पंजाब नेशनल बैंक की शाखा का चार्ज संभाला था। एक साल तीन महीने की तैनाती में कई फाइलें मैनेजर की टेबल से गुजरी होंगी। छापेमारी की घटना के बाद तमाम तरह की चर्चाएं होती रहीं। वहीं छापेमारी में खास बात यह रही कि सीबीआई की स्पेशल टीम ने बारी-बारी मैनेजर के अलावा सभी के बयान लिए। रिश्वत की रकम से लेकर तमाम दस्तावेज भी देखे गये। एक एक बिंदु की पुष्टि करते हुए साक्ष्य जुटाए गए। मामले में किसी तरह से जांच प्रभावित न हो इसके लिए कुदरकोट थाना पुलिस सुरक्षा के लिहाज से तैनात रही। हालांकि मामले की जानकारी होने पर पीएनबी के आसपास जिलों के अधिकारी भी पहुंच गए। बैंक शाखा से लेकर मैनेजर के आवास तक खाक छानी गई। शिकायतकर्ता किसान अरविंद के बयान भी दर्ज किये गये।

योग से शांत होते हैं मन और आत्मा

संवाददाता, दिबियापुर, औरैया

अमृत विचार। नगर के रजनीश कुमार सिंह, योगाचार्य, संयुक्त सचिव जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन एवं जिला सचिव भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश औरैया के आवास पर आज रॉयल राइट्स योगा एंड बैलेंस सेंटर का नगर के प्रतिष्ठित डाक्टर जे.पी. चौधरी पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इसके बाद कार्यक्रम आयोजक रजनीश कुमार सिंह ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण और बैज लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में मौजूद जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के जिला महासचिव मनीष मिश्रा विशिष्ट अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि यह बड़े ही हर्ष का विषय है जो दिबियापुर में हमारे योग के साथी योगाचार्य रजनीश कुमार सिंह द्वारा निःशुल्क योगाभ्यास करने का संकल्प किया गया। जिससे नगर तथा क्षेत्र के प्रतिभावान बच्चे और अन्य सभी वर्ग के लोग इसका भरपूर लाभ उठा सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजेश कुमार अग्निहोत्री प्रधानाचार्य जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के चेयरमैन ने अपने संबोधन में कहा की योग प्राचीन भारत से उत्पन्न केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं है। इसकी मदद से हम मन और आत्मा को शांति की ओर ले जा सकते हैं। योग आंतरिक शांति और व्यक्तिगत मार्ग प्रशस्त करता है। कार्यक्रम आयोजक रजनीश कुमार सिंह ने बताया कि नगर तथा क्षेत्रवासियों के लिए उनके आवास पर ऑनलाइन एवं आफलाइन योग की कक्षाएं आज से ही प्रारम्भ कर दी गई हैं। योग कार्यशाला में हर वर्ग के लोग अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। कार्यक्रम में जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय जज योग एंड स्पोर्ट्स रितु चंदेरिया, मनमोहन सिंह सेंगर संयुक्त सचिव जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन एवं जिला महासचिव अखिल भारतीय पूर्व सैनिक संघ औरैया, राम अवतार, अंकित कुमार संयुक्त सचिव टैक्निकल जिला योगासन, सुनील पाल क्रिकेट कोच जिला औरैया, सुरेंद्र सिंह शिक्षक, मलखान सिंह पुर्व सैनिक , धर्मेंद्र सिंह शिक्षक, संतोष शिक्षिका, रजनी रानी शिक्षिका कंचन चक शिक्षिका के अलावा बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे मौजूद रहे।

योग केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन करते डॉ. जेपी चौधरी। अमृत विचार

● निःशुल्क योग केंद्र का हुआ उद्घाटन

तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

संवाददाता, मुरादगंज, अजीतमल

अमृत विचार। अजीतमल कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एनएच 19 मुरादगंज पेट्रोल कौशल पंप के पास तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया।

बाइक सवार युवक कल्लू की ठेली नुमा बाइक में डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही मृत्यु हो गई। मृतक के साथ उसका भाई शुभम पुत्र महावीर पीछे बैठा था, जो उछल कर दूर जा गिरा, जिससे वह बाल-बाल बच गया। दोनों भाई बाइक में ठेली जुगाड़ से कचरा और कबाड़ा बीनने का काम करते थे, जिससे वह अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। सड़क हादसे की सूचना परिवारीजनों को दी गई। मृतक की मां और दादी घटनास्थल पर पहुंची, जहां उनका रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक के पिता और बाबा का पूर्व में देहांत हो चुका है। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

हादसे के बाद क्षतिग्रस्त पड़ी बाइक।

कुरीतियां दूर करने में आर्य समाज की अहम भूमिका

कार्यालय संवाददाता, औरैया

● वार्षिकोत्सव में होगा 200 कुंडीय यज्ञ का आयोजन

अमृत विचार। दिबियापुर रोड स्थित आर्य समाज मंदिर में वार्षिकोत्सव का आयोजन चल रहा है। जिसमें आए हुए मनीषी विचार रखकर लोगों को प्रेरित कर रहे हैं।

शनिवार को आयोजित की गई वार्ता के दौरान आर्यवीर दल उत्तर प्रदेश के प्रांतीय संचालक आचार्य पंकज आर्य ने बताया कि आर्यवीर दल उत्तर प्रदेश के आह्वान पर राष्ट्रपिता महर्षि दयानंद सरस्वती की 200 वीं जयंती के अवसर पर आर्य समाज में 200 कुंडीय महायज्ञ एवं ऋषि चर्चा सम्मेलन रविवार को प्रातः आठ बजे से होगा। इसी के साथ 200 कुंडीय यज्ञ प्रारंभ किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में आर्य समाज प्रांगण के अंतर्गत आगरा से पधारे आचार्य उमेश चंद्र कुलश्रेष्ठ ने आर्य समाज व ऋषि दयानंद पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आर्य समाज और दयानंद ने इस देश के लिए अनेक प्रकार के ढोंग आडंबर पाखंड से बचाने का प्रचंड प्रयास किए। बताया कि पिछले 149 वर्ष से समाज में कुरीतियां चल रही हैं। आज देश में अनेक प्रकार की कुरीतियों का निराकरण हुआ है, उसमें ऋषि श्रेय दयानंद और उनकी संस्था आदि समाज को ही जाता है। आर्य समाज की प्रधान अंजना गुप्ता ने व डॉक्टर सर्वेश आर्य प्रधान जिला सभा औरैया इटावा ने अपील करते हुए कहा कि कल 200 कुंडीय यज्ञ में सभी समय से पधार कर पुण्य के भागी बनें। इस अवसर पर देवेश आर्य जिला संचालक आर्य वीर दल औरैया, राजन आर्य, मनीषी बाणप्रस्ती, वीरेंद्र गुप्ता, सूर्यांश आर्य कन्या गुरुकुल नजीबाबाद से पधारी आचार्य डॉक्टर प्रियंवदा वेद भारती, ब्रह्मचारिणी माधुरी आर्य, राजेन्द्र आर्य आदि मौजूद रहे।

बच्चों की प्रतिभा देख लोगों ने की सराहना

● उच्च प्राथमिक विद्यालय पटेलनगर में वार्षिकोत्सव संपन्न

अजीतमल, औरैया। विकासखंड अजीतमल के कस्बा बाबरपुर के पटेल नगर में उच्च प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन के साथ हुई। मुख्य अतिथि डॉयट प्राचार्य गंगा सिंह राजपूत और विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार रहे क्लास एक के छात्रों द्वारा स्कूल चलो अभियान का नाटक आए हुए आगंतुकों बहुत पसंद आया। बच्चों द्वारा किये गये कत्थक डांस भी लोगों ने जमकर तालियां बजाईं। कार्यक्रम का संचालन ऋतुराज दुबे ने किया खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को और सभी स्टाफ को शानदार प्रस्तुति के लिए सराहना की।

हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई नाटक भी सराहनीय रहा। कत्थक डांस की छात्रा सलोनी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। नाटक में स्कूल चलो अभियान के छात्रों रिमझिम, अंकुश, बाबू ,मयंक, ऋषभ और तान्या प्रथम रहीं।

सार-संक्षेप

ऋषभ पांडेय बने इंडिगो एयरलाइंस के पायलट

अजीतमल। विकास खंड में ब्लॉक प्रमुख रजनीश पांडेय के भतीजे ऋषभ पांडेय को इंडिगो एयरलाइंस का पायलट बनने पर नगर के लोगों ने जमकर बधाई व शुभकामनाएं दीं।

पुरवार पोरवाल समाज की बैठक संपन्न

फफूंद। रविवार को अखील भारतीय पुरवार पोरवाल महासभा की बैठक फफूंद नगर के मोहल्ला होमगंज में जिलाध्यक्ष शिव कुमार पुरवार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्व प्रथम जिला कार्यकारी का विस्तार करते हुए। फफूंद नगर के समाज सेवी/व्यापारी नेता मानवेंद्र पोरवाल को जिला संगठन मंत्री बनाया गया। जिसके वाद में जिलाध्यक्ष ने कहा कि हम सभी लोगो समाज हित मे कार्य करना है। समाज के गरीब परिवारों की मदद करना है हमारे समाज मे काफी परिवार ऐसे है जो गरीबी रेखा में जीवन यापन कर रहे है, वह किसी से मदद नही मांग सकते बच्चो की पढ़ाई व शादी नही कर पारहे है ऐसे लोगो खोज कर हम लोगो को उनके बच्चो की पढ़ाई का खर्च उठायेगे एवम शादी विवाह में भी मदद करनी है। व्यापार के लिए भी उनकी मदद करनी है। जिससे हम सभी लोग एक समान रहे। इस मौके पर संरक्षक प्रोफेसर डॉ. सुशील गुप्ता, जिला महामंत्री कपिल पोरवाल, जिला कोषाध्यक्ष आदित्य पोरवाल, विष्णु पोरवाल, कल्लू पोरवाल, राकेश गुप्ता, रजोल पोरवाल, मनोज पोरवाल, देवेंद्र पोरवाल सहित समाज के लोग मौजूद रहे।

आग लगने से दो हेक्टेयर फसल राख

कुदरकोट /बिधूना /औरैया। तहसील क्षेत्र के कलारपुर गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग से आधा दर्जन किसानों की दो हेक्टेयर से अधिक रकबे की हजारों रुपये की गेहूं की फसल जलकर तबाह हो गई। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंच कर किसी तरह आग पर काबू पाया। सूचना मिलते ही तहसीलदार रणवीर सिंह राजस्व निरीक्षक सुमित नरायण, क्षेत्रीय लेखपाल अनमोल सिंह एवं कुदरकोट थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। लेखपाल ने बताया कि अनिल कुमार, पप्पू, जयराम, देवेन्द्र प्रताप सिंह, अन्नपूर्णा आदि की फसल को नुकसान पहुंचा है। क्षति का आंकलन तैयार कर वह रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को देंगे। तहसीलदार रणवीर सिंह ने कहा क्षेत्रीय लेखपाल की आख्या रिपोर्ट के आधार पर पीड़ित किसानों को क्षतिपूर्ति दिलायी जायेगी।

बाइक की टक्कर से किसान घायल

अछल्दा। थानाक्षेत्र के मुहम्मदाबाद गांव निवासी सौरभ पुत्र रामदास शनिवार रात साढ़े 8 बजे अपने खेत से वापस अपने घर आ रहा था तभी अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने टक्कर मार दी और चालक फरार हो गया। निकलरहे राहगीरों ने घर पर सूचना दी और गंभीर हालत में परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अछल्दा उपचार के लिये लेके आये जहा ड्यूटी डॉ गौरव ने गंभीर हालत में सैफई रिफर कर दिया।

तराबी नमाज में कुरान मुकम्मल ,मगफिरत की मांगी दुआएं

फफूंद। कस्बे के बाबा का पुरवा के अमीन साहब के अहाते में स्थित मक्का मस्जिद में 26 वें रमजानुल मुबारक को तराबी नमाज में कुरान मुकम्मल हुआ, नमाज के बाद मगफिरत और जहन्नुम से निजात की दुआ मांगी गई। कस्बे के बाबा का पुरवा स्थित मस्जिद में शनिवार 26 वें रमजानुल को तराबी नमाज में कुरान मुकम्मल हुआ। इस दौरान मौलाना अदील ने रमजानुल मुबारक महीने की फजीलत के बारे में बताते हुए कहा की माहे मुबारक में रोजा रखने के साथ ही नमाज, तिलावत-ए-कुरआन, जिक्र ए इलाही, दुरूद शरीफ को कसरत से पढ़ें ज्यादा से ज्यादा वक्त अल्लाह की इबादत में गुजारें। झूठ, फरेब, चुगलखोरी और दूसरी तमाम बुराइयों से परहेज करें। बताया की हदीस में है कि जो शख्स रोजे की हालत में झूठ बोलने और गलत काम करने से परहेज न करे, परवरदिगार को उसके भूखा प्यासा रहने की कोई जरूरत नही। फरमाया कि इन सभी बातों पर अमल न करने वाले बहुत से रोजेदार ऐसे होंगे जिनको भूख-प्यास के सिवा कुछ हासिल नहीं होगा। तकरीर के बाद मगफिरत की दुआएं मांगी गईं। बच्चू भाई मेव, आफाक इलाही, मोहम्मद जैद, मौलाना उस्मान साहब, उमर भाई, अनवार इलाही, हाजी युनुस सिद्दीकी, तैयब सिद्दीकी, मिर्जा हुमायूं बेग, इंतिखाब इलाही, सलीम खान, खान मोहम्मद आरिफ सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

चोरी की बाइक समेत आरोपी गिरफ्तार

अजीतमल। आईटीआई में अध्ययनरत छात्र सौरभ कुशवाहा निवासी अन्तौल थाना अयाना रोजाना की तरह बाइक से बीते 4 तारीख को कालेज पढ़ने के लिए आया था। वापसी के समय बाइक जगह पर न देख इधर उधर खोजबीन की। 6 तारीख को कोतवाली अजीतमल में रिपोर्ट दर्ज कराई। चौकी प्रभारी अटसू सतीश चन्द्र ने कालेज के सीसीटीवी कैमरे को चेक करके 6 तारीख को रात्रि चेकिंग अभियान में जुआ के पुल पर भीखेपुर रोड पर बाइक सवारों को चेकिंग के लिए रोका तो वो भागने लगे जिनको पकड़ कर जानकारी की तो पता चला कि बाइक चोरी की है। बाइक चोरी करने वाले युवक भी इसी कालेज के छात्र निकले जिनका नाम हित्कर्ष गौतम व हर्षित को पकड़ लिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेजा।

बूथों पर वालंटियर होंगे तैनात, करेंगे सहायता

कार्यालय संवाददाता, औरैया

● मतदान प्रतिशत बढ़ाने में जुटा आयोग, जिले में कुल 1139 बूथ

अमृत विचार। चुनाव आयोग इस भीषण गर्मी में मतदान प्रतिशत बढ़ाने में जुटा हुआ है। जिससे लोग अधिक से अधिक अपने घरों से बाहर निकले और मतदान करे। मतदान केंद्रों में आने वाले बुजुर्गों और दिव्यांगों की मदद के लिए वालंटियरों की तैनाती होगी। जो बूथ पर आने वाले मतदाताओं की मदद करेंगे। जिसको लेकर चुनाव आयोग तैयारी में जुटा हुआ है।

जनपद में लोकसभा चुनाव को लेकर तीन विधानसभा के 1139 बूथ बनाए गए है। जिसमें बिधूना विधानसभा में 404, दिबियापुर विधानसभा में 361, औरैया विधानसभा में 374 बूथ बनाए गए है। इन बूथों में बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं की मदद के लिए चुनाव आयोग की तरफ से वालंटियर तैनात किए जाएंगे। जिसको लेकर जिला निर्वाचन आयोग उन बूथों को चिह्नित कर रहा है, जहां पर वालंटियरों को तैनात किया जाएगा। इसके अलावा बूथों में पेयरजल, बैठने के लिए कुर्सियां और छाया का भी इंतजाम किया जा रहा है। व्हील चेयर व बैसाखी की भी व्यवस्था की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि अभी हम लोग निकाल रहे है कि किन बूथों पर कितने लोगों की जरूरत लोगों की जरूरत होगी। उनको चिन्हित कर रहे है। बूथों पर वालंटियरों की तैनाती की जागी, जो बुजुर्गों व दिव्यांग मतदाताओं की मदद करेंगे।

हवन, भंडारे के साथ कथा का समापन

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। शहर के आवास विकास आंबेडकर पार्क परिसर में चल रही भागवत कथा शनिवार को संपन्न हो गई। कथा के समापन के अवसर पर हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। कथा व्यास आचार्य हरगोविंद बाजपेई ने 7 दिन तक चली कथा में भक्तों को श्रीमद भागवत कथा की महिमा बताई। उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा।

आचार्य हर गोविंद बाजपेई ने कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है।श्रीमद भागवत से जीव में भक्ति,ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं।इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। हर कथा या अनुष्ठान का तत्वसार होता है जो मन बुद्धि व चित को निर्मल कर देता है। मनुष्य शरीर भी प्रभु का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ प्रसाद है। जीवन में प्रसाद का अपमान करने से प्रभु का ही अपमान होता है। प्रभु को लगाए गए भोग का बचा हुआ शेष भाग मनुष्यों के लिए प्रसाद बन जाता है। कथा समापन के दिन शनिवार को विधि विधान से पूजा करवाई गई। दोपहर तक हवन और भंडारा कराया गया। इस मौके पर श्री भगवान पोरवाल, रानू पोरवाल, संजीव पोरवाल सहित विचित्र पहल के संस्थापक आनंदनाथ पोरवाल, कपिल पोरवाल मौजूद रहे।

भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

सियासत

रामशंकर कठेरिया ने ब्राह्मण समाज के लोगों का माला पहना कर किया सम्मान

योगी और मोदी सरकार कर रही सभी के हित के लिए काम : सांसद

संवाददाता, ककोर, औरैया

अमृत विचार। इटावा सांसद रामशंकर कठेरिया ने आज दिबियापुर के एक गेस्ट हाउस में पहुंचे और ब्राह्मण समाज की मीटिंग कर चर्चा की। जहां सांसद रामशंकर कठेरिया ने प्रबुद्ध ब्राह्मण समाज के लोगों को माला पहनाकर सम्मानित किया और आए हुए प्रबुद्ध लोगों को संबोधित किया वहीं सांसद रामशंकर कठेरिया ने कहा हम और हमारी सरकार आप सभी के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है । हम आपको विश्वास दिलाते हैं कभी भी हमारी ओर से आपके सम्मान को कोई ठेस नहीं पहुंचेगी। सदा ही आप लोगों का मान सम्मान किया जाएगा प्रदेश की योगी और केंद्र की मोदी सरकार सभी के हित का काम कर रही है। प्रदेश में लगभग गुंडागर्दी समाप्त हो रही है । लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की सभी सीट भाजपा की झोली में डाली जाए। जिससे केंद्र में सशक्त और मजबूत मोदी सरकार बन सके । आप सभी को सम्मानित करते हुए मुझे गर्व हो रहा है। और भविष्य में भी आप लोगों का सदैव सम्मान किया जाएगा।

वहीं अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के बृज किशोर तिवारी ने ब्राह्मण समाज पर लगने वाले मुकदमे पर चिंता व्यक्त की। तो उद्योगपति सुशील कुमार दुबे ने ब्राह्मण समाज की समस्याओं से अवगत कराया साथ ही शासन द्वारा उद्यमियों के लिए होने वाली समस्याओं से भी निदान की मांग की। जहां सांसद ने हर संभव मदद का भरोसा दिया। इस कार्यक्रम के अवसर पर सुशील दुबे, नीरज दुबे, दिवाकर पांडे, छुट्टन, रमेश चंद्र शुक्ला, चंद्रकांती मिश्रा, कमलेश नारायण, राजेश अग्निहोत्री, गिरीश तिवारी, योगेश त्रिपाठी, आदि लोग मौजूद रहे।

ब्राह्मणों की बैठक में मंचासीन सांसद। अमृत विचार

भाजपा सरकार से सभी वर्ग निराश : जितेंद्र दोहरे

औरैया। रविवार को दिबियापुर में सपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुयी । बैठक में मौजूद इटावा लोकसभा क्षेत्र के समाजवादी पार्टी प्रत्याशी जितेन्द्र दोहरे ने कार्यकर्ताओं से कहा कि मौजूदा सरकार से समाज का प्रत्येक वर्ग निराश है। भाजपा धर्म के आधार पर लोगों को बांटने का प्रयास कर रही है। उन्होंने दिबियापुर विधानसभा क्षेत्र के सभी पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से चुनाव में सहयोग की अपील की। बैठक में इटावा जिला पंचायत अध्यक्ष अंशुल यादव ने कहा कि पार्टी प्रत्याशी को इटावा से लेकर सिकन्दरा तक सभी वर्गों का समर्थन मिल रहा है। उन्होंने पार्टी के सेक्टर एवं बूथ अध्यक्षों को सजग रहकर कार्य करने की सीख देते हुये कहा कि यह चुनाव पार्टी के लिये अहम है। बैठक में क्षेत्रीय विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि सरकार विरोधी दलों को परेशान करने के लिये ईडी और सीबीआई का सहारा ले रही है। उन्होंने कहा कि दिबियापुर ने हमेशा समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने में मदद की है । सपा का कार्यकर्ता संघर्ष से नहीं घबराता है। उन्होंने पार्टी प्रत्याशी को आश्वस्त किया कि दिबियापुर से पार्टी को निर्णायक बढ़त मिलेगी। बैठक को जिलाध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजवीर सिंह यादव , नगर अध्यक्ष रवीन्द्र पोरवाल , प्रदेश सचिव बबलू नायक, विधायक प्रतिनिधि अजय पोरवाल, बारेलाल पाल , श्यामबाबू यादव , ब्लाक प्रमुख पति धीरेन्द्र दोहरे , पूर्व सभासद श्रीकृष्ण पिछड़ा , ललिता राठौर, योगेन्द्र यादव कल्लू एवं छुन्ना तिवारी आदि ने सम्बोधित किया। इटावा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, युवजन सभा के जिलाध्यक्ष गौरव यादव, बैकुण्ठ यादव, तेहराज सिंह यादव, मुन्ना कुरेशी रहे।

कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करते सपा प्रत्याशी जितेन्द्र दोहरे। अमृत विचार

चुनाव में जी जान से जुटें कार्यकर्ता : एमएलसी

संवाददाता, ककोर, औरैया

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव की तैयारियों में भाजपा जुट गई है। जन संपर्क और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ नुक्कड़ बैठकों का दौर जारी है। इसी क्रम में बीजेपी स्थापना दिवस के मौके पर कंचौसी पहुंचे विधान परिषद सदस्य पूर्व पार्टी जिला अध्यक्ष कानपुर देहात अविनाश सिंह चौहान ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। भारतीय जनता पार्टी सहायल मंडल महामंत्री रवींद्र सिंह सेंगर के आवास पर शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में पहुंचे एमएलसी अविनाश सिंह चौहान ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि लोकसभा चुनाव की तैयारियों को सभी लोग जी जान से जुट जाएं। जनता से जनसंपर्क कर लोगों की समस्याओं को जानें और उन्हें जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दें। एमएलसी अविनाश सिंह ने कंचौसी कस्बा की समस्याओं पर भी चर्चा की। उन्होंने औरैया जिले के कंचौसी कस्बा को भी भविष्य में अलग से नगर पंचायत बनवाए जाने की सिफारिश करने का आश्वाशन दिया। इस मौके बान प्रधान पति अनुपम गुप्ता, प्रधान जसकरन सिंह सेंगर, आदेश शुक्ला बीनू, मंडल महामंत्री रवींद्र सिंह सेंगर, अंकुर तिवारी, अर्जुन सिंह चौहान, देवेंद्र प्रताप सिंह गौर, विपिन गुप्ता, श्री नारायण राजपूत, अनुरूद सिंह चौहान, अनमोल गुप्ता आदि तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एमएलसी अविनाश सिंह चौहान का सम्मान करता कार्यकर्ता। अमृत विचार

रालोद के लिए नाक का सवाल बना बिजनौर का रणक्षेत्र

दिग्विजय सिंह

- पिछले चुनाव में इस सीट पर सपा से गठबंधन के चलते बसपा के मलूक नागर बने थे सांसद
- सपा ने इस बार दीपक सैनी को तो बसपा ने रालोद से आए विजेंद्र सिंह को बनाया उम्मीदवार

दो-दो विधानसभा सीटों पर भाजपा- रालोद काबिज

- इस लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से दो- दो विधानसभा सीटों पर रालोद-भाजपा |का कब्जा है। एक सीट पर सपा काबिज है। मुजफ्फरनगर जिले की पुरकाजी और मीरापुर सीट पर रालोद और बिजनौर की बिजनौर सीट पर भाजपा और चांदपुर सीट पर सपा और मेरठ जिले की हस्तिनापुर सीट पर भाजपा का कब्जा है।

रालोद के बागी पर बसपा का दांव

- मेरठ के जलालपुर लावड़ निवासी चौधरी विजेंद्र सिंह इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में जुटे हुए हैं। हाल ही में उन्होंने बसपा की सदस्यता ग्रहण की थी। वह रालोद से त्यागपत्र देकर बसपा में आए थे। रालोद से बगावत के पीछे टिकट न मिलने को कारण बताया गया था।

मीरा कुमार यहां से पहुंची थीं संसद

1984 में कांग्रेस के सांसद गिरधारी लाल का निधन हो गया था। तब इस सीट पर उप चुनाव हुआ और पूर्व प्रधानमंत्री जगजीवन राम की बेटी मीरा कुमार ने यहां से जीत दर्ज की थी। मीरा कुमार ने यहां से लोकदल के उम्मीदवार पूर्व केंद्रीय मंत्री राम विलास पासवान को हराया था। मीरा कुमार कांग्रेस की उम्मीदवार थीं। इस चुनाव में मायावती बतौर निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में थीं। इसी सीट से उनकी सियासी लांचिंग हुई थी। 2014 में पूर्व सांसद एवं फिल्म अभिनेत्री जयापद्रा यहां से राष्ट्रीय लोकदल के टिकट पर मैदान में उतरीं थीं पर चौथे स्थान पर रहीं थीं।

फिर किसानों की नाराजगी का कुछ नुकसान उठाना पड़ता है।

मीरापुर के विधायक हैं चंदन चौहान: भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मीरापुर से विधायक चंदन चौहान को सांसद बनाने में जुट गए हैं। भाजपा अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं को यह संदेश दे रही है कि रालोद के निशान को ही कमल का निशान समझें और ताकि चार सौ पार का सपना साकार हो सके। चंदन ने भी यह कोशिश की है कि उनके किसी कदम से भाजपा के कार्यकर्ता नाराज न हों। चंदन के दादा चौधरी नारायण सिंह 1977 में उप मुख्यमंत्री रह चुके हैं। साथ ही उनके पिता संजय चौहान भी विधायक रह चुके हैं।

हर दल को मतदाताओं ने अपनाया: यहां के मतदाताओं ने हर दल को गले लगाया। चाहे वह कांग्रेस हो या जनता पार्टी, बसपा, सपा, कांग्रेस, भाजपा और रालोद। जनता पार्टी सेक्युलर को भी यहां जीत मिल चुकी है।

पहली बार 1991 में यहां भाजपा जीती थी। 1996 के चुनाव में भी कमल खिला था पर 1998 में सपा की ओमवती ने भाजपा से यह सीट छीन ली थी लेकिन जब 1999 में लोकसभा का चुनाव हुआ तो यह सीट पुनः भाजपा के खाते में आ गई। लेकिन 2004- 2009 के चुनाव में यहां के मतदाताओं ने रालोद पर भरोसा जताया।

2014 में मोदी लहर में भाजपा यहां जीती जरूर लेकिन 2019 में सपा- बसपा गठबंधन में बसपा के मलूक नागर ने भाजपा को यहां हरा दिया।

चौधरी विजेंद्र सिंह। दीपक सैनी। चंदन चौहान।



2019 का वोट प्रतिशत

बसपा	मलूक नागर	51.21
भाजपा	कुंवर भारतेंद्र	44 .67
कांग्रेस	नसीमुद्दीन	2 .36

बसपा भाजपा कांग्रेस

26% मुस्लिम मतदाता

22 % दलित मतदाता

18 % जाट मतदाता

06% गुर्जर मतदाता

28 % अन्य वोटर

17,33,372 बिजनौर सीट पर कुल मतदाता

सपा को बदलना पड़ा उम्मीदवार

- बिजनौर सीट पर जीत दर्ज करने के लिए सपा ने पहले पूर्व सांसद यशवीर सिंह धोबी को मैदान में उतारा था। यशवीर सिंह 2009 में नगीना सीट से सांसद चुने गए थे। वह नगीना से ही टिकट चाह रहे थे लेकिन बदली परिस्थितियों में पार्टी ने उन्हें बिजनौर के रण में उतारना जरूरी समझा। हालांकि इससे यशवीर सिंह खुद ही असहज महसूस कर रहे थे। पार्टी ने उनके भाव को समझा और टिकट बदलते हुए नूरपुर से विधायक राम अवतार सैनी के बेटे दीपक सैनी को मैदान में उतार दिया। अब दीपक ने इस समर को जीतने के लिए रात दिन एक कर दिया है। युवाओं की टोली के साथ वे लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं और किसानों को यह याद दिलाने की कोशिश कर रहे हैं कि केंद्र और राज्य सरकार ने उनके आंदोलन को किस तरह कुचला। केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर ही किसानों को न्याय मिलेगा। बसपा उम्मीदवार विजेंद्र चौधरी जल्द ही यहां पार्टी प्रमुख मायावती और आकाश आनंद की रैली कराने की तैयारी कर रहे हैं ताकि इस रणक्षेत्र में वे जीत दर्ज कर सकें। रालोद और भाजपा की रणनीति पर भी उनकी गहरी नजर है। इसके लिए वे लगातार रालोद कार्यकर्ताओं के संपर्क में भी हैं।

कमलनाथ के गढ़ में क्या इस बार खिलेगा कमल

मनोज त्रिपाठी



16 लाख 40 हजार के आसपास मतदाता हैं यहां

08 लाख 30 हजार पुरुष मतदाता चुनेंगे सांसद

- मध्य प्रदेश की हाई प्रोफाइल छिंदवाड़ा लोकसभा सीट जीतने के लिए भाजपा ने इस बार पूरी ताकत झोंकी
- बीते कुछ समय से यहां बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता भाजपा में हुए शामिल, 19 अप्रैल को मतदान
- चार दशक से यहां कमलनाथ परिवार का कब्जा, पिछली बार बेटे नकुलनाथ को जीतने में छूट गया था पसीना

मध्यप्रदेश में पहले चरण के चुनाव में 19 अप्रैल को हाई प्रोफाइल सीट छिंदवाड़ा के साथ सीधी, शहडोल, मंडला, जबलपुर, बालाघाट लोकसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इन आधा दर्जन सीटों में सबसे ज्यादा रोचक मुकाबला छिंदवाड़ा में कांग्रेस के मौजूदा सांसद नकुल नाथ और भाजपा के विवेक बंटी साहू के बीच होगा। इस सीट पर देश भर की निगाह लगी है। छिंदवाड़ा में लगातार कांग्रेस से भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं और कार्यकर्ताओं की लाइन लगी है। दो दिन पहले पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ के काफी खास रहे पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं। भाजपा ने इस बार छिंदवाड़ा सीट को प्रतिष्ठा से जोड़ लिया था और राज्य की सभी 29 सीटों पर क्लीन स्वीप की बात कही है। 2019 में भाजपा ने 28 सीटें जीती थीं, सिर्फ छिंदवाड़ा में कांग्रेस और कमलनाथ का किला नहीं ढहा पाई थी। भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज पाटिल द्वारा यहां बिछाई गई बिसात पर वर्तमान सीएम मोहन यादव और वरिष्ठ भाजपा नेता कांग्रेस को मात देने में जुटे हैं।

छिंदवाड़ा सीट पर बीते चार दशक से कमलनाथ परिवार का कब्जा है। छिंदवाड़ा में भले ही कांग्रेस से नकुल नाथ लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं पर प्रतिष्ठा उनके पिता पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ की दांव पर लगी है। वर्ष 1971 से 2019 के बीच हुए 14 लोकसभा चुनावों में 13 बार यहां से कांग्रेस जीती है। 1980 से लेकर 2019 तक तो केवल कमलनाथ परिवार का ही दबदबा रहा है। इस सीट पर केवल वर्ष 1993 का उपचुनाव छोड़कर कमलनाथ हमेशा लोकसभा का चुनाव जीतते रहे हैं। 1993 के उपचुनाव में सुंदरलाल पटवा ने उनको पराजित किया था। इस बार कांग्रेस की इस परंपरागत सीट पर जीत हासिल करने के लिए मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के अलावा मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद सिंह पटेल लगातार दौरे कर रहे हैं। इनके मुकाबले कमल नाथ ने अकेले मोर्चा संभाल रखा है। वह लगातार घूम-घूमकर सभी विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं से संवाद कर रहे हैं। अपनी सभाओं में यह कहते नहीं थकते हैं कि 'जब मैं छिंदवाड़ा आया था, तब लोगों को इसका नाम पता नहीं था। यह देश का सबसे पिछड़ा इलाका होता था।

कमलनाथ के सामने दो बार कड़ी चुनौती पेश कर चुके हैं बंटी साहू

- भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू छिंदवाड़ा के युवा व्यवसायी हैं। वह पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। लेकिन इससे पहले छिंदवाड़ा से दो बार विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। दोनों ही बार उन्हें हार भले मिली हो, पर उन्होंने कमलनाथ के सामने कड़ी चुनौती पेश की थी। 2019 के विधानसभा उपचुनाव में बंटी साहू को कमलनाथ से सिर्फ 35 हजार वोटों से हार मिली थी। पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में कमलनाथ 34 हजार मतों से ही पराजित कर पाए थे।

08 लाख 10 हजार महिला मतदाता

53 हजार से ज्यादा फर्स्ट टाइम वोटर

लोकसभा क्षेत्र की सभी सीटों पर कांग्रेस काबिज

- छिंदवाड़ा जिले में पिछले साल- 2023 के अंत में हुए विधान सभा चुनाव में भाजपा को बड़ी जीत मिली थी, लेकिन पार्टी छिंदवाड़ा में एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। यहां की सभी सातों विधान सभा सीटें कांग्रेस के खाते में गई थीं। 2018 के विधानसभा चुनाव में भी यहां की सभी सीटों पर कांग्रेस ने ही जीत दर्ज की थी। पिछले विधानसभा चुनाव में छिंदवाड़ा विधान सभा सीट से कमलनाथ जीते थे। लेकिन माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव में कमलनाथ या कांग्रेस के लिए छिंदवाड़ा में मुकाबला आसान नहीं रहने वाला है। इसकी बड़ी वजह लोग यह भी बताते हैं कि नकुलनाथ 2019 में सांसद जरूर चुने गए थे। लेकिन उनकी जीत का आंकड़ा 37 हजार 536 मतों का ही था। नकुलनाथ को 5,87,305, जबकि भाजपा प्रत्याशी नथनशाह कवरेती को 5,49,769 मत मिले थे।

प्राकृतिक सुंदरता से संपन्न अब 'कॉर्न सिटी' की नई पहचान

- मध्य प्रदेश राज्य बनने के साथ ही छिंदवाड़ा जिला भी वर्ष 1956 में अस्तित्व में आया था। क्षेत्रफल की दृष्टि से छिंदवाड़ा पूरे मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा जिला है। घने जंगल, पहाड़, नदियां, प्राचीन किले, कोयले की खदान, संतरों के बाग और हरियाली अगर इसे प्राकृतिक रूप से खूबसूरत बनाती है, तो बीते कुछ वर्षों से मक्का की बढ़िया फसल के कारण छिंदवाड़ा को 'कॉर्न सिटी' के नाम से भी जाना जाता है।

तेवर दिखाए

नई दिल्ली से भाजपा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज ने शराब घोटाले के आरोपी तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कनाट प्लेस में अनोखे अंदाज में प्रदर्शन करके इस्तीफा मांगा।

शिरडी सीट पर इस बार शिवसेना बनाम शिवसेना की लड़ाई

शिरडी

विस में महायुति और महाविकास अघाड़ी के पास 3-3 सीटें

इस लोकसभा क्षेत्र की विधान सभा में महायुति के पास तीन सीटें और महाविकास अघाड़ी के पास तीन सीटें हैं। इनमें कांग्रेस के 2 विधायक, एनसीपी अजित पवार गुट के 2 विधायक, बीजेपी का एक विधायक और ठाकरे समर्थक शंकरराव गडाख नेवासी विधायक हैं।

अमृत विचार। महाराष्ट्र की शिरडी लोकसभा सीट में इस बार शिवसेना बनाम शिवसेना की लड़ाई है। इससे चुनाव दिलचस्प हो गया है। शिरडी लोकसभा क्षेत्र अहमदनगर जिले में आता है। इस संसदीय क्षेत्र में कुल 6 विधानसभा क्षेत्र अकोले, संगमनेर, शिरडी, कोपरगांव, श्रीरामपुर, नेवासा शामिल हैं। यहां पहला संसदीय चुनाव साल 2009 में हुआ। इस सीट पर शिवसेना का दबदबा है।

वर्तमान में यहां से शिवसेना के सदाशिव लोखंडे सांसद हैं। शिवसेना में बगावत के बाद सदाशिव लोखंडे ने शिंदे गुट के साथ जाने का फैसला किया। शिवसेना में फूट के बाद उन्होंने एकनाथ शिंदे को समर्थन देने का फैसला किया था। इसलिए उन्हें दोबारा टिकट दिया गया है। वह पिछले दो बार से लगातार शिव सेना के टिकट पर शिरडी लोकसभा क्षेत्र से सांसद चुने गए हैं। इससे पहले 2009 के लोकसभा चुनाव में भाऊसाहेब वाकचौरे ने इस सीट से जीत हासिल की थी।

उन्होंने शिवसेना के टिकट पर चुनाव भी लड़ा था। अब शिवसेना में फूट के बाद यहां चुनाव रोचक हो गया है। शिरडी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की स्थापना 2008 में हुई थी। भाऊसाहेब वाकचौरे ने निर्वाचन क्षेत्र की स्थापना के बाद पहला चुनाव 2009 में जीता और सदाशिव लोखंडे ने 2014 और 2019 में लगातार जीत हासिल की है। इससे पहले 2004 तक इस निर्वाचन क्षेत्र (कोपरगांव) पर मुख्य रूप से बालासाहेब विखे पटल का दबदबा था। बालासाहेब विखे पाटिल ने लोकसभा में इस निर्वाचन क्षेत्र का 7 बार प्रतिनिधित्व किया। इनमें से 6 बार वह कांग्रेस से और एक बार शिवसेना से लोकसभा चुनाव जीते। इस सीट पर भाजपा को सिर्फ एक बार जीत मिली है। 1996 के चुनाव में भाजपा के भीमराव बडाडे चुने गए।

पश्चिम बंगाल में गरजे मोदी | जलपाईगुड़ी में में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीएमसी पर जमकर निशाना साधा और चार सौ पार का नारा दिया

पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की कसम खाई

जलपाईगुड़ी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल में चार जून के बाद भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की कसम खाई और भरोसा दिया कि गरीबों से लूटा गया पैसा उनके पास वापस जायेगा। मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचारियों ने जो पैसे गरीबों से लूटे हैं तथा जो भी संपत्ति और पैसा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जब्त किये हैं, वे गरीबों को लौटाये जाएंगे। गरीबों से लूटा गया पैसा उनके पास वापस आ जाएगा। जो भी संपत्ति और पैसा ईडी ने भ्रष्टाचारियों से जब्त किया है वह सब गरीबों के पास जाएगा। यह 'मोदी की गारंटी' है। एक तरफ मोदी गारंटी देते हैं वहीं इंडिया समूह गालियां देता है। उन्होंने कहा कि वह वर्ष 2047 तक भारत को वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने के लिए रात-दिन कर रहे हैं। विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए, मेरे जीवन का हर पल देश को समर्पित है। जलपाईगुड़ी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार जयंत कुमार रॉय के समर्थन में विजय संकल्प चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा," हम भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए लड़ रहे हैं, लेकिन तृणमूल कांग्रेस, वाम दल और कांग्रेस कथित तौर पर 'भ्रष्टाचारियों को बचाने' का प्रयास कर रहे हैं। प्रधानंमत्री ने दोहराया, भ्रष्टाचार और विभाजनकारी ताकतों के साथ खेलने के लिए तीनों एक-दूसरे का समर्थन कर रहे हैं। यह चुनाव 2024 केंद्र में एक मजबूत और स्थिर सरकार के बारे में है। चार जून के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई में तेजी आएगी। उन्होंने उत्तर 24 परगना में संदेशखाली प्रकरण का भी जिक्र किया जहां तृणमूल नेता कथित तौर पर महिलाओं पर अत्याचार करने में शामिल थे और कहा कि अपराधियों को दंडित किया जाएगा और वे अपना शेष जीवन जेल में बिताएंगे।

जबलपुर में रोड शो के दौरान जनता का शीश झुकाकर अभिवादन करते पीएम मोदी।

कांग्रेस की हर सरकार में हुआ घोटाला ही घोटाला : राजनाथ

झुंझुनूं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार जब भी रही, कोई न कोई घोटाला जरूर हुआ है। भ्रष्टाचार के कारण ही कांग्रेस के मंत्रियों को भी जेल की हवा खानी पड़ी। भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार का एक भी दाग नहीं है। राजनाथ सिंह ने रविवार को झुंझुनूं जिले के पिलानी में भाजपा प्रत्याशी शुभकरण चौधरी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान शौर्य और पराक्रम की धरती है। राणा की शक्ति, मीरा की भक्ति, भामाशाह की संपत्ति ही राजस्थान की धरती है। राजस्थान सहित पूरे देश में एक चुनाव होना चाहिए। अलग-अलग चुनाव से समय और पैसे की बर्बादी होती है। हमारी सरकार वन नेशन वन इलेक्शन का समर्थन करती है। पहले देश में कहीं ना कहीं आतंकी घटना होती रहती थी। जम्मू-कश्मीर में हमेशा आतंकी घटना होती रहती थी। लेकिन अब किसी मां के लाल में दम नहीं जो हमारी तरफ आंख उठा कर देख सके। जब जरूरत पड़ी तो सीमा के इस पार और सीमा के उस पार भी मारेंगे। 2014 से पहले प्रतिवर्ष 600 करोड़ रुपये से अधिक की आयुध सामग्री बाहर से मंगवाई जाती थी। वर्तमान में हम 21 हजार करोड़ रुपये की स्वदेश निर्मित रक्षा सामग्री दूसरे देशों को बेच रहे हैं।

सड़क पर सीएम

बेंगलुरू में नार्थईस्ट सीट से कांग्रेस प्रत्याशी राजीव गौड़ा के समर्थन में सड़क पर चुनाव प्रचार करने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया निकले तो जनता ने हाथ हिलाकर जीत का भरोसा जताया।

एक नजर

बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग को मिला बजट

अमृत विचार, लखनऊ : बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग को नए सत्र की शुरुआत के साथ ही सरकार ने 344 .23 करोड़ की धनराशि भेजी है। इससे वेतन, सभी भत्ते, मानदेय, कार्यालय किराया समेत बिजली-पानी आदि के सभी खर्च और आउटसोर्सिंग सेवाओं के छह माह तक भुगतान किए जाएंगे। शासन के संयुक्त सचिव अशोक कुमार तिवारी ने बाल विकास एवं पुष्टाहार के निदेशक को सरकार से स्वीकृत धनराशि भेजते हुए नियमानुसार खर्च के आदेश दिए हैं। कहा है कि पूरे साल के लिए 688 करोड़ 46 लाख 47 हजार प्राविधानित धनराशि का पहली छमाही के लिए संभावित व्यय 344 करोड़ 23 लाख 24 हजार रुपये भेजा गया है। इस धन से वेतन के रूप में 198 करोड़ 98 लाख 22 हजार 500, मंहगाई भत्ते के रूप में 109 करोड़ 44 लाख 2 हजार 500 समेत 28 तरह के भुगतान होंगे।

दंगे कराना व कर्फ्यू लगाना कांग्रेस के डीएनए में

राजस्थान में कई चुनावी जनसभाओं में योगी आदित्यनाथ ने साधा निशाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ बोले, गरीबों को भूखों मारती थी और आतंकवादियों को बिरयानी खिलाती थी कांग्रेस

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में भाजपा के स्टार प्रचारक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को राजस्थान के भरतपुर, दौसा, सीकर में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरे की जानकारियां लखनऊ पार्टी मुख्यालय से साझा की गईं। भाजपा उम्मीदवारों के लिए जनता से वोट की अपील करने के दौरान योगी के निशाने पर राजस्थान में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस रही।

उन्होंने कांग्रेस को देश की सबसे बड़ी समस्या बताते हुए कहा कि उसके शासनकाल में गरीबों के हक पर डाका डालने के साथ ही आतंकियों को बिरयानी खिलाई जाती थी और दंगे कराना व कर्फ्यू लगाना कांग्रेस के डीएनए में शामिल है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में केवल श्रीरामलला का भव्य मंदिर ही नहीं बल्कि देश में चार करोड़ गरीबों के मकान भी मोदी के शासनकाल में बने हैं। योगी आदित्यनाथ ने भरतपुर में रामस्वरूप कोली, दौसा में कन्हैया लाल मीणा और सीकर में सुमेधानंद सरस्वती के पक्ष में प्रचार अभियान की कमान संभाली।

भरतपुर में योगी ने कहा कि एक तरफ 'द गार्डियन' की रिपोर्ट कहती है कि पाकिस्तान के अंदर चुन-चुन कर आतंकवादी मारे जा रहे हैं। दुनिया आतंकवाद को बोझ मान रही है। समाज के बोझ यह आतंकवादी मारे ही जाने चाहिए। यह सबकी सुरक्षा के लिए खतरा हैं, लेकिन कांग्रेस अपनी सरकार के समय गरीबों को भूखों मारती थी और आतंकवादियों को बिरयानी खिलाती थी।

वहीं, दौसा में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की सबसे बड़ी समस्या है और कर्फ्यू लगाना इसके डीएनए का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर बनवाना तो दूर, कांग्रेस के लोग श्रीराम और श्रीकृष्ण को काल्पनिक बताया करते थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में केवल गरीबों के हक पर डाका डालने का कार्य हुआ है।

अयोध्या आकर दर्शन करने को किया आमंत्रित

सीकर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने राजस्थान वासियों का आह्वान किया कि चुनाव संपन्न होने के बाद फिर से नई अयोध्या के दर्शन करने आएं। जहां उन्हें त्रेतायुग जैसी अयोध्या का अनुभव होगा। उन्होंने कहा कि महज दो महीने के भीतर अब तक डेढ़ करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने रामलला का दर्शन कर लिया है। यह दर्शाता है कि देश की आस्था को पहले दबाया गया था।

राजस्थान के दौसा में चुनावी जनसभा के दौरान लोगों का अभिवादन करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

मुख्तार अंसारी के फाटक पहुंचे अखिलेश

कहा, सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज से मुख्तार की मौत मामले की जांच कराई जाए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को गाजीपुर स्थित मुख्तार अंसारी के आवास फाटक पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की। यहां अखिलेश यादव ने मुख्तार अंसारी के भाई गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी, बेटे उमर अंसारी, उनके भतीजे शोएब अंसारी और अन्य परिजनों से मुलाकात की। मुख्तार की बहू और अब्बास की पत्नी निकहत अंसारी से भी बात की है। इस दौरान सपा प्रमुख ने पूरे मामले की सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में न्यायिक जांच कराने की मांग की। हालांकि फाटक तक जाकर भी मुख्तार की कब्र तक उनका न जाना क्षेत्र में चर्चा का विषय भी बना।

अखिलेश के साथ समाजवादी पार्टी के कई नेता, कार्यकर्ता और गाजीपुर जिले के तमाम लोग भी मौजूद रहे। मीडिया से बात करते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि जब से भाजपा की सरकार आई है, संवैधानिक संस्थानों पर भरोसा कम हुआ है। मुख्तार अंसारी ने खुद कहा था कि उन्हें जहर दिया जा रहा है। हमें उम्मीद है की सरकार सच्चाई सामने लाएगी और मुख्तार अंसारी के परिवार वालों को न्याय मिलेगा।

अखिलेश यादव ने कहा कि क्या कोई स्वीकार करेगा कि मुख्तार अंसारी की यह प्राकृतिक मौत थी। क्या आम जनमानस में यह भावना नहीं है कि सरकार कुछ छिपा रही है? मुख्तार अंसारी के साथ जेल में जो घटना हुई, सरकार के पास उसका कोई जवाब नहीं है।

गाजीपुर स्थित मुख्तार अंसारी के आवास फाटक पहुंचकर परिजन से मुलाकात करते सपा प्रमुख अखिलेश यादव। अमृत विचार

सपा प्रमुख ने राजनीति भी साधी

अमृत विचार : इस चुनाव में पीडीए यानी पिछड़ा-दलित और अल्पसंख्यक के मूलमंत्र के साथ आगे बढ़ रहे अखिलेश यादव के सामने मुख्तार के फाटक पर जाने या न जाने का सवाल भी बड़ी चुनौती थी। अखिलेश ने अपने करीबी और पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव को भी मुख्तार अंसारी के घर भेजा था। दरअसल, मुख्तार को लेकर मुस्लिम समाज सहानुभूति भी है इसलिए चुनाव के दौरान एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी वहां पहुंचकर अपना संदेश देने में कामयाब रहे। समझा जा रहा है कि ओवैसी के इस कदम से अखिलेश सियासी तौर पर फंस गए और अचानक सपा प्रमुख ने भी मुख्तार अंसारी के परिवार से मुलाकात करने का फैसला किया और रविवार को फाटक पहुंचकर बड़ा राजनीतिक संदेश भी दे डाला।

गाजीपुर यात्रा पर केशव व अखिलेश में जुबानी जंग

अमृत विचार : आजमगढ़ में पत्रकारों से बात करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य ने अखिलेश यादव के मुख्तार के घर जाने पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि यह सपा की बीमारी है भाजपा पूरी तरह से स्वस्थ है। बोले, जहां सपा जाएगी वहां भाजपा जीतेगी। वहीं, अखिलेश ने गाजीपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान सवाल किया, केशव मौर्य से बड़ा गुंडा कौन है?

विधायक निधि से भी वंचित हुए इरफान सोलंकी

अमृत विचार, लखनऊ: जेल में बंद कानपुर से सीसामऊ विधायक अपनी विधायक निधि से भी वंचित हो गए हैं। नए कार्यकाल का एक भी पैसा नहीं जारी हो सका है। विधायक की पत्नी ने आग्रह करके फाइल आयुक्त ग्राम्य विकास तक पहुंचाई थी, लेकिन वहां भी विचार नहीं किया गया। बताया जा रहा है कि अब तक करीब पांच करोड़ रुपये की राशि मिलनी थी। विधायक की पत्नी का आरोप है कि क्षेत्र से विकास कार्यों के लिए तमाम अनुरोध आ रहे हैं, लेकिन शासन राशि नहीं जारी कर रहा है।

गौरतलब हो कि सीसामऊ विधायक इरफान सोलंकी विभिन्न आरोपों में विगत 16 महीने से जेल में बंद हैं। इस दौरान विधायक की पत्नी नसीम सोलंकी एवं विधायक प्रतिनिधि ने विधायक निधि की धनराशि जारी कराने के लिए पैरोकारी शुरू की। जिलाधिकारी कानपुर के स्तर पर काम न बनने पर विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे से भी अनुरोध किया गया। हालांकि बाद में फाइल आयुक्त ग्राम्य विकास तक पहुंची। ग्राम्य विकास दफ्तर में फाइल अभी भी विचाराधीन है। सूत्रों के मुताबिक, आयुक्त कार्यालय में फाइल रोक दी गई है, ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है।

राहुल गांधी अमेठी से कर सकते हैं नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : कांग्रेस नेता राहुल गांधी दूसरे चरण के मतदान के बाद अमेठी से नामांकन कर सकते हैं। बताया जा रहा है इसी रणनीति के तहत कांग्रेस ने अभी तक अमेठी से टिकट घोषित नहीं किया है।

इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस को मिली 17 सीटों में से अब तक 14 प्रत्याशियों की घोषणा की जा चुकी है, जबकि अमेठी रायबरेली व प्रयागराज सीटों पर अभी तक प्रत्याशी घोषित नहीं किए गए हैं। 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी अमेठी के साथ ही केरल की वायनाड सीट से भी चुनावी मैदान में उतरे थे। पर वह केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से चुनाव हार गए थे। अमेठी सीट पर 27 अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। इसी के साथ ही रायबरेली से प्रियंका गांधी व प्रयागराज सीट से पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह का प्रत्याशी बनाया जाना तय माना जा रहा है।

दूसरे चरण में ये होंगे कांग्रेस के स्टार प्रचारक

दूसरे चरण की 8 सीटों पर चुनाव प्रचार के लिए 40 स्टार प्रचारक उतरेंगे। तीन प्रचारकों में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी व राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, आराधना मिश्रा मोना, सलमान खुर्शीद, सुखविंदर सिंह सुख्खू, अशोक गहलोत, प्रमोद तिवारी, सचिन पायलट, निर्मल खत्री, राज बब्बर, पीएल पुनिया आदि नेता शामिल हैं।

पीडीएम न्याय मोर्चा का हिस्सा बने छह छोटे दल

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव में सपा से बागी हुईं अपना दल कमेरावादी की नेता पल्लवी पटेल ने एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के साथ मिलकर बने पीडीएम न्याय मोर्चा का रविवार को विस्तार किया। इसमें छह छोटे दल और शामिल हुए हैं।

मोर्चा की संयोजक विधायक पल्लवी पटेल के साथ छह छोटे दलों के नेताओं ने रविवार को बैठक कर मोर्चा में शामिल होने की घोषणा की। लालबाग स्थित अपना दल (कमेरावादी) कार्यालय में हुई बैठक में शामिल होनेवाल नए दलों के नेताओं ने एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरने का एलान भी किया। आदिम समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हंसराज कोल, एक्शन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र मिश्रा, भारतीय समता समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र प्रजापति, अनजान आदमी पार्टी की रंजना श्रीवास्तव, राष्ट्रीय विकल्प पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेके मोहन विश्वकर्मा और भारतीय सुहेलदेव जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भीम राजभर ने पीडीएम (पिछड़ा, दलित, मुस्लिम) मोर्चा के साथ चलने का फैसला लिया।

क्षतिपूर्ति तो दूर पशुओं के बीमा की गारंटी तक नहीं मिल पा रही

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 1222 में 480 को मिला क्लेम बाकी मानकों में फंसे

▸▸ 1,73,300 पशुओं के बीमा का लक्ष्य, पूर्ति करना मुश्किल

अमृत विचार : प्रदेश में पशुधन बीमा योजना के प्रीमियम से कमाई हो रही है। जबकि क्षतिपूर्ति का भुगतान बेहद कम है। योजना में क्षतिपूर्ति तो दूर बीमा की गारंटी नहीं है।

प्रदेश को वर्ष 2023-24 में 1,73,300 पशुओं के बीमा का लक्ष्य मिला था। इसमें चिकित्सकों के माध्यम से पिछले माह 82,922 पशुओं के बीमा की प्रक्रिया कराकर पंच कंपनी को पॉलिसी के लिए दिए गए। जबकि कंपनी ने 69,253 पशुओं की पॉलिसी की। इन्हीं कारणों से समय रहते लक्ष्य भी मार्च अंत तक पूरा नहीं हो पाया है। जो अप्रैल तक करना है। बीमा की प्रक्रिया सितंबर में शुरू हुई थी। इसमें एक से तीन वर्ष तक की अवधि का बीमा पशुपालकों ने कराया है। इस बीच 1222 दावे यानी इतने पशु मरने पर क्लेम किया गया। लेकिन क्षतिपूर्ति 480 की दी गई। जो 1.47 फीसद है। शेष दावे कंपनी के बनाए मानकों में फंसे हैं। जिलों में लक्ष्य का निर्धारण भी ठीक से नहीं किया गया, बड़े जिलों में कम और छोटे में अधिक मिला है।

यहां एक भी भुगतान नहीं

शामली, संतकबीर नगर, सहारनपुर, महोबा, हमीरपुर

इन जिलों में ज्यादा लंबित हैं दावे

21 मार्च तक गोरखपुर में कुल 20 दावे में 21 का भुगतान हुआ है। इसी तरह बरेली 16 में पांच, मऊ 13 में दो, मथुरा 13 में सात, बलिया 33 में 14, हरदोई 55 में 36, मुज्जफरनगर 36 में 9, कानपुर नगर 17 में तीन, बुलंदशहर 40 में चार, श्रावस्ती 12 में एक, ललितपुर 25 में चार, प्रयागराज 19 में आठ, बाराबंकी 52 में 21, बिजनौर 52 में 18, फर्रुखाबाद 29 में 18, अयोध्या 15 में चार, सुल्तानपुर 59 में 17, मिर्जापुर 43 में 18 की क्षतिपूर्ति दी गई है।

पशुओं की मौत के बाद पहुंचती है 1962 सेवा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ उन्नाव की घटना पर प्रमुख सचिव ने दिए जांच के निर्देश

अमृत विचार : पिछले वर्ष प्रदेश में पशु उपचार के लिए शुरू हुई '1962 सेवा' मकसद पर फेल है। संचालन करने वाली कंपनियों की मनमानी और पशु पालन विभाग की लापरवाही के आगे पशु दम तोड़ रहे हैं। कहने को आकस्मिक सेवा है, जबकि टोलफ्री नंबर मिलता नहीं है, यदि 15 से 20 मिनट बाद लगता है तो मौके पर मोबाइल वेटरनिटी यूनिट (एंबुलेंस) बुलाना संघर्ष से कम नहीं है। तमाम बहानेबाजी बताई जाती है और फोन पर ही परामर्श देकर पल्ला झाड़ते हैं। चाहे पशु की हालत कितनी गंभीर क्यों न हो। यदि एंबुलेंस आती है तो दो से तीन घंटे बाद तब तक पशु की मौत हो जाती है।

रविवार को उन्नाव में ऐसी घटना का प्रमुख सचिव रवींद्र ने संज्ञान लेकर जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही कंपनियों के कार्यों की विधिवत रिपोर्ट मांगी है।

टोलफ्री नंबर एक, जबकि कंट्रोल रूम पांच

पिछले वर्ष मार्च में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1962 सेवा को हरी झंडी दिखाई थी। प्रदेश को पांच जोन में बांटकर 520 मोबाइल वेटरनिटी यूनिट का संचालन किया जा रहा है। एक कंपनी को एक जोन मिला है। टोलफ्री नंबर 1962 एक है, जबकि कंट्रोल रूम पांच हैं। इसलिए इधर-उधर फोन लगता है। चिकित्सक भी अनुभवी नहीं हैं, जो गंभीर स्थिति में हाथ खड़े कर देते हैं। जबकि 17 लाख की इस एंबुलेंस में ऑपरेशन तक की व्यवस्था है। भुगतान के लिए कंपनी मामूली कॉलों से नंबर ऑफ केस अधिक बनाते हैं और जिम्मेदार विभाग आंख बंद कर भुगतान किए जा रहा है।

वर्ग पहेली-33

बाएं से दाएं

3. वह खड़ाऊं जिसमें पैर फंसाने के लिए खूंटी की जगह रस्सी लगी रहती है, पौला।
4. मनमानी करने वाला, स्वेच्छाचारी।
5. 1. गुहा, कोटर 2. पेड़ का खोखला भाग 3. खोखला दांत।
7. 1. किसी स्थान या देश के क्षेत्र की सीमा 2. मर्यादा 3. पराकाष्ठा 2. इस्लामी शरीअत (कानून) के अनुरूप दिया हुआ दंड। (मु.)-कर देना या करना : असह्य बना देना। -बांधना : सीमा निश्चित करना।
8. नाम और पता।

ऊपर से नीचे

1. 1. दुखी होना 2. दुखड़ा रोना 3. मानसिक कष्ट या चिंता आदि से व्यथित होकर बड़बड़ाना, कुढ़ना 4. खीजना 5. झींकना 6. शिकायत करना।
2. 1. निरीक्षण करना 2. परीक्षण करना, जांचना।
4. 1. ओट, परदा 2. पीछे 3. बहाना 4. बचाव 5. आश्रय 6. रोक 7. टेक 8. माथे का टीका, आड़ा तिलक।
5. तुर्किस्तान या तुर्की का एक प्रसिद्ध नगर।
6. काल, समय, ऋतु।



वर्ग पहेली -32 का हल

1 ची	ल	■	2 ओ	■	3 पो	■
■	■	4 घ	न	घो	र	■
■	5 म	■	च	■	■	6 नौ
7 घ	न	घ	ना	8 ना	■	त
■	मा	■	■	9 क	सू	र
■	फ़ि	■	■	■	■	णी
10 ब	क	ल	स	■	■	य

सुडोकू-112

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	7	8						9
	1			6				4
9				8				
	4						6	
		1				4		
	9			5			1	
1				9		3		7
7				4	8		2	
						5		

सुडोकू -111 का हल

8	3	9	1	7	6	4	2	5
7	5	4	9	2	8	1	3	6
2	1	6	4	5	3	7	9	8
6	2	1	3	4	7	5	8	9
4	8	5	6	9	1	3	7	2
3	9	7	2	8	5	6	4	1
9	7	2	5	6	4	8	1	3
5	4	3	8	1	2	9	6	7
1	6	8	7	3	9	2	5	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 अप्रैल सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि- अमावस्या 23 .50 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 10 .12 तक तत्पश्चात रेवती।

मेष — आज विवाह की प्रतीक्षा में है तो मामा पक्ष की ओर से किसी अच्छे रिश्ते का सुझाव आ सकता है। हालांकि आपकी मां को यह कम पसंद आएगा, फिर भी किसी भी निर्णय को जल्दबाजी में लेने से बचें। आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहने वाली है।

वृष — आज के दिन किसी प्रकार के भारी वजन को उठाने से बचें, क्योंकि इससे आपकी मांसपेशियों में खिंचाव आ सकता है। इसलिए जितना हो सके इस बात का ध्यान रखें अन्यथा समस्या बड़ी हो सकती है।

मिथुन — आज ऑफिस में आपको लेकर सकारात्मक माहौल बनेगा और सभी आपके काम से खुश दिखाई देंगे। कुछ नए प्रोजेक्ट्स हाथ में आ सकते हैं, जो भविष्य की दृष्टि से लाभदायक होंगे। घर में दूर के रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है।

कर्क — आज घर के किसी काम से बाहर जाना होगा, जो आपके करियर के लिए भी अच्छा रहेगा। जीवनसाथी के साथ कुछ अनकहे पल सांझा होंगे और प्रेम में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। प्राइवेट जॉब कर रहे लोग आय के वैकल्पिक स्रोतों पर काम कर सकते हैं।

सिंह — आज पहले से ही किसी खेल में प्रवीण हैं तो उसमें सफलता मिलेगी और पिता के द्वारा प्रोत्साहन मिलेगा। संगीत के क्षेत्र में अपना करियर बनाने का सोच रहे लोगों के लिए दिन शुभ है। ऐसे में किसी भी अवसर को हाथ से न जाने दें।

कन्या — आज यदि आप विवाहित हैं तो जीवनसाथी के साथ कुछ नए पलों का अनुभव करने को मिलेगा। यह अनुभव आप दोनों के जीवन में एक मीठी याद बनकर रहेगा। रिश्ता ढूंढ रहे लोगों को अभी और प्रतीक्षा करनी पड़ेगी।

तुला — आज यदि पहले से ही कोई गंभीर बीमारी है तो डॉक्टर से एक बार चेकअप जरुर करवा लें अन्यथा बाद में समस्या हो सकती है। पेट से संबंधित छोटी-मोटी समस्या होगी, लेकिन वह जल्द ही ठीक भी हो जाएगी।

वृश्चिक — आज यदि आपके विवाह को कुछ ही समय हुआ है तो अपनी पत्नी के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। आपकी कुंडली पर चन्द्रमा की स्थिति ठीक नहीं हो पाने के कारण आपकी पत्नी या मां का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

धनु — आज मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे और आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी। यदि आप कुछ नया करने का विचार कर रहे हैं तो उसे करने की शक्ति आएगी और डर खत्म होगा। आपकी प्रबंधन क्षमता और कुशलता की प्रशंसा होगी।

मकर — आज दिन की शुरुआत आपके परिवार के लिए अच्छी रहेगी और सभी एक-दूसरे को बेहतर तरीके से समझ पाएंगे। घर वालों के साथ कहीं बाहर घूमने जाने का भी प्लान बन सकता है। संतान के करियर से जुड़ी समस्या का समाधान होगा।

कुंभ — आज कॉलेज के छात्र खेलकूद में रुचि लेंगे और उसमें अपना करियर बनाने का विचार करेंगे। ग्राहकों का व्यापारियों पर विश्वास बना रहेगा और वे आपसे प्रसन्न दिखाई देंगे। भाई-बहनों से आपके काफी मदद मिल सकती है जिसके कारण आप काफी प्रसन्न रहेंगे।

मीन — आज आपकी अपने बच्चों से किसी बात को लेकर कहासुनी होगी और आप उन पर क्रोध भी करेंगे। ऐसे में संयम से काम लेंगे और उन्हें भी समझने का प्रयास करेंगे तो परिणाम बेहतर रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
देवता — सुबह : 10 .58
लाइफ की ऐसी की तैसी — शाम : 06 .22

&pictures
राउडी रक्षक — सुबह : 10 .16
वीरा द पावर — शाम : 04 .44

SONY PIX
स्पाइडर मैन — सुबह : 11 .21
रैमपेज — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
धमाल — सुबह : 11 .40
दिल मांगे मोर — रात : 07 .55

colors CINEPLEX
द वारियर — दोपहर : 01 .16
विजय राघवन — रात : 07 .00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर सुबह : 11 .40 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी ने गुस्से में पति से कहा- मैं तंग आ गई हूं रोज की किच-किच से मुझे तलाक चाहिए।
पति- ये लो चॉकलेट खाओ।
पत्नी (रोमांटिक होते हुए)-मना रहें हो मुझे!
पति-नहीं रे पगली, मां कहती है, अच्छा काम करने से पहले, मीठा खाना चाहिए।

एलकेजी के बच्चे के पेपर में जीरो आया।
गुस्से से पिता- यह क्या है?
बच्चा-पिताजी, शिक्षक के पास स्टार खत्म हो गए थे, इसलिए उसने मून दे दिया।

राजग की भितरघात मिशन-80 की राह में चुनौती

पश्चिम से पूरब तक कहीं रालोद तो कहीं सुभासपा से भाजपाइयों की खटपट की सूचना

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

अमृत विचार: पश्चिमी उप्र. से लेकर पूरब तक लोकसभा सीटों पर राजग में भितरघात और अपसी मनमुटाव से पार पाना मिशन-80 के लिए बड़ी चुनौती बन रही है। जाटलैंड में रालोद और भाजपा प्रत्याशियों के समर्थकों में गुटबाजी और अंतर्कलह हावी दिख रही है तो, पूरब में घोसी विधानसभा के उपचुनाव जैसी कहानी सुभासपा प्रत्याशी के सामने है। हालांकि बड़े नेता इस आपसी मनमुटाव को अपने तरीके से दूर करने में जुटे हैं। इन सबके बीच राजग के सहयोगी दलों की मुस्लिम लीडरशिप खुलकर इंडी गठबंधन की मददगार बनती दिख रही है।

जाटलैंड में हो रहे पहले चरण के लोकसभा चुनाव में रालोद प्रमुख चौधरी जयंत सिंह की सक्रियता उतनी नहीं देखी जा रही है, जितनी भाजपा नेताओं की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सहारनपुर में चुनावी रैली के जरिए इंडी गठबंधन को जमकर घेरा, लेकिन मंच पर जयंत चौधरी नदारद थे। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मोदी के साथ सहारनपुर के बाद अपनी रैली बिजनौर और नगीना में की, इन इलाकों में जाटमतों का खासा प्रभाव है, लेकिन रालोद नेता दूर ही रहे। हालांकि तीन दिन पहले मुजफ्फरनगर में गृहमंत्री अमित शाह के साथ जयंत ने मंच साझा किया था।

कैराना: सहयोगी से ही भितरघात का डर- कैराना लोकसभा सीट पर भाजपा एक कद्दावर नेता समेत कई दावेदार थे, मगर उन्हें टिकट नहीं दिया गया। ऐसे में नाराज कार्यकर्ताओं को मनाने के लिए भाजपा ने दो मंत्रियों लक्ष्मीनारायण व नरेंद्र कश्यप समेत पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप को मैदान में उतारा है। रालोद का असर यहां भी है, 2014 में रालोद-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी करतार सिंह भड़ाना को 42706 मत मिले थे। इस चुनाव में भाजपा के हुकुम सिंह ने 565909 मत पाकर जीत दर्ज की थी। 2019 में गठबंधन प्रत्याशी के रूप में तबस्सुम हसन को मैदान में उतारा गया था। लेकिन भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी ने जीत दर्ज की थी। इसबार वे मजबूत प्रत्याशी है, सहयोगी दल से भितरघात का डर सता रहा है।

बिजनौर व नगीना सीट: गठबंधन संग चलना चुनौती- बिजनौर रालोद के हिस्से में जाने से भाजपा के दावेदार मायूस हैं। ऐसे में रालोद को भाजपा नेताओं को साथ लेकर चलना चुनौती हो गई है। नगीना सुरक्षित सीट भाजपा के हिस्से में है, वहां ज्यादा गुटबाजी नहीं दिख रही है। हालांकि राजग का जीत के लिए एकजुट प्रयास हो, इसके लिए आपस में ही मान-मनौव्वल हो रहा है।

राजनीति

- **रालोद व सुभासपा के मुस्लिम नेता खुलेआम अपने समर्थकों को दे रहे बगावत और भितरघात का संदेश**
- **घोसी में अंतर्कलह से हार चुकी है भाजपा, इस बार सुभासपा प्रत्याशी से माफी मंगवाकर सहेज रही वोट**

घोसी: माफीनामा से भाजपा का वोट साध रही सुभासपा- मऊ जिले की घोसी संसदीय सीट बसपा के कब्जे से लेने के लिए राजग ने अपने सहयोगी सुभासपा को कमान सौंपी है। यहां पार्टी के मुखिया ओमप्रकाश राजभर ने अपने पुत्र अरविंद राजभर को छड़ी निशान से मैदान में उतारा है। हाल में यहां विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की पिछली सरकार वन मंत्री रहे दारा सिंह चौहान की सपा से वापसी के बाद भाजपा प्रत्याशी बनने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने ही सपा के सुधाकर सिंह के हाथों हराने में भिरतघात किया। ऐसा दोबारा न हो, इससे बचने के लिए हाल ही में भाजपा कार्यकर्ताओं के सामने सिर झुकवाकर नीचे बैठाकर अरविंद राजभर से उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने माफी मंगवाई।

मुजफ्फरनगर: राहत जरुर, मगर भितरघात हावी

पश्चिमी उप्र का मिजाज बताने वाले मुजफ्फरनगर जिले में 2022 के विधानसभा चुनाव में चरथावल, बुढ़ाना, खतौली और सरधना सीट भाजपा हार गई थी। इसबार रालोद के साथ गठबंधन से भाजपा प्रत्याशी राहत में हैं, मगर भितरघात हावी दिख रहा है। पूर्व विधायक संगीत सोम और भाजपा प्रत्याशी संजीव बालियान के बीच वजूद की लड़ाई से नुकसान हो रहा है। मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप से मामला जरुर संभला है। 2019 में भाजपा से दूसरी बार भी संजीव बालियान सांसद चुने गए थे। सपा, रालोद के गठबंधन के प्रत्याशी अजित सिंह को हार का सामना करना पड़ा। रालोद 2014 में असरदार नहीं थी, रालोद-कांग्रेस गठबंधन से कांग्रेस के पंकज अग्रवाल को मात्र 12937 वोट मिले थे। वह चौथे स्थान पर थे।

सहारनपुर: राजपूत समाज की नाराजगी

यहां भाजपा के प्रति राजपूत समाज में नाराजगी है। राजपूत समाज के लोगों का कहना है कि उन्हें भाजपा प्रत्याशी से दिक्कत नहीं है, लेकिन संगठन में अनदेखी के चलते रोष है। इसको लेकर राजपूत समाज ने सात अप्रैल को नानौता में कार्यक्रम रखा है। भाजपा से राघव लखनपाल शर्मा को मैदान में उतारा है। 2014 के चुनाव में रालोद-कांग्रेस से इमरान मसूद को हार का सामना करना पड़ा था। भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल ने जीत दर्ज की थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा, बसपा और रालोद गठबंधन से हाजी फजलुर्रहमान ने 514139 मत पाकर जीत दर्ज की थी।

बागपत: आपसी खींचतान से रालोद परेशान

दो बार से भाजपा के कब्जे में रही इस सीट पर रालोद प्रत्याशी डॉ. राजकुमार सांगवान मैदान में हैं। इससे स्थानीय भाजपा नेताओं की नाराजगी देखी जा रही है। रालोद को भाजपा से भितरघात का डर तो सता ही रहा है, उसके कई अपने कद्दावर नेता भी टिकट न मिलने से नाराज हैं। 2014 में भाजपा से डॉ. सत्यपाल सिंह, कांग्रेस-रालोद से अजित सिंह मैदान में उतरे थे। डॉ. सत्यपाल सिंह 423475 वोट लेकर जीत गए थे। अजित सिंह 199516 वोट लेकर तीसरे स्थान पर रहे थे। 2019 में भाजपा से डॉ. सत्यपाल सिंह और सपा-बसपा-रालोद से जयंत सिंह चुनाव लड़े थे। डॉ. सत्यपाल सिंह 525789 वोट लेकर जीत गए और जयंत सिंह 502287 वोट लेकर दूसरे स्थान पर रहे थे।

चुनाव प्रचार में साइकिल व बैलगाड़ी ही थी शान की सवारी

रमेश पाण्डेय, करनैलगंज गोंडा

अमृत विचार: नगर के लगभग 82 वर्षीय बुजुर्ग कृष्ण गोपाल वैश्य बताते हैं कि 1966 व 72 के दौर में पार्टियां ऐसे लोगों को प्रत्याशी बनाती थीं, जो शिक्षित, सामाजिक और जन सरोकार से ताल्लुक रखता था। तब प्रचार-प्रसार पैदल साइकिल एवं बैलगाड़ी से होता था। आवागमन का रास्ता नहीं होने के कारण प्रत्याशी गांव के चौपाल में बैठकर मुखिया और गांव के सम्मानित लोगों को बुलाकर बात कर लिया करते थे। उस समय के कार्यकर्ता घर से सत्तू, चूड़ा, मूली, नमक एवं गुड़ को पोटली में बांधकर प्रचार के दौरान अपने साथ रखते थे। उस समय बैनर, पोस्टर, होर्डिंग, कट आउट का प्रचलन नहीं के बराबर था। चुनाव के दौर में तामझाम बिल्कुल ही नहीं था। कृष्ण गोपाल वैश्य कहते हैं कि 1966 से लेकर अब तक सभी लोकसभा व विधानसभा के चुनावों में अपना मतदान सभी कामकाज छोड़कर दिया। लेकिन अब उम्र का तकाजा व अस्वस्थ होने के चलते दिक्कत आ रही है। उस वक्त के लोकसभा चुनाव में यही कोई कुल एक लाख रुपए से भी कम खर्च होते थे। वर्तमान समय के चुनावी क्रम पर नाराजगी जाहिर करते हुए बताया कि उस वक्त व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप नहीं चलता था। नेता और प्रत्याशी से लेकर कार्यकर्ता काफी शालीन स्वभाव के थे। पार्टी की नीति को लेकर नेता एवं कार्यकर्ता आम जनता के बीच में जाते थे।

कृष्ण गोपाल वैश्य

आज राजनीति में गिरावट क्षोभ का विषय है। शब्द बाण मर्यादित और शालीन रहती थी। लेकिन अब भाषा मर्यादा वाला नहीं रह गया। पहले के नेता निस्वार्थ भाव से जनता की सेवा करते थे। लेकिन वर्तमान में सभी नेता स्वार्थी हो गए हैं। पुरानी यादों को ताजा करते हुए बताया कि पहले यहां से दिवाकर दत्त तिवारी जो मूल रूप से किसान थे और परवल की खेती करते थे। इसलिए वे परवल तिवारी के नाम से प्रसिद्ध भी थे। जनसंघ पार्टी से चुनाव लड़े थे। यह आपातकाल के समय के आसपास की बात है। तब नगर के हंसराज जैन, पंडित बंशीधर, केशव प्रसाद व गणेश प्रसाद तिवारी आदि मिलकर साईकिल से रामकुशल सिंह व राम नरेश सिंह के यहां जाकर चुनावी रणनीति बनाया करते थे। चुनाव से लेकर मतगणना तक सभी कार्यकर्ता समर्पित भाव से लगे रहते थे।

बाहुबल और बॉलीवुड के आकर्षण से दूर होता चुनाव

कभी जनसभाओं में भीड़ जुटाने को बुलाए जाते थे फिल्मी सितारे | अब गिनती के सिने सितारे प्रत्याशी तो हैं, लेकिन प्रचारकों की सूची में नहीं

अजय दयाल, लखनऊ

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश का लोकसभा चुनाव इस बार बाहुबलियों और बॉलीवुड की हस्तियों दोनों की ही चमक-धमक से दूर है। बीते चुनावों में राजनीतिक दलों ने इन दोनों के जन-आकर्षण को जमकर भुनाया। मुख्तार हों, अतीक हों या उन जैसे अपराध के दलदल से उबरकर राजनीति के पटल पर आकर धमक दिखाने वाले अन्य। फिलहाल इनके राजनीतिक दबदबे की सुगबुगाहट तक नहीं। वहीं, फिल्मी हस्तियों के चेहरे भी पहले की तरह न प्रचार में नजर आने वाले और न ही चुनावी लड़ाई लड़ने में। ऐसे चेहरे भी हैं तो, उंगलियों में गिनती के।

केवल फिल्मी सितारों की ही बात की जाए तो राजनीति से फिल्म जगत के सितारों का नाता पुराना रहा है। दरअसल, ऐसे सितारों का प्रयोग राजनीतिज्ञ चुनावी जनसभाओं में भीड़ जुटाने के लिए आते रहे हैं। इस बार मामला उल्टा है। सिनेमाई सितारे कम और लंबा राजनीतिक कॅरियर रखने वाले ज्यादा हैं। राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों की सूची देखें तो पाते हैं उत्तर प्रदेश में भाजपा की ओर से सिने तारिका हेमा मालिनी जबकि सपा की ओर से जया भादुड़ी ही चुनावी जनसभाओं में अपनी-अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के साथ खड़ी दिखेंगी। इन दोनों का राजनीतिक कॅरियर लगभग दो दशक से भी ज्यादा का है, इसीलिए संभवतः स्टार प्रचारकों की सूची में भी शामिल हुईं।

राजनीतिक दलों में सत्तासीन दल भाजपा पर मंथन करें तो पहले चरण के चुनाव में वोटर्स को आकर्षित करने के लिए रविकिशन, मनोज तिवारी, दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' जैसे भोजपुरी सितारों को आगे नहीं किया है। वैसे तो उप्र. की मेरठ सीट से रामायण सीरियल के 'राम' अरुण गोविल और हिमाचल की मंडी सीट से सिने तारिका कंगना रनौत को अपना उम्मीदवार बनाया।लेकिन पार्टी के अन्य उम्मीदवारों के लिए प्रचार अभियान वाली सूची में नाम दर्ज नहीं किया है।

वहीं, मुख्य विपक्षी दल सपा की स्थिति देखें यहां पार्टी का कर्ताधर्ता यादव कुनबा ही स्टार प्रचारक है। उप्र. के सबसे बडेस इस राजनीतिक यादव कुनबे से चार सदस्यों अखिलेश यादव, शिवपाल यादव, डिम्पल यादव और प्रो. रामगोपाल यादव सभी आने वाले दिनों में सभी उम्मीदवारों के लिए प्रचार करते दिखेंगे। सपा के साथी दल कांग्रेस की भी स्टार प्रचारकों की सूची में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी समेत अन्य शामिल हैं।

बीते चुनावों के पन्ने पलटें तो एक समय ऐसा भी था जबकि, सपा के तत्कालीन राष्ट्रीय महासचिव अमर सिंह ने राजनीति को फिल्मी सितारों से हराभरा कर दिया था। जयाप्रदा को सांसद बनवाया। उस वक्त प्रचार में अमिताभ बच्चन और संजय दत्त जैसी बॉलीवुड हस्तियों को पार्टी उम्मीदवारों के प्रचार में उतरवा दिया। यानि एक दौर था जब चुनावी प्रचार में अमिताभ बच्चन से लेकर नये कलाकारों में सोनाक्षी सिन्हा तक नजर आयीं। फिलहाल इस बार ऐसा कुछ नहीं।

उस वक्त बॉडीवुड से चुनाव में किस्मत आजमाने वाले राजबब्बर, जयाप्रदा, हेमा मालिनी के लिए गोविंदा, चंकी पांडेय, नगमा, अमीषा पटेल, शमिता शेट्टी, विवेक ओबेरॉय, शिल्पा शेट्टी जैसे तमाम सिने कलाकारों ने उत्तर प्रदेश चुनावी वातावरण को चकाचौंध किया था।

जीत कर भी राजनीति की मंशा पूरी न कर सके

तमाम फिल्मी सितारों ने भले ही चुनाव जीता हो लेकिन वे राजनीति की जमीन पर उतर कर जनआकांक्षाओं पर सफल नहीं रहे। इस बार भी 18 वीं लोकसभा के लिए होने जा रहे चुनावों में अरुण गोविल और कंगना राणावत के प्रवेश और गोविंदा की वापसी चर्चा में है। सच पूछा जाए तो इनमें ऐसे बहुत कम होते हैं, जो समाज या लोगों के लिए कुछ करने का आत्मिक लक्ष्य लेकर राजनीति में आते हैं। ऐसे उदाहरण बहुत कम हैं जब इन सितारों से संबधित क्षेत्र की जनता को उनके कार्य से संतुष्ट हुई हो। ऐसे में अधिकतर सितारों ने सांसदी तो पाई लेकिन अपनी प्रतिष्ठा गंवा दी। अमिताभ बच्चन और धर्मेन्द्र इसका बड़ा उदाहरण रहे। दोनों का ही राजनीति से मोहभंग ही हो गया।

नवाबों के शहर से भी सफल नहीं हुए सितारे

नवाबों के शहर लखनऊ से भी तमाम फिल्मी सितारों ने राजनीति की दुनिया में कदम रखने का प्रयास किया। लेकिन सफल नहीं हुए। सबसे पहले 1996 के चुनाव में समाजवादी पार्टी ने राजबब्बर को चुनाव में उतारा था। लेकिन, उस वक्त भाजपा के प्रत्याशी अटल बिहारी वाजपेयी के आगे वे टिक नहीं सके। वर्ष 1998 के लोकसभा चुनाव में सपा ने फिल्मकार मुजफ्फर अली को मैदान में उतारा, लेकिन उन्हें भी अटल बिहारी के सामने हार का सामना करना पड़ा।

2009 में सपा ने भाजपा नेता लालजी टंडन के खिलाफ अभिनेत्री नफीसा अली को उतारा, लेकिन वह चौथे नंबर पर रहीं। 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के सामने सिने अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा की पत्नी पूनम सिन्हा को उम्मीदवार बनाया था, लेकिन लखनऊ की जनता ने उन्हें भी नहीं स्वीकारा।



अमिताभ बच्चन

अमीषा पटेल



राज बब्बर

आईना : सीतापुर लोकसभा सीट

2019 चुनाव का लेखा जोखा



उम्मीदवार	वोट
राजेश वर्मा, विजेता	5,14,528
नकुल दुबे, उपविजेता	4,13,695

2014 में किसको कितने वोट



दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	राजेश वर्मा	4,17,546
बसपा	कैसर जहां	3,66,519
सपा	भरत त्रिपाठी	1,56,170

सीतापुर के क्षेत्र

निर्वाचित सांसदों की सूची

वर्ष	सदस्य	दल
1952, 1957	उमा नेहरू, परागी लाल	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1962	सूरज लाल वर्मा	जनसंघ
1967	शारदा नन्द	जनसंघ
1971	जगदीश चंद्र दीक्षित	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	हर गोविंद वर्मा	जनता पार्टी
1980,84 व 89	राजेंद्र कुमारी बाजपेयी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1991	जनार्दन प्रसाद मिश्र	भारतीय जनता पार्टी
1996	मुख्तार अनीस	समाजवादी पार्टी
1998	जनार्दन प्रसाद मिश्र	भारतीय जनता पार्टी
1999, 2004	राजेश वर्मा	बहुजन समाज पार्टी
2009	कैसर जहाँ	बहुजन समाज पार्टी

2019 8,873 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया

2014 12,682 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया

2009 चुनाव के आंकड़े



आधी हिस्सेदारी का दावा फिर भी नहीं मिल रही उम्मीदवार

महिला प्रत्याशी उतारने में अब तक सपा आगे, भाजपा पीछे व कांग्रेस व बसपा में मात्र एक- एक प्रत्याशी

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

अमृत विचार: इस लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की मुख्य राजनीतिक पार्टी कांग्रेस और बसपा को महिला उम्मीदवार मिल नहीं रहे या फिर उन्हें राजनीति में सक्रिय किसी महिला में योग्यता नजर नहीं आ रही? हालांकि प्रदेश में सपा से गठबंधन कर लड़ रही कांग्रेस ने हिस्से की 17 सीटों में से, अब तक घोषित 14 उम्मीदवारों में मात्र एक महिला को (गाजियाबाद सीट) मौका दिया है। वहीं बसपा ने भी घोषित तीन दर्जन उम्मीदवारों में एक मात्र लालगंज की सुरक्षित लोकसभा सीट पर इंदु चौधरी को प्रत्याशी बनाया गया है।

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा खुद को चुनाव से अलग कर लेने के बाद प्रियंका गांधी के भी चुनाव लड़ने पर संशय बना है, अगर प्रियंका ने रायबरेली से नामांकन नहीं किया तो गाजियाबाद सीट से कांग्रेस की एकमात्र महिला प्रत्याशी डॉली शर्मा के साथ चुनाव में होगी। कांग्रेस के पास सीटें भले कम हों लेकिन पार्टी के घोषणापत्र में अगर तमाम सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत महिला आरक्षण का दावा है तो इसकी तस्वीर भी घोषित उम्मीदवारों में दिखनी चाहिए।

प्रियंका नहीं उतरीं तो कांग्रेस को दूसरी महिला प्रत्याशी मिलना मुश्किल

उप्र. के लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन और सपा-कांग्रेस गठबंधन आमने-सामने है। भाजपा ने अब तक आधा दर्जन महिला प्रत्याशी समेत 62 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिये हैं। दूसरी तरफ सपा ने अपने हिस्से में आई 62 सीटों में से आठ सीट पर महिला प्रत्याशियों को उतारा है। यह संख्या यहां अन्य किसी भी दल से ज्यादा है। सपा की घोषित महिला उम्मीदवारों पर नजर डालें तो मेरठ की सीट पर दो बार प्रत्याशी बदलने के बाद सुनीता वर्मा को, मैनपुरी में अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को और मुरादाबाद सीट पर एसटी हसन के स्थान पर रूचि वीरा को प्रत्याशी बनाया है। इसके अलावा सपा ने गोरखपुर से काजल निषाद, गोंडा से श्रेया वर्मा, उन्नाव से अन्नू टंडन, हरदोई से उषा वर्मा और कैराना से इकरा हसन को उम्मीदवार बनाया है। साथ ही जौनपुर सीट पर बाहुबली धनंजय सिंह की पत्नी को भी उतारने की चर्चा है। वहीं, भाजपा ने अमेठी से स्मृति ईरानी, धौरहरा से रेखा वर्मा, मथुरा से हेमा मालिनी, सुलतानपुर से मेनका गांधी, फतेहपुर से साध्वी निरंजन ज्योति और लालगंज सीट से नीलम सोनकर को प्रत्याशी बनाया है। साथ ही घटकदल से केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल भी एनडीए से चुनाव लड़ रहीं है। साथ ही मुलायम परिवार की बहु अपर्णा यादव को भी भाजपा द्वारा टिकट दिये जाने की चर्चाएं चल रही है।

चुनावी गतिविधियां

- **दूरदर्शन व आकाशवाणी पर समय आवंटित :** भारत निर्वाचन आयोग ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को प्रचार के लिए दूरदर्शन व आकाशवाणी पर समय आवंटित किया है। राष्ट्रीय दलों को दूरदर्शन और आकाशवाणी के राष्ट्रीय चैनल पर लगभग 10 घंटे का समय मिलेगा, जिसमें भाजपा को 241 मिनट, कांग्रेस को 148 मिनट, माकपा को 54 मिनट, आप को 47 मिनट, एनपीपी को 45 मिनट और बसपा को 64 मिनट का समय मिलेगा। इसी तरह, राष्ट्रीय दलों को दूरदर्शन और आकाशवाणी के क्षेत्रीय केंद्रों पर कुल 15 घंटे का समय मिलेगा, जिसमें भाजपा को 362 मिनट, कांग्रेस को 222 मिनट, माकपा को 81 मिनट, आप को 71 मिनट, एनपीपी को 68 मिनट और बसपा को 96 मिनट का समय मिलेगा। समाजवादी पार्टी को 53 मिनट और अपना दल (सोनेलाल) को 27 मिनट का समय मिलेगा।

मुफ्त बिजली देने पर फंस जाएंगे पंजाब जैसे राज्य

नई दिल्ली। पूर्व बिजली मंत्री आरके सिंह ने मुफ्त बिजली देने के लिए उधार लेने वाले पंजाब जैसे राज्यों को कर्ज के जाल में फंसने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ऐसी लोकलुभावन योजनाएं तभी ठीक हैं, जब किसी राज्य के पास पर्याप्त धन हो।

उन्होंने कहा, 'अगर कोई राज्य किसी भी श्रेणी के लोगों को मुफ्त बिजली देना चाहता है, तो वह ऐसा कर सकता है, लेकिन उन्हें इसके लिए भुगतान करना होगा।' भी दूसरी चीज की तरह बिजली उत्पादन में लागत आती है और अगर कोई राज्य इसे उपभोक्ताओं के एक वर्ग को मुफ्त में देता है तो यह भी सोचना चाहिए कि उत्पादन संयंत्र को भुगतान भी करना होगा। अगर उत्पादन संयंत्र को भुगतान नहीं किया गया, तो बिजली उत्पादन नहीं होगा।

अडाणी समूह 2.3 लाख करोड़ रुपये से करेगा ऊर्जा विस्तार

विनिर्माण क्षमता में होगी वृद्धि, पवन ऊर्जा में 1.5 लाख करोड़ का निवेश

खावड़ा/अहमदाबाद, एजेंसी

अडाणी समूह भारत के सबसे महत्वाकांक्षी नवीकरणीय ऊर्जा विस्तार और सौर और पवन विनिर्माण क्षमता वृद्धि में 2030 तक लगभग 2.3 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगा।

कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि देश की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड गुजरात में कच्छ के खावड़ा में सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा से बिजली पैदा करने की क्षमता को वर्तमान में दो गीगावाट से बढ़ाकर 30 गीगावाट करने के लिए लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी देश में अन्य जगहों पर छह-सात गीगावाट की इसी तरह की परियोजनाओं में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की इकाई अडाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एएनआईएल) गुजरात के मुंद्रा में सौर सेल और पवन टरबाइन विनिर्माण क्षमता के विस्तार में करीब 30 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी। एजीईएल के पास फिलहाल 10,934 मेगावाट (10.93 गीगावाट) का परिचालन पोर्टफोलियो है। एजीईएल 2030 तक 45 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य रख रही है। इसमें से 30 गीगावाट क्षमता सिर्फ एक स्थान खावड़ा में दुनिया की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना से आएगी।

2026-27 तक 10 गीगावाट करने की योजना: विनीत

एजीईएल के प्रबंध निदेशक विनीत एस जैन ने कहा, अभी खावड़ा में दो गीगावाट क्षमता चालू की है और चालू वित्त वर्ष (2024-25) में चार गीगावाट और उसके बाद हर साल पांच गीगावाट जोड़ने की योजना है। जैन एएनआईएल के भी निदेशक हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का समर्थन करने के साथ-साथ अन्य घरेलू नवीकरणीय कंपनियों और निर्यात बाजार की जरूरतों को पूरा करने के लिए एएनआईएल ने मुंद्रा में अपनी सेल और मॉड्यूल विनिर्माण इकाई को मौजूदा चार गीगावाट से 2026-27 तक 10 गीगावाट करने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि एएनआईएल सौर विनिर्माण के अलावा पवन से बिजली पैदा करने वाली पवन चक्कियां बनाने की क्षमता भी साढ़े तीन साल में दोगुनी कर पांच गीगावाट कर रही है।

एआई से बाजार एकीकरण संबंधी चिंताएं बढ़ सकती हैं

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की प्रमुख रवनीत कौर ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग से कार्यकुशलता और नवाचार में बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन इसके साथ बाजार एकीकरण और प्रतिस्पर्धा-रोधी व्यवहार की चिंताएं भी जुड़ी हैं। निगरानी संस्था सीसीआई के पास प्रतिस्पर्धा-रोधी तरीकों पर अंकुश लगाने और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने का अधिकार है। सीसीआई जल्द ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के सभी पहलुओं पर विचार करने के लिए एक अध्ययन शुरू करेगा। इसके तहत प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) आने वाले हफ्तों में जारी होने की उम्मीद है।

बीते वित्त वर्ष में टाटा स्टील की बिक्री में 6% वृद्धि

नई दिल्ली, एजेंसी

- टाटा स्टील ने शेयर बाजार में दी जानकारी में कहा-वाहन और रेलवे खंड में हुई अधिक बढ़ोतरी

टाटा स्टील इंडिया की बिक्री बीते वित्त वर्ष (2023-24) में छह प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.99 करोड़ टन रही है। कंपनी की बिक्री को खुदरा, वाहन और रेलवे खंड में अधिक मांग से बढ़त मिली।

टाटा स्टील ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इस दौरान भारत में कंपनी का उत्पादन 1.88 करोड़ टन रहा। बीते वित्त वर्ष में वाहन और विशेष उत्पाद खंड में बिक्री आठ प्रतिशत बढ़कर 29 लाख टन रही थी। समीक्षाधीन अवधि में ब्रांडेड उत्पाद और खुदरा खंड में बिक्री 11 प्रतिशत बढ़कर 65 लाख टन रही। औद्योगिक उत्पाद एवं परियोजना खंड में बिक्री छह प्रतिशत बढ़कर 77 लाख टन रही। कंपनी ने कहा कि उपखंडों में इंजीनियरिंग खंड में सबसे ज्यादा वार्षिक बिक्री हुई। बयान के अनुसार, "2023-24 में निजी भवन निर्माण के लिए ई-कॉमर्स मंच टाटा स्टील आशियाना की आमदनी 30 प्रतिशत बढ़कर 2,240 करोड़ रुपये रही। बीते वित्त वर्ष में भारत में कंपनी के कच्चे इस्पात का उत्पादन चार प्रतिशत बढ़कर 2.08 करोड़ टन रहा, जो 2022-23 में 1.98 करोड़ टन था।

पायलटों की बात सुनने को तैयार एयरलाइन विस्तारा

नई दिल्ली। टाटा ग्रुप और सिंगापुर एयरलाइंस के मालिकाना हक वाली विमानन कंपनी विस्तारा इस वक्त बड़े संकट से जूझ रही है। दरअसल, विस्तारा के पायलट नए रोस्टरिंग सिस्टम और सैलरी स्ट्रक्चर से नाखुश हैं और अपना विरोध जताने के लिए सिक लीव पर चले गए हैं। इससे विस्तारा कई अहम उड़ानों का संचालन नहीं कर पा रही। उसे बहुत सी फ्लाइट कैंसिल भी करनी पड़ी है।

हालांकि, विस्तारा के सीईओ विनोद कन्नन को उम्मीद है कि यह संकट जल्द सुलझ जाएगा। उन्होंने कहा कि हम पायलटों से चर्चा के बाद मौजूदा रोस्टरिंग सिस्टम की समीक्षा करेंगे। साथ ही, सैलरी स्ट्रक्चर में भी जरूरी बदलाव किए जाएंगे। पायलटों का आरोप है कि नए रोस्टर से उन्हें आराम के लिए पर्याप्त वक्त नहीं मिल पाता, जिससे उनकी निजी जिंदगी भी प्रभावित हो रही है। कन्नन ने कहा कर्मचारियों की संख्या में भी कोई असामान्य उछाल नहीं आया है।

सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा देश का विदेशी मुद्रा भंडार

मुंबई, एजेंसी। बीते सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 2.95 अरब बढ़कर 645.6 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर ताजा आंकड़े जारी कर ये जानकारी दी है। इन आंकड़ों के अनुसार भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार छठे सप्ताह शानदार बढ़ोतरी देखने को मिली है। आरबीआई ने बताया है कि 29 मार्च को खत्म हुए सप्ताह में यह बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अब विदेशी मुद्रा भंडार अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है।

इससे पहले के आरबीआई के आंकड़े

इससे पहले पिछले रिपोर्टिंग सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा कोष 140 मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 642.631 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया था। यह जानकारी शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दी गई। इससे पहले विदेशी मुद्रा भंडार का सर्वोच्च स्तर 2021 में देखा गया था। उस दौरान विदेशी मुद्रा भंडार 642.453 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि 29 मार्च को खत्म हुए सप्ताह में विदेशी मुद्रा संपत्ति 2.354 बिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 570.618 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है।

वित्त वर्ष में मानसून से रबी की फसल अच्छी होने का अनुमान

नई दिल्ली। फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) सेक्टर को उम्मीद है कि मौजूदा वित्त वर्ष यानी 2024-25 में उसकी बिक्री में उछाल दिख सकता है। दरअसल, इस बार अच्छे मानसून के साथ रबी की फसल भी अच्छी होने का अनुमान है।

इससे ग्रामीण उपभोक्ताओं के हाथ में बढ़िया रकम आएगी और वे एफएमसीजी उत्पादों पर खर्च बढ़ा सकते हैं। वित्त वर्ष 2023-24 की आखिरी तिमाही यानी जनवरी से मार्च के दौरान एफएमसीजी सेक्टर में थोड़ी सुस्ती दिखी। फिर भी इंडस्ट्री को उम्मीद है कि सेक्टर की वैल्यू में मिड से हाई सिंगल डिजिट यानी 5 से 9 प्रतिशत के बीच ग्रोथ आ सकती है। खासकर, इनपुट कॉस्ट में बड़ी कमी से मुनाफा भी बढ़ने की उम्मीद है। रूरल डिमांड पिछली कई तिमाहियों से सुस्त पड़ी थी। लेकिन, जनवरी से मार्च के दौरान इसने रफ्तार पकड़ी है।

एक वर्ष में 13 प्रतिशत बढ़ा भारत का कोयला आयात

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत का कोयला आयात फरवरी में 13 प्रतिशत बढ़कर 2.16 करोड़ टन हो गया। ऑनलाइन मार्केटप्लेस 'एमजंक्शन' के अनुसार कुछ खरीदारों ने गर्मियों से पहले स्टॉक करने के लिए नए सौदे किए, जिससे निर्यात बढ़ा।

इससे पहले 2023 के समान महीने में कोयला आयात 1.91 करोड़ टन था। एमजंक्शन के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में कोयला आयात, फरवरी 2023 के 1.91 करोड़ टन के मुकाबले 13 प्रतिशत अधिक है। कुल आयात में गैर-कोकिंग कोयला का आयात बढ़कर 1.37 करोड़ टन हो गया, जो फरवरी, 2023 में 1.16 करोड़ टन था।

मार्केटप्लेस के अनुसार, कोयला आयात बीते वित्त वर्ष की अप्रैल से फरवरी तक की अवधि में बढ़कर 24.42 करोड़ टन रहा, जो वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 22.79 करोड़ टन था। बीते वित्त वर्ष में अप्रैल से फरवरी तक गैर-कोकिंग कोयला का आयात 16.06 करोड़ टन रहा था, जबकि 2022-23 में यह 14.85 करोड़ टन था। बीते वित्त वर्ष की अप्रैल-फरवरी अवधि के दौरान कोकिंग कोयले का आयात 5.18 करोड़ टन था, जबकि 2022-23 की इसी अवधि में यह 5.05 करोड़ टन था।

वित्त वर्ष में चार करोड़ टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपनी निजी खदानों से चार करोड़ टन कोयला उत्पादन लक्ष्य रखा है। कंपनी ने रविवार को कहा कि महत्वाकांक्षी लक्ष्य एनटीपीसी को निजी कोयला खदानों से उत्पादन में सालाना आधार पर 17 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करने में मदद करेगा। इसमें कहा गया कि यह वित्त वर्ष 2024-25 में निजी खदानों के माध्यम से कोयले की लगभग 15 प्रतिशत जरूरत पूरी करेगी, जिससे बिजली कंपनी के लिए ईंधन सुरक्षा मजबूत हो। कंपनी ने 31 मार्च, 2024 के अंत में 3.41 करोड़ टन का कोयला बिक्री की है, और उत्पादन 3.43 करोड़ टन था। कोयला उत्पादन में निरंतर वृद्धि हासिल करने के लिए एनटीपीसी ने कई रणनीतियों और प्रौद्योगिकियों को लागू किया है।

राष्ट्रीय

एक नजर

महाराष्ट्र के गढ़चिरोली में महिला नक्सली समेत तीन गिरफ्तार

गडचिरोली। महाराष्ट्र के गढ़चिरोली जिले में सुरक्षा बलों पर कई हमलों में शामिल दो महिला नक्सली और एक जन-मिलिशिया कमांडर को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बताया है कि ये गिरफ्तारियां लोकसभा चुनाव से पहले हुई हैं। गढ़चिरोली, विदर्भ क्षेत्र का एक हिस्सा है, जहां चुनाव के शुरूआती दो चरणों में 19 अप्रैल और 26 अप्रैल को 10 सीटों पर मतदान होना है। गढ़चिरोली के पुलिस अधीक्षक के अनुसार, दो महिला नक्सली काजल उर्फ सिंधु गावड़े (28) और गीता उर्फ सुकली कोरचा (31) जिले में सुरक्षा बलों की गतिविधियों पर नजर रख रही हैं। राज्य पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है।

हैदराबाद में अचानक बंदूक चलने से एक पुलिसकर्मी की मौत

हैदराबाद। हैदराबाद में रविवार को 49 वर्षीय पुलिसकर्मी की बंदूक से कथित रूप से अचानक गोली चल गई, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार पुलिसकर्मी हुसैनीआलम थाना क्षेत्र की एक चौकी पर तैनात था और उसकी पहचान तेलंगाना राज्य विशेष पुलिस के सशस्त्र रिजर्व उपनिरीक्षक के रूप में हुई है। मृतक पुलिसकर्मी नगरकुरनूल जिले का रहने वाला था। पुलिस ने बताया कि जब वह अपने बगल में एसएलआर बंदूकों को लेकर सो रहा था, तभी अचानक गोलियां उसके गले में धंस गई। जहां उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन चिकित्सकों ने बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच चल रही है।

करोड़ों नौकरियां देने की गारंटी युवाओं के दिलों में एक बुरे सपने की तरह: खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ा मुद्दा भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) द्वारा थोपी गई बेरोजगारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2 करोड़ नौकरियां देने की गारंटी हमारे युवाओं के दिलों में एक बुरे सपने की तरह गूंजती है।

खरगे ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भारत के प्रमुख संस्थानों -आईआईटी और आईआईएम का अगर मामला लें, तो 12 आईआईटी में हमारे लगभग 30 प्रतिशत छात्रों को नियमित प्लेसमेंट नहीं मिल रहा है। 21 आईआईएम में से केवल 20 प्रतिशत ही अबतक ग्रीष्मकालीन प्लेसमेंट पूरा कर सके हैं। खरगे ने आगे लिखा, "यदि आईआईटी और आईआईएम में यही स्थिति है तो कोई कल्पना कर सकता है कि बीजेपी ने देशभर में हमारे युवाओं का भविष्य कैसे बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार के तहत युवा बेरोजगारी की दर 2014 के बाद से तीन गुना हो गई है।

आईएलओ की हालिया भारत रोजगार रिपोर्ट से पता चला है कि हर साल भारत लगभग 70-80 लाख युवाओं को श्रम बल में जोड़ता है, लेकिन 2012 और 2019 के बीच रोजगार के मामले में लगभग 0.01 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। कांग्रेस नेता ने कहा, 2 करोड़ नौकरियां देने की 'मोदी की गारंटी' हमारे युवाओं के दिल और दिमाग में एक बुरे सपने के रूप में गूंजती है!

उन्होंने कहा, "25 वर्ष से कम उम्र के किसी भी डिप्लोमा या डिग्री धारक को अब रोजगार मांगने का कानूनी अधिकार होगा और उसे प्रति वर्ष कम से कम 1 लाख रुपये का भुगतान किया जाएगा।

सत्य की होगी जीत, कांग्रेस के साथ खड़ी हिमाचल की जनता: प्रियंका

शिमला। हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव एक साथ होने जा रहे हैं। चुनाव होने से पहले कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने हिमाचल सरकार पर विश्वास जताया। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य के लोग पार्टी का समर्थन करेंगे और प्रदेश में सच्चाई की ही जीत होगी। कांग्रेस महासचिव ने विपक्ष पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा पैसे और एजेंसियों का उपयोग करके सत्ता में आना चाहती है। ऐसा करना लोकतंत्र नष्ट करने के सामान है। वहीं कांग्रेस का संकल्प सच्चाई, साहस और धैर्य के साथ लोगों के लिए अथक प्रयास करने का है। प्रियंका गांधी ने एक्स लिखा है कि, 'मैंने हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के सभी नेताओं से मुलाकात की। मुझे उनकी एकता, कड़ी मेहनत, मजबूती से चुनाव लड़ने के साहस और लोगों के प्रति उनके समर्पण पर गर्व है।' कांग्रेस महासचिव ने कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि जनता हमारा समर्थन करेगी और सच्चाई की जीत होगी। बता दें हिमाचल प्रदेश में छह विधानसभा सीटों पर एक जून को उपचुनाव और लोकसभा चुनाव एक साथ होंगे। हिमाचल प्रदेश में हमीरपुर, मंडी, शिमला और कांगड़ा चार लोकसभा सीटें हैं। 2019 में भाजपा ने चारों सीटें जीतकर अपने नाम की थी। लेकिन बाद में पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह ने मौजूदा सांसद राम स्वरूप शर्मा की मृत्यु के बाद 2021 में आवश्यक उपचुनाव में मंडी को भाजपा से छीन लिया। कांग्रेस के मुताबिक प्रियंका गांधी ने हिमाचल प्रदेश में लोगों के जनादेश की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अफसर 22 भाषाओं में गांव-गांव देंगे कानून की जानकारी

नई दिल्ली। ग्रामीण आबादी आज भी कानूनी अधिकारों और समझ से अछूती है। इसे कानूनी समझदार बनाने के लिए केंद्र सरकार ने पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है। इसके पहले चरण में 2.50 लाख ग्राम पंचायतों में हर घर तक कानूनी सलाह, मदद और साक्षरता पहुंचाई जाएगी।

कानून के जानकार 22 भाषाओं में ग्रामीणों को अगले एक साल तक न्याय उपलब्ध कराएंगे। विधिक एवं न्याय मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि पूर्व की सरकारों में निःशुल्क कानूनी सलाह एवं मदद के लिए टेली लॉ एवं अन्य योजनाएं शुरू हुई थीं, लेकिन उनसे ग्रामीण आबादी सक्षम नहीं हो पाई, इसलिए केंद्र सरकार सबको न्याय और हर घर न्याय के नाम से नया प्रोजेक्ट लाई है। देश में 460 न्याय सहायक नियुक्त, इनमें कई वकील इस प्रोजेक्ट के लिए मंत्रालय ने 460 न्याय सहायक नियुक्त किए हैं। ये सभी वकील हैं और इन्हें विशेष यूनिक आईडी दी गई है। इन्हें मानदेय भी मिलेगा। ये लोग हर ग्राम पंचायत में जाकर लोगों की कानूनी मदद करेंगे।

पार्टी को अपेक्षित परिणाम नहीं मिलते हैं, तो पीछे हट जाएं राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रशांत किशोर ने कहा- किसी और को कांग्रेस का नेतृत्व करने दें

राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने सुझाव दिया है कि अगर कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में अपेक्षित परिणाम नहीं मिले तो राहुल गांधी को कदम पीछे खींचने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए अपनी पार्टी चला रहे हैं और पिछले 10 वर्षों में काम करने में असमर्थता के बावजूद वह न तो अलग हट सकते हैं और न ही किसी और को कांग्रेस का नेतृत्व करने दे सकते हैं।

किशोर ने कहा, मेरे अनुसार यह भी अलोकतांत्रिक है। किशोर ने कहा, जब आप पिछले 10 साल से एक ही काम कर रहे हैं और उसमें कोई सफलता नहीं मिली है, तो ब्रेक लेने में कोई बुराई नहीं है... आपको इसे किसी और को पांच साल के लिए करने देना चाहिए।" अपने पति राजीव गांधी की हत्या के बाद राजनीति से दूर रहने और 1991 में पीवी नरसिम्हा राव को कार्यभार संभालने के सोनिया गांधी के फैसले को याद करते हुए उन्होंने कहा, आपकी मां ने भी ऐसा ही किया था। उन्होंने कहा, दुनिया भर में अच्छे नेताओं की एक प्रमुख विशेषता यह है कि वे जानते हैं कि उनके पास क्या कमी है और सक्रिय रूप से उन कमियों को भरने के लिए तत्पर रहते हैं।

किशोर ने कहा, राहुल गांधी को ऐसा लगता है कि वह सब कुछ जानते हैं। अगर आप मदद की जरूरत को नहीं पहचानते तो कोई भी आपकी मदद नहीं कर सकता। उनका मानना है कि उन्हें किसी ऐसे व्यक्ति की जरूरत है जो उन्हें जो सही लगता है उसे क्रियान्वित कर सके। यह संभव नहीं है। 2019 के चुनावों में पार्टी की हार के बाद कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के गांधी के फैसले का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि वायनाड सांसद ने तब लिखा था कि वह पीछे हट जाएंगे और किसी और को काम करने देंगे।

गुलजार लाल चौक ...

श्रीनगर : ईद-उल-फितर त्योहार के नजदीक आते ही कश्मीर घाटी में मुस्लिम समुदाय के लोग खरीदारी में जुट गए हैं। लोगों की भारी भीड़ बाजारों में उमड़ पड़ी है, जिसके चलते वहां नई रौनक लौट आई है। राज्य में ईद मनाई जानी है और इसको लेकर घाटी के लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। सभी बाजार सजे हुए हैं और बड़ी संख्या में लोग खरीदारी में जुटे हुए हैं। रविवार को घंटा घर लाल चौक बाजार गुलजार रहा, खरीदारी के लिए भारी उमड़ी। ● एजेंसी

सिगरेट जलाने के लिए माचिस नहीं देने पर की युवक की हत्या

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली के तिमारपुर इलाके में एक शख्स की हत्या का चौंकाने वाला मामला सामने आया। पुलिस के मुताबिक, सिगरेट जलाने के लिए माचिस नहीं देने पर दो किशोरों ने युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी किशोरों को पकड़ लिया गया है। शनिवार को तिमारपुर पुलिस थाना में चाकूबाजी की घटना की जानकारी मिली थी। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) एम. के. मीणा ने बताया कि मौके एक ऑटोरिक्शा के अंदर और उसके आसपास खून फैला हुआ है। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एमके मीणा ने बताया कि दो किशोरों की पहचान की गई जिन्हें रविवार को पकड़ लिया गया। उन्होंने बताया कि हत्या में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया गया है। डीसीपी ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

सुविधा पोर्टल आयोग ने पार्टियों और उम्मीदवारों को समान अवसर के लिए 44 हजार से अधिक अनुरोधों को दी मंजूरी

प्रचार गतिविधियों के लिए मिले 73 हजार आवेदन

नई दिल्ली, एजेंसी

चुनाव आयोग ने रविवार को कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से उसके सुविधा पोर्टल पर विभिन्न प्रचार गतिविधियों के लिए अनुमति के लिए 73 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए।

आयोग ने कहा कि पार्टियों और उम्मीदवारों द्वारा जमा किए गए आवेदनों में रैली मैदान बुक करने, अस्थाई पार्टी कार्यालय खोलने और वीडियो प्रचार वैन संचालित करने के अनुरोध शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि पार्टियों और उम्मीदवारों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए 44,600 से अधिक अनुरोधों को मंजूरी दे दी गई है। आयोग द्वारा जारी आंकड़ों से पता चलता है कि प्राप्त कुल अनुरोधों में से लगभग 11,200 या 15 फीसदी को अस्वीकार कर दिया गया। 10,819 आवेदन रद्द कर दिए गए थे। सबसे जयादा अनुरोध तमिलनाडु से प्राप्त हुए। इसके बाद बंगाल का स्थान रहा।

सुविधा पोर्टल ने उम्मीदवारों और पार्टियों द्वारा अनुमतियां और सुविधाएं प्राप्त करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर दिया है। सुविधा पोर्टल ने उम्मीदवारों और पार्टियों द्वारा अनुमति और सुविधाएं प्राप्त करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया है। इसके जरिए रैलियों के आयोजन, हेलीकॉप्टर, वाहन परमिट और पर्चे वितरित करने की अनुमति ली जा सकती है।

दलों ने ऑनलाइन एड में 1.38 करोड़ खर्च किए

निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की तारीखों की घोषणा के पहले सप्ताह (17 से 23 मार्च) में फेसबुक और इंस्टाग्राम पेज पर विभिन्न दलों ने 1.38 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 32 लाख रुपए भाजपा ने खर्च किए। 14 लाख रुपए विज्ञापन के साथ तृणमूल कांग्रेस दूसरे नंबर पर रही।

कांग्रेस ने 5 लाख रु के विज्ञापन दिए। शीर्ष 20 फेसबुक व मेटा विज्ञापनदाताओं के पेज का विश्लेषण करने पर यह बात सामने आई है। शीर्ष 20 में से 7 पेज भाजपा समिर्थत है। भाजपा समर्थित पेज पर 85 लाख का एड भाजपा समर्थित पेज राजनीतिक विज्ञापन देने में सबसे आगे हैं। पार्टी को प्रमोट करने वाले पेज ने 85 लाख रुपए के विज्ञापन दिए। सबसे ज्यादा मीम एक्सप्रेस ने 28.1 लाख, मुद्दे की बात ने 20.2 लाख और सीधा चश्मा ने 9.5 लाख के विज्ञापन दिए। फरवरी 2019 से फरवरी 2023 के बीच, भाजपा ने फेसबुक विज्ञापनों पर 33 करोड़ रुपए खर्च किए। यह उस पूरे पैसे का लगभग 10 प्रतिशत है जो सभी विज्ञापनदाताओं ने भारत में फेसबुक विज्ञापन पर खर्च किया है। वहीं कांग्रेस ने 10.58 करोड़, तृणमूल कांग्रेस ने 8.04 करोड़ और डीएमके ने 4.31 करोड़ खर्च किए। भाजपा आधिकारिक पेज ने सबसे अधिक 10.27 करोड़ रुपए खर्च किए।

प्रथम त्रि-सेवा सम्मेलन का उद्देश्य एकीकरण, पहल और सुधार लाना

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान आज करेंगे परिवर्तन चिंतन सम्मेलन की अध्यक्षता

भारतीय सेना के तीनों अंगों के बीच संयुक्तता और एकीकरण प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए, पहल और सुधार लाने के उद्देश्य से पहला त्रि-सेवा सम्मेलन सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने रविवार को बताया कि 'परिवर्तन चिंतन' नाम से आयोजित होने वाले इस एक दिवसीय सम्मेलन की अध्यक्षता प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि आठ अप्रैल 2024 को आयोजित होने वाला 'परिवर्तन चिंतन' एक अग्रणी त्रि-सेवा सम्मेलन है, जिसका उद्देश्य संयुक्तता एवं एकीकरण के प्रयासों को आगे बढ़ाने के वास्ते नवीन एवं अद्यतन विचार, पहल व सुधार को सृजित करना है। बयान में कहा गया कि भारतीय सशस्त्र बलों ने भविष्य के युद्धों के लिए तैयार रहने के अपने प्रयासों के क्रम में एक बड़े परिवर्तनकारी बदलाव की शुरुआत की है। संयुक्तता एवं एकीकरण को बढ़ावा देने के लिये पहल की जा रही है और त्रि-सेवा बहुआयामी (मल्टी डोमेन) संचालन को संभव बनाने के लिए संरचनाओं को संशोधित किया जा रहा है। बयान में कहा गया कि यह चिंतन सभी त्रि-सेवा संस्थानों, सैन्य कार्य विभाग, मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ और तीनों सेवाओं के प्रमुखों का पहला सम्मेलन होगा, जिसमें विभिन्न सेवा वर्ग के अधिकारी अपनी विविधतापूर्ण समझ तथा अनुभव के आधार पर वांछित 'संयुक्तता एवं एकीकरण' के अंतिम लक्ष्य को तेजी से हासिल करने के उपायों के बारे में सुझाव देंगे।

इंडोनेशिया के पापुआ में मारे गए दो विद्रोही

जयापुरा। इंडोनेशिया के अशांत पापुआ क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी सोने की खदानों में से एक के निकट सुरक्षा बलों और विद्रोही समूह के बीच गोलीबारी में दो अलगाववादी मारे गए।

पुलिस ने रविवार को यह बताया कि मध्य पापुआ प्रांत के खनन शहर तेम्बागापुरा के निकट विगत गुरुवार को फ्री पापुआ मूवमेंट से जुड़े विद्रोहियों और पुलिस एवं सैन्य बलों के बीच हुई झड़प में समूह के दो क्षेत्रीय कमांडर अबुबकर कोगोया और डेमियानस मागे मारे गए। पुलिस ने बताया कि ये दोनों समूह की सैन्य शाखा, वेस्ट पापुआ लिबरेशन आर्मी से जुड़े हुए थे। संयुक्त सुरक्षा बल के प्रमुख फैजल रमादानी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने दोनों कमांडर के पास से उनके पहचान पत्र बरामद किए। उन्होंने कहा कि गोलीबारी में कई अन्य विद्रोही घायल हो गए। उन्होंने बताया कि हालांकि घायल विद्रोही जंगल में भागने में सफल रहे। समूह के प्रवक्ता से अभी इस संबंध में प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है।

बेहतर अर्थव्यवस्था को डिजिटलीकरण अहम : डेनिस

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- यूएनजीए अध्यक्ष ने भारत में डिजिटलीकरण और बुनियादी ढांचे में निवेश की सराहना की

संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने भारत के डिजिटलीकरण कार्यक्रम की सराहना की है, जिससे वित्तीय समावेशन और गरीबी कम करने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि इससे देश को तुलनात्मक लाभ मिला है और इसके सबक को वैश्विक समुदाय के साथ साझा किया जा सकता है। भारत में तकनीक और निवेश देखकर मैंहैरान हूं।

संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 78वें सत्र के अध्यक्ष फ्रांसिस ने यहां एक विशेष साक्षात्कार में बताया कि सबसे पहले मैं यह कहना चाहता हूं कि जब से मैं भारत से लौटा हूं, उसके बाद जब भी मैं भारत के बारे में सोचता हूं, मुझे अतुल्य भारत याद आता है। मैं पूरी गंभीरता से कहा रहा हूं...और जब मैं वहां था, तब मैंने इसे महसूस किया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मैं जिस विशिष्ट उदाहरण का उल्लेख कर सकता हूं, वह है भारत में डिजिटलीकरण का उपयोग। उन्होंने देश के पर्यटन वाक्य अतुल्य भारत का जिक्र किया। फ्रांसिस इस साल 22-26 जनवरी तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर थे। इस दौरान उन्होंने नई दिल्ली में विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बैठक की और जयपुर तथा मुंबई की यात्रा भी की।

उन्होंने गरीबी को कम करने तथा सिर्फ एक हैंडसेट और डिजिटलीकरण मॉडल के उपयोग से लाखों लोगों को औपचारिक आर्थिक प्रणाली में लाने के लिए भारत के डिजिटलीकरण कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा किया कि डिजिटलीकरण महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह लागत को कम करता है, अर्थव्यवस्थाओं को अधिक कुशल बनाता है और सेवाओं को सस्ता बनाता है। फ्रांसिस ने कहा कि इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने में मदद मिल रही है। इस क्षेत्र में भारत को स्पष्ट रूप से तुलनात्मक लाभ है और इसमें ऐसे सबक हैं जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के साथ साझा किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी भारत यात्रा के दौरान वह देश भर में बुनियादी ढांचे के विकास में किए जा रहे निवेश के स्तर से प्रभावित हुए।

एक नजर

लद्दाख में बर्फबारी के बीच फंसे 80 लोगों को सेना ने बचाया

लेह। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में लेह और श्योक नदी घाटी के बीच 17,688 फुट ऊंचे चांग ला दर्रे में बर्फबारी के बीच फंसे कम से कम 80 लोगों को बचा लिया गया है, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। भारतीय सेना की लेह स्थित फायर एंड फ्यूरी (14वीं) कोर ने कहा कि आधी रात को चलाए गए इस बचाव अभियान को त्रिशूल प्रभाग के सैनिकों ने अंजाम दिया। सेना की फायर एंड फ्यूरी (14वीं) कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि त्रिशूल प्रभाग के सैनिकों ने चांग ला के ऊंचे बर्फीले स्थानों पर यातायात अवरोध को दूर करने के लिए आपातकालीन स्थिति में तुरंत कार्रवाई की और रात में दो घंटे तक लगातार काम किया तथा बर्फबारी के बीच फंसी महिलाओं और बच्चों सहित लगभग 80 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया। सेना ने इस बचाव अभियान की कुछ तस्वीरें और एक वीडियो भी साझा की है।

चीन के दक्षिणी गुआंग्डोंग में आई बाढ़, 800 लोगों को सुरक्षित निकाला

बीजिंग। चीन के दक्षिणी गुआंग्डोंग प्रांत के किंगयुआन जिले के यिंगदे काउंटी में बाढ़ के कारण खतरे में फंसे 832 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। सरकारी चाइना सेंट्रल टेलीविजन ब्रॉडकास्टर ने रविवार को यह जानकारी दी। ब्रॉडकास्टर ने बताया कि आज सुबह तक यिंगडे स्टेशन पर पानी का स्तर 30.07 मीटर (98.6 फुट) तक पहुंच गया और खतरे के गंभीर निशान को पार कर गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि जलाशयों के किनारे स्थित घरों और व्यावसायिक इमारतों में पानी भर गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अधिकारियों ने हालांकि संबंधित निकायों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्कूलों और उद्यमों के संचालन को निलंबित करने का निर्देश नहीं दिया है।

रूस सरकार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संघीय आपात स्थिति घोषित की

मॉस्को। रूस सरकार ने ओरेनबर्ग क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों में रविवार को संघीय आपात स्थिति घोषित कर दी। सरकारी मीडिया ने यह खबर दी है। स्थानीय सरकार के अनुसार, उराल नदी का जलस्तर बढ़ने से आई बाढ़ के चलते 885 बच्चों समेत चार हजार से अधिक लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। सरकारी समाचार एजेंसी 'तास' ने बताया कि दो हजार और घरों में पानी घुस गया है, जिसके साथ ही क्षेत्र में ऐसे घरों की संख्या बढ़कर करीब 6,300 हो गई है। रूस के आपात स्थिति मंत्री एलेक्जेंडर कुरेनकोव बचाव अभियान की निगरानी करने के लिए रविवार को बुरी तरह प्रभावित शहरों में से एक ओर्स्क पहुंचे। आरआईए नोवोस्ती के अनुसार मंत्री ने कहा, मैं ओरेनबर्ग क्षेत्र के हालात को आपात स्थिति के रूप में वर्गीकृत करने और एक संघीय स्तरीय प्रतिक्रिया का प्रस्ताव रखता हूं।

चीन के शिनजियांग में 5.4 तीव्रता से आए भूकंप के झटके

बीजिंग। उत्तर पश्चिमी चीन के शिनजियांग उइगुर स्वायत्त क्षेत्र के बाइचेंग काउंटी में रविवार को मध्यम दर्जे के भूकंप के झटके महसूस किए गए। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) के अनुसार (बीजिंग समयानुसार) रविवार शाम 4:46 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.4 आंकी गई। सीईएनसी द्वारा जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भूकंप का केंद्र 41.94 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 82.14 डिग्री पूर्वी देशांतर पर जमीन से 17 किमी की गहराई में स्थित था। भूकंप से जानमाल के नुकसान की फिलहाल कोई सूचना नहीं है।

रिहाई वार्ता से पूर्व गाजा से मिला किसान का शव, नेतन्याहू बोले- हम नहीं झुकेंगे

जब तक इजराइली बंधक रिहा नहीं होते तब तक युद्धविराम पर सहमति नहीं

काहिरा, एजेंसी

इजराइल की सेना ने शनिवार को कहा कि उसने गाजा में बंधक बनाए गए 47 वर्षीय किसान का शव बरामद किया है। हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजराइल के किसी नागरिक का शव ऐसे वक्त में बरामद किया गया है जब वार्ताकार इजराइल और हमास के बीच छह माह से जारी युद्ध को रोकने तथा शेष बंधकों को रिहा कराने के लिए रविवार देर शाम दूसरे दौर की बातचीत की तैयारी कर रहे हैं। वहीं, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसको लेकर मांग की है कि वह युद्धविराम पर तब तक सहमत नहीं होंगे जब तक गाजा में इजरायली बंधकों को रिहा नहीं कर दिया जाता।

इजराइल की सेना ने कहा कि उसे एलाद कात्जिर का शव मिला है और माना जाता है कि उसकी हत्या जनवरी में 'इस्लामी जिहाद' के चरमपंथियों ने की थी। हमास ने सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल में घुस गए थे और उनके हमले में 1,200 से अधिक लोग मारे गए थे। हमास ने इस हमले के बाद इजराइल के कम से कम 250 लोगों को बंधक बना लिया था। किसान कात्जिर को सीमावर्ती नीर ओज से अगवा किया गया था। इस शव के मिलने से इजराइल की सरकार पर बंधकों को मुक्त कराने के लिए समझौता करने का दबाव बढ़ गया है। हजारों लोग तेल अवीव में एकत्र हुए और उन्होंने बंधकों को रिहा कराने के लिए शीघ्र कोई समझौता करने और ध्यावधि चुनाव कराने की मांग की। अब तक कम से कम 36 बंधकों के मारे जाने की पुष्टि हो चुकी है, जबकि बंधक बनाए गए कुल लोगों में से आधों को रिहा कर दिया गया है।

कात्जिर की बहन कार्मित ने एक बयान में कहा कि अगर वक्त पर कोई समझौता हो जाता तो उन्हें बचाया जा सकता था। हमारा नेतृत्व कायर है और राजनीतिक विचारों से प्रेरित है, इसीलिए कोई समझौता नहीं हुआ।

हमास आतंकवादी समूह द्वारा गाजा पट्टी में बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई के लिए सड़कों पर आए लोग। प्रधानमंत्री नेतन्याहू सरकार के खिलाफ भी किया विरोध प्रदर्शन। ● एजेंसी

कुछ फिलिस्तीनियों को गाजा जाने दे इजराइल : अमेरिका

वाशिंगटन। दक्षिणी गाजा शहर राफा में आगामी इजरायली सैन्य अभियान की चिंताओं के बीच, बिडेन प्रशासन कुछ विस्थापित गाजा नागरिकों को एन्क्लेव के उत्तरी हिस्से में लौटने की अनुमति देने के लिए इजरायल पर दबाव बना रहा है। शनिवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ हाल ही में आधे घंटे की बातचीत में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने इस मुद्दे पर काम करने की मांग की। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति ने इजरायली नेता से एन्क्लेव में तत्काल युद्धविराम के लिए सहमति व्यक्त करने के साथ-साथ वार्ता करने वाली टीमों को इस मामले पर एक समझौते तक पहुंचने की अनुमति देने का भी आह्वान किया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने गाजा में नागरिकों के खतरे को समाप्त करने और सहायता कर्मियों की सुरक्षा के जोखिमों को कम करने के लिए तत्काल कदम उठाने पर भी बल दिया।

इजराइल और हमास के संघर्ष को रोका जाए : सुनक

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने गाजा में जारी इजराइल-हमास संघर्ष को मासूम बच्चों की खातिर मानवीय आधार पर रोके जाने के आह्वान को दोहराया। ब्रिटेन ने रविवार को गाजा के लिए समुद्री सहायता गलियारा स्थापित करने के लिए सैन्य और नागरिक सहायता के एक नए पैकेज की घोषणा की। विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय ने पूर्वी भूमध्य सागर में एक शाही नौसेना के पोत की तैनाती की घोषणा की और जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाई जाने वाली सहायता को बढ़ाने के मकसद से 97 लाख पाउंड देने की प्रतिबद्धता जताई। ब्रिटिश प्रधानमंत्री सुनक ने कहा कि आज सात अक्टूबर के आतंकवादी हमले के छह महीने पूरे हो गए हैं जो इजराइल के इतिहास में सबसे भयावह हमला था और द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यहूदियों की सबसे बड़ी जनहानि थी।

आतंकी हमले में छह सुरक्षाकर्मी समेत 12 आतंकवादी मारे गए

क्वेटा, एजेंसी

- पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में आतंकवादी और सुरक्षा बलों में संघर्ष

पाकिस्तान के अशांत क्षेत्र खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत में पिछले दो दिन में हुई आतंकवादी घटनाओं और सुरक्षा अभियानों में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सहित छह सुरक्षाकर्मी और 12 आतंकवादी मारे गए हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

पाकिस्तान सशस्त्र बलों की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कि बलूचिस्तान प्रांत में दो घटनाओं में चार आतंकवादी मारे गए हैं। आईएसपीआर ने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में स्थित डेरा इस्माइल खान जिले में कुलाची तहसील के कोट सुल्तान इलाके में सुरक्षाबलों द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान आठ आंतकवादी मारे गए। उसने कहा कि सुरक्षाबलों ने मारे गए आतंकवादियों के पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि खैबर पख्तूनख्वा के लक्की मारवात में शुक्रवार की रात दो हमलों में एक पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) और दो पुलिसकर्मी मारे गए जबकि एक कांस्टेबल घायल हो गया।

अधिकारियों ने कहा कि डीएसपी ने ईद-उल-फितर के त्योहार से पहले सुरक्षा-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने के लिए अन्य पुलिसकर्मियों के साथ पेशावर-कराची राजमार्ग पर एक अस्थायी चौकी स्थापित की थी। सूत्रों के अनुसार जब वे चौकी से वापस लौट रहे थे तो मंजीवाला चौक के निकट आतंकवादियों ने पुलिस के वाहन पर गोलीबारी की, जिसमें डीएसपी और कांस्टेबल नसीम गुल की मौत हो गई। समाचार पत्र 'डॉन' के मुताबिक, शुक्रवार की रात सरा दरगा इलाके में एक और हमला हुआ, जिसमें अज्ञात हमलावरों ने कांस्टेबल सनामत खान पर गोलीबारी की, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शनिवार को बाजौर जिले की मामुंड तहसील में विस्फोट होने से एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। वहीं, शनिवार रात टैंक जिले में मियां लाल पुलिस चौकी के निकट अज्ञात लोगों ने एक हेड कांस्टेबल की हत्या कर दी। इस बीच प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने लक्की मारवत में पुलिसकर्मियों पर हुए हमले की कड़ी निंदा की।

सैन्य प्रतिष्ठान के संपर्क में हैं हमारे कुछ नेता : इमरान खान

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि उनकी पार्टी के कुछ नेता शक्तिशाली सैन्य प्रतिष्ठान के संपर्क में हैं। उन्होंने अपनी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पर कार्रवाई के बीच किसी से भी वार्ता करने की इच्छा व्यक्त की है।

'डॉन' अखबार की खबर के अनुसार, खान ने यह टिप्पणी शनिवार को अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान की। खान ने कहा कि वह देश के लिए किसी से भी बातचीत करने को तैयार हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक इमरान ने कहा कि यदि वह सेना के पूर्व प्रमुख कमर जावेद बाजवा के साथ बातचीत कर सकते हैं, तो वह देश के किसी भी व्यक्ति से मुलाकात कर सकते हैं। खान ने बाजवा पर अप्रैल 2022 में उनकी सरकार को गिराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आरोप लगाया था। खान ने कहा कि उनकी पार्टी के कुछ नेता बातचीत के लिए अभी भी (सैन्य) प्रतिष्ठान के संपर्क में हैं।

ग्रीस के जंगल में 2024 में लगी पहली बड़ी आग, तीन घायल

एथेंस। दक्षिणी ग्रीस के क्रेते द्वीप के जंगलों में इस वर्ष लगी पहली बड़ी आग में तीन लोग घायल हो गए। यह जानकारी अग्निशामक अधिकारियों ने दी। आग द्वीप के दक्षिणपूर्वी हिस्से में इरापेट्रा सिटी के बाहरी क्षेत्र के एक जंगली इलाके में लगी।

सूत्रों के अनुसार, आग की लपटों पर काबू पाने के लिए 169 अग्निशामकों को तैनात किया गया। इसके लिए पानी की बौछार करने वाले चार हेलीकॉप्टरों का भी उपयोग किया गया। एक बुजुर्ग व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती किया गया, जबकि पास की बस्ती में रहने वाली एक महिला और एक दमकलकर्मी मामूली रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने एहतियात के तौर पर आपातकालीन अलर्ट जारी कर चार गांवों के लगभग 300 निवासियों को अपने घरों को खाली करने के लिए कहा। जलवायु संकट एवं नागरिक सुरक्षा मंत्रालय के अनुसार, शनिवार को पूरे देश में कुल 71 जंगल में आग लगी। उच्च तापमान, जलवायु परिवर्तन से जुड़ी हीटवेव और आगजनी के कारण ग्रीस में प्रत्येक वर्ष गर्मियों में कई जंगलों में आग लग जाती है।

हैं तैयार हम...

भारतीय वायु सेना सरहद पर बखूबी अपना कर्तव्य निभाती है साथ ही देश में आपात स्थिति आने पर सेना किस तरह सुरक्षा कर सकती है इसके लिए सेना को रिर्हसल की जरूरत पड़ती ही है। जिसके चलते रविवार को भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमान सुखोई 30 एमकेआई को लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर उन्नाव में उतारा गया। ● एजेंसी

तकनीक से बदलाव | भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र बोले- मौसम के पूर्वानुमान को बेहतर बनाने के लिए एआई का उपयोग कर रहा है आईएमडी

अगले पांच वर्षों में एआई बदलेगा मौसम पूर्वानुमान की कहानी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि भारत के मौसम वैज्ञानिकों ने मौसम पूर्वानुमान को और अधिक सटीक बनाने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) एवं 'मशीन लर्निंग' का इस्तेमाल शुरू कर दिया है।

यहां बातचीत में महापात्र ने कहा कि अगले कुछ वर्षों में उभरती प्रौद्योगिकियां संख्यात्मक मौसम पूर्वानुमान मॉडल की भी पूरक होंगी, जिनका फिलहाल मौसम का पूर्वानुमान जताने के लिए व्यापक तौर पर इस्तेमाल किया जाता है।

उन्होंने कहा कि मौसम विभाग पंचायत स्तर या 10 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में मौसम का पूर्वानुमान लगाने के लिए अवलोकन प्रणाली बढ़ा रहा है। महापात्र ने कहा कि आईएमडी ने 39 डॉपलर मौसम रडार का एक नेटवर्क तैनात किया है, जो देश के 85 प्रतिशत भू-भाग को कवर करता है और प्रमुख शहरों के लिए प्रति घंटे का पूर्वानुमान बताता है। आईएमडी प्रमुख ने कहा कि हमने कृत्रिम मेधा का उपयोग सीमित तरीके से करना शुरू कर दिया है, लेकिन अगले पांच वर्षों के भीतर एआई हमारे मॉडल और तकनीकों में काफी सुधार करेगा।

महापात्र ने कहा कि आईएमडी ने 1901 से देश के मौसम रिकॉर्ड को डिजिटल कर दिया है और इसके जरिए विश्लेषण कर मौसम के मिजाज के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए कृत्रिम मेधा का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा मॉडल डेटा विज्ञान मॉडल है जो मौसम संबंधित घटना की भौतिकी में नहीं जाते हैं, बल्कि जानकारी उपलब्ध कराने के लिए पिछले डेटा का उपयोग करते हैं, जिसका इस्तेमाल बेहतर पूर्वानुमान लगाने के लिए किया जा सकता है। महापात्र ने कहा कि कृत्रिम मेधा का उपयोग करने के लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और आईएमडी में विशेषज्ञ समूह गठित किए गए हैं। आईएमडी प्रमुख के मुताबिक, पूर्वानुमान की सटीकता में सुधार के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और संख्यात्मक पूर्वानुमान मॉडल दोनों एक दूसरे के पूरक होंगे और दोनों साथ मिलकर काम करेंगे और कोई भी दूसरे की जगह नहीं ले सकता। स्थानीय स्तर पर मौसम का पूर्वानुमान उपलब्ध कराने की जरूरत पर महापात्र ने विशिष्ट खतरों के लिए ग्राम-स्तरीय पूर्वानुमान देने में आईएमडी की चुनौतियों को स्वीकार किया।

उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य पंचायत या ग्रामीण स्तर पर पूर्वानुमान प्रदान करना है... कृषि, स्वास्थ्य, शहरी नियोजन, जल विज्ञान और पर्यावरण में क्षेत्र-विशिष्ट आवश्यकताओं के लिए मौसम की जानकारी उपलब्ध कराना है। आईएमडी प्रमुख ने आसानी से सूचना उपलब्ध होने वाले युग में डेटा के आधार पर निर्णय लेने के महत्व पर जोर दिया। महापात्र ने कहा कि एआई और 'मशीन लर्निंग' को शामिल करने से हम मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए पिछले डेटा का उपयोग कर पाते हैं और पारंपरिक भौतिकी-आधारित मॉडलों पर निर्भर रहे बिना पूर्वानुमान सटीकता में सुधार कर पाते हैं।

समुदायों को प्रभावित कर रहा है बदलता मौसम

मशीन लर्निंग (एमएल) एआई और कंप्यूटर विज्ञान की एक शाखा है, जो डेटा के उपयोग पर केंद्रित है। मौसम के पूर्वानुमान पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के बारे में आईएमडी प्रमुख ने भीषण गर्मी की वजह से मध्य स्तर पर संवहनी बादलों के छाने जैसी मौसम संबंधी घटनाओं का उल्लेख किया, जो स्थानीय समुदायों को प्रभावित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इससे निपटने के लिए आईएमडी ने डॉपलर मौसम रडार तैनात किए हैं, जो देश के 85 प्रतिशत हिस्से को कवर करते हैं। महापात्र ने कहा कि 350 मीटर प्रति पिक्सेल के रिजॉल्यूशन वाला यह उन्नत रडार डेटा संवहनी बादलों का पता लगाने में सक्षम है जिससे भारी वर्षा और चक्रवात जैसी चरम घटनाओं को लेकर पूर्वानुमान की सटीकता काफी बढ़ जाती है।

अग्निबाण उप-कक्षीय रॉकेट का प्रक्षेपण तीसरी बार रोका

नई दिल्ली, एजेंसी

चेन्नई स्थित अंतरिक्ष स्टार्ट-अप अग्निकुल कॉसमॉस ने रविवार को कुछ तकनीकी वजहों का हवाला देते हुए उड़ान भरने से लगभग 92 सेकंड पहले अपने अग्निबाण उप-कक्षीय रॉकेट के प्रक्षेपण को रोक दिया। इस रॉकेट को पहली उड़ान भरनी थी।

मार्च 2022 के बाद से यह रविवार को अग्निबाण 'सब-ऑर्बिटल टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर' की परीक्षण उड़ान का तीसरा प्रयास था। इस रॉकेट की परीक्षण उड़ान पहली बार श्रीहरिकोटा में इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में 'अग्निकुल लॉन्च पैड' पर आयोजित होने वाली थी। शनिवार सुबह 7:45 बजे परीक्षण उड़ान का दूसरा प्रयास भी सफल नहीं हो सका। अग्निकुल ने कहा कि अग्निबाण रॉकेट को रविवार सुबह 5:30 बजे प्रक्षेपित किया जाना था, लेकिन इसे साढ़े सात बजे तक के लिए टाल दिया गया। इसने कहा कि बाद में निर्धारित समय से 92 सेकंड पहले रॉकेट की प्रक्षेपण उड़ान रोक दी गई। कंपनी के अनुसार, अग्निबाण दो चरणों वाला एक प्रक्षेपण यान है जो 300 किलोग्राम तक का पेलोड कक्षा में लगभग 700 किमी तक ले जा सकता है।